✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 289 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 19 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



जमुई में 914 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करते सीएम नीतीश कुमार

# भारतीय रेल आम आदमी एवं मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं की आधुनिक, सुरक्षित और सुगम सवारी : अश्विनी वैष्णव

**सरकार किफायती दरों पर यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाकर गरीब से गरीब व्यक्ति की सेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध**

**स्टेशन पर बेहतर सुविधाएं और तकनीक-आधारित रखरखाव पद्धतियां भारत में यात्रा के अनुभव को दे रही नया आयाम**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे वर्तमान में अभूतपूर्व विस्तार और आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है। इसे केंद्रीय बजट 2026-27 में 2.78 लाख करोड़ के रिकॉर्ड बजटीय आवंटन से सशक्त बनाया गया है। रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों (2026-27) पर संसद में हुई चर्चा का जवाब देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेखांकित किया कि रेलवे में एक प्रमुख संरचनात्मक सुधार रेल बजट का आम बजट में विलय था, जिसके परिणामस्वरूप तीन प्रमुख लाभ हुए हैं। उन्होंने भारतीय रेल के वर्तमान रूपांतरण को 'धीमी प्रगति' से 'सुपर-फास्ट ट्रांसफॉर्मेशन' की ओर एक बड़े बदलाव के रूप में वर्णित किया, जो इस राष्ट्रीय परिवहन सेवा के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। सबसे पहले, इसने बजटीय सहायता में व्यापक वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया है, जो पहले के लगभग 25-30 हजार करोड़ से बढ़कर वर्तमान वित्तीय वर्ष में लगभग 2.78 लाख करोड़ हो गई है। दूसरा, इसने वर्ष भर निरंतर निर्णय लेने और आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुगम बनाया है, जिसमें परियोजनाओं की मंजूरी, नई सेवाओं की शुरुआत और आधुनिक तकनीक को अपनाना शामिल है। तीसरा, इससे प्रणाली में बेहतर पारदर्शिता और संस्थागत निगरानी आई है, जहां अब परियोजनाओं की समीक्षा वित्त मंत्रालय और नीति आयोग से जुड़ी प्रणालियों के माध्यम से की जा रही है।

### केंद्रीय बजट 2026-27 में भारतीय रेलवे के लिए रिकॉर्ड आवंटन

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में भारतीय रेलवे के लिए रिकॉर्ड आवंटन किया गया है जो देश भर के सभी राज्यों को लाभान्वित कर रहा है और बुनियादी ढांचे के त्वरित विकास को गति दे रहा है। श्री वैष्णव ने स्पष्ट किया कि रेलवे के प्रमुख व्यय मदों में लगभग 1.19 लाख करोड़ का कार्मिक व्यय, करीब 64,000 करोड़ का पेंशन व्यय, लगभग 32,000 करोड़ की ऊर्जा लागत और लगभग 23,000 करोड़ की वित्त लागत शामिल है।



### इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार और क्षमता में वृद्धि

श्री वैष्णव ने पिछले एक दशक में रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए महत्वपूर्ण विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि माल ढुलाई 2013-14 के लगभग 1,055 मिलियन टन से बढ़कर अब लगभग 1,650 मिलियन टन हो गई है, जिससे भारतीय रेलवे वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा माल वाहक बन गया है। रेलवे ट्रैक निर्माण की गति में व्यापक तेजी आई है जिसके तहत लगभग 35,000 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गई हैं जबकि इससे पिछली अवधि में यह आंकड़ा लगभग 15,000 किलोमीटर था। विद्युतीकरण के क्षेत्र में भी तीव्र प्रगति देखी गई है जो लगभग 5,200 किलोमीटर से बढ़कर करीब 47,000 किलोमीटर तक पहुंच गई है। इसके साथ ही भारतीय रेलवे ने 99 प्रतिशत से अधिक नेटवर्क विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

### टनल, माल ढुलाई गलियारे और रणनीतिक संपर्क

श्री वैष्णव ने रेखांकित किया कि टनल निर्माण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि जहां 2014 तक लगभग 125 किलोमीटर टनल का निर्माण किया गया था, वहीं उसके बाद 486 किलोमीटर अतिरिक्त टनल बनाई गई हैं। इससे पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर जैसे कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में संपर्क में व्यापक सुधार हुआ है।

### परिचालन दक्षता और रेल नेटवर्क में वृद्धि

श्री वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 25,571 ट्रेनों का संचालन करती है जिससे होली, दिवाली और छठ जैसे त्योहारों के दौरान यात्रियों की यात्रा अधिक सुगम और सुविधाजनक सुनिश्चित होती है। कुल रेल नेटवर्क विस्तार बढ़कर लगभग 1,37,522 रूट किलोमीटर तक पहुंच गया है, जिसमें निरंतर वार्षिक वृद्धि देखी जा रही है। इसके (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### युवा रालोमो प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने आलोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बुधवार को वैशाली के आलोक कुमार कुशवाहा को प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। इस मौके पर पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत कुमार पंकज, सुभाष चंद्रवंशी, प्रदेश प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल, अंगद कुशवाहा, अशोक राम, मोहन यादव, सिम्मी कुमारी और सुशील सिंह आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने रोजेदारों का किया स्वागत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में पवित्र रमजान के अवसर पर रोजेदारों को दावत-ए-इफ्तार पर आमंत्रित किया। बड़ी संख्या में रोजेदारों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इफ्तार के पहले मित्तन घाट के सज्जादानशीं हजरत सैयद शाह शमीमउद्दीन अहमद मुनअ मी ने रमजान एवं रोजे की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला और सामूहिक दुआ की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित आमंत्रित अतिथियों ने सामूहिक दुआ में शामिल होकर राज्य की तरक्की, प्रगति, आपसी भाईचारे एवं मोहब्बत के लिए खुदा-ए-ताला से दुआएं कीं। मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से तमाम आगत अतिथियों एवं रोजेदारों का स्वागत किया।

### तीन अंचल अधिकारियों को किया निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने तीन अंचलाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हड़ताल पर रहने और सरकार के खिलाफ प्रचार-प्रसार करने के आरोप में पटना के पूर्व सीओ जितेंद्र कुमार पांडेय, पटना सदर के अंचलाधिकारी रजनीकांत और पूर्वी चंपारण के घोड़ासन के सीओ आनंद कुमार पर कार्रवाई की गयी है। इन तीनों को निलंबित किया गया है। मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि हड़ताल और सरकारी आदेशों के खिलाफ प्रचार-प्रसार करना निंदनीय है।

### युवक की पीट-पीटकर हत्या

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कुदरा थाना क्षेत्र के पुसौली स्टेशन रोड में अपराधियों ने एक युवक को घर से बुला पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान पुसौली निवासी रामनिवास गुप्ता के पुत्र राजा कुमार गुप्ता के रूप में हुई। मोहनिया डीएसपी प्रदीप कुमार ने कहा कि मामले में मुख्य अभियुक्त अभिषेक सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**अरवल(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के प्रसादी इंग्लिश के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा हुआ, जहां तेज रफ्तार हाईवा ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान पटना जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है।

**समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने नवादा को दी 299 करोड़ की योजनाओं की सौगात**

# विकास योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : नीतीश

डॉ.पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में नवादा पहुंचे। यहां उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा करने के साथ 299 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने 55 करोड़ रुपये की लागत से 37 योजनाओं का उद्घाटन तथा 244 करोड़ रुपये की लागत से 21 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों को समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने जिले के आईटीआई मैदान में विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के अंतर्गत घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिन योजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है, उनका क्रियान्वयन समयबद्ध और प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखते हुए जनता तक योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनहित में लगातार काम कर रही है और लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने रोजगार और उद्योग को लेकर भी सरकार की प्राथमिकताओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए उद्योगों को (शेष पृष्ठ 11 पर)



# लखीसराय-नवगछिया के एसपी समेत सात पुलिस अधिकारियों का तबादला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा पर हैं। राज्य में विधि व्यवस्था को बेहतर बनाने की बात कहते आ रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को गृह विभाग की आरक्षी शाखा से सात पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया दिया गया। इनमें भारतीय पुलिस सेवा के चार और बिहार पुलिस सेवा के तीन अधिकारी शामिल हैं। पहले चार आईपीएस अफसर के बारे में जानते हैं। गृह विभाग की आरक्षी शाखा की ओर से जारी किए गए पत्र के अनुसार, 2012 बैच के अधिकारी अजय कुमार पांडेय को मद्य निषेध एवं एएनटीएफ का डीआईजी बनाया गया है। वह वर्तमान में पटना में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के डीआईजी पद पर तैनात हैं। 2018 बैच की आईपीएस अधिकारी प्रेरणा कुमार को लखीसराय की एसपी पद की जिम्मेदारी दी गई है। वह वर्तमान में लखीसराय में पुलिस अधीक्षक के पद तैनात हैं। वहीं 2016 राजेश कुमार को नवगछिया में एसपी के पद पर तैनात किया गया है। वह वर्तमान में मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, में पुलिस अधीक्षक के पद तैनात हैं। 2019 बैच के अधिकारी को बिहार पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक (कर्मिक 1) के पद पर तैनात किया गया है। वर्तमान में वह लखीसराय से पुलिस अधीक्षक पर तैनात हैं। गृह विभाग की आरक्षी शाखा की ओर से जारी किए गए पत्र के अनुसार, बिहार पुलिस सेवा के अधिकारी राम कृष्णा को बाढ़ का एसडीपीओ एक बनाया गया है। वह वर्तमान में कटिहार में पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम) के पद पर हैं। इनके अलावा आनंद कुमार सिंह को पुलिस उपाधीक्षक उच्च न्यायालय, सुरक्षा, पटना के पद पर तैनात किया गया है। वह वर्तमान में बाढ़ के एसडीपीओ 1 के पद पर तैनात हैं। वहीं पुलिस उपाधीक्षक, उच्च न्यायालय सुरक्षा, पटना में पुलिस उपाधीक्षक पद पर तैनात विनोद राम को बिहार पुलिस मुख्यालय में योगदान देने के लिए कहा गया है।

# सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एक ही दर पर मिलेगी बिजली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है। अब शहरों के घरेलू उपभोक्ताओं को भी एक ही दर पर बिजली मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों की तरह शहरी क्षेत्र में भी सस्ती बिजली का लाभ मिलेगा। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने दो में से एक स्लैब हटा दी है। इसका मतलब है कि अब 125 यूनिट से ज्यादा बिजली खपत करने वाले शहरी उपभोक्ताओं को 1.53 रुपये प्रति यूनिट का फायदा होगा। नई दरें 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिजली कंपनी ने 35 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था। आयोग ने जांच के बाद पाया कि कंपनी मुनाफ़े में है। इसलिए बिजली दरों में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। आयोग ने निर्णय लिया कि ग्रामीण व्यावसायिक उपभोक्ता को 42 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली, शहरी व्यावसायिक उपभोक्ता को 1.20 रुपये प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी। इससे पूरे प्रदेश के करीब 27 लाख उपभोक्ताओं को लाभ होगा। जुलाई 2025 से सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है। शहरों में बिजली का ज्यादा उपभोग होता है। उदाहरण के लिए बताएं तो पटना में कोई परिवार अगर 225 यूनिट बिजली खर्च करता है, तो 125 यूनिट मुफ्त के बाद बाकी 100 यूनिट पर 153 रुपये की बचत होगी। अगर किसी घर में 300 यूनिट का उपभोग है, तो महीने में 268 रुपये तक की बचत होगी। बिहार के शहरी उपभोक्ताओं के लिए यह बड़ी राहत है। 1 अप्रैल से बिजली बिल कम आएगा और ज्यादा उपभोग करने वालों को भी फायदा होगा।

# किशनगंज के छह लोगों की इंदौर में जिंदा जलकर मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**किशनगंज।** इंदौर के बंगाली चौराहे के पास बुधवार तड़के ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। वहां किशनगंज जिले के 6 लोगों समेत कुल 8 लोगों की मौत आग लगने से हो गई। बता दें कि तड़के करीब 4 बजे घर के बाहर चार्जिंग पर लगी एक इलेक्ट्रिक कार में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे आग फैल गई और देखते ही देखते तीन मंजिला मकान पूरी तरह आग की चपेट में आ गया। मकान में रखे गैस सिलेंडरों में धमाके हुए, जिससे मकान का एक हिस्सा गिर गया और अंदर सो रहे लोगों को बचने का मौका नहीं मिला। इस हादसे में किशनगंज के धर्मशाला रोड निवासी विजय सेठिया (65), मनोज सेठिया (65), सुमन सेठिया (60), सिमरन सेठिया (30), छोटू सेठिया (22), और राशि सेठिया (12) के साथ दो और लोगों की मौत हुई है। विजय सेठिया पिछले समय से अस्वस्थ थे और परिवार के साथ इलाज के सिलसिले में इंदौर स्थित अपने रिश्तेदार (पुगलिया परिवार) के घर रुके हुए थे। इस हादसे की खबर किशनगंज पहुंचते ही पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन तुरंत इंदौर के लिए रवाना हुए है?। प्रशासन और पुलिस मामले की जांच कर रही है जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलसे लोग अस्पताल में उपचाराधीन हैं। सीएम यादव ने दुख जताते हुए कहा कि इंदौर में हुई अग्नि दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। हादसे में दिवंगत नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बहुत दुखद घटना है। अलार्मिंग भी है, क्योंकि ईवी का युग है। इसकी चार्जिंग में आग लगी है। पूरा समाज ईवी की तरफ जा रहा है। पुलिस कमिश्नर से कहा है कि इसके लिए एक्सपर्ट की कमेटी बनाएं, ताकि इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। इसकी पूरी जानकारी लेकर इसकी एसओपी बनाना चाहिए।



# कांग्रेस के तीन विधायकों से जवाब-तलब

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने राज्यसभा चुनाव के दौरान पार्टी के तीन विधायकों की अनुपस्थिति को गंभीर मानते हुए उन्होंने कांग्रेस विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद एवं मनोज विश्वास से दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। श्री यादव ने कहा कि दिनांक 16 मार्च को संपन्न राज्यसभा चुनाव के दौरान संबंधित विधायक मतदान प्रक्रिया से अनुपस्थित पाए गए, जिसके कारण महागठबंधन को पराजय का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान संबंधित विधायकों से मोबाइल के माध्यम से लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन न तो कॉल रिसीव किया गया और बाद में उनका फोन स्विच ऑफ पाया गया। अनुशासन समिति अध्यक्ष ने तीनों विधायकों से इस संबंध में दो दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है।

# जमुई में छह हजार करोड़ की लागत से बनेगा स्टील प्लांट : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई।** बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से 'समृद्धि यात्रा' के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जमुई के लिए बड़े प्रोजेक्ट्स का ऐलान किया। उन्होंने जमुई में छह हजार करोड़ रुपये के स्टील प्लांट और नवादा में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना की जानकारी दी, जिससे राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए जमुई जिले में 6 हजार करोड़ रुपये की लागत से स्टील प्लांट स्थापित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके साथ ही भीमबांध और कुंड घाट को इको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। श्री चौधरी ने लछुआर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में बुनियादी सुविधाओं का गंभीर अभाव था। उस समय सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाएं पर्याप्त नहीं थीं। उन्होंने कहा कि तब राज्य में केवल 6 हजार किलोमीटर सड़कें थीं, जो अब बढ़कर 1 लाख 40 हजार किलोमीटर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि बिहार का बजट पहले लगभग 23 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का हो चुका है। बिजली के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव आया है। पहले जहां केवल 17 लाख बिजली उपभोक्ता थे, अब यह संख्या बढ़कर 2 करोड़ 16 लाख हो गई है। राज्य में 22 से 24 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है और 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे लगभग 88 प्रतिशत परिवारों का बिजली बिल पिछले सात महीने से शून्य आ रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 1 करोड़ 81 लाख महिलाओं को 10 हजार रुपये देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया है। आज जीविका समूहों से जुड़ी महिलाएं राज्य की अर्थव्यवस्था में 1 लाख 26 हजार करोड़ रुपये का योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराना है। इसके लिए राज्य के सभी जिलों में उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें और पलायन पूरी तरह समाप्त हो सके। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में 50 लाख से अधिक लोगों को नौकरी और रोजगार दिया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि जमुई की पहचान पहले नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में होती थी, लेकिन एनडीए सरकार ने नक्सलवाद को समाप्त कर यहां विकास का माहौल बनाया है। अब जमुई पर्यटन के क्षेत्र में भी उभर रहा है। कुंड घाट जलाशय का उद्घाटन किया गया है और बरनार जलाशय को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्टील प्लांट और इथेनॉल प्लांट स्थापित होने के बाद लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।



# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सरकार सख्त, 419 सिलेंडर जब्त, 21 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में गैस सिलेंडर की कृत्रिम किल्लत दिखाकर कई स्थानों पर कुछ जमाखोर इसका फायदा उठाने की फिराक में लगे हैं। इसके मद्देनजर पुलिस महकमा के स्तर से सभी जिलों में व्यापक अभियान चलाकर ऐसे जमाखोरों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई है। हाल में डीजीपी विनय कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी जिलों को जांच के समुचित आदेश दिए थे। इसके बाद सभी जिलों में इसे लेकर जांच, छापेमारी और कार्रवाई की प्रक्रिया तेज हो गई है। पुलिस मुख्यालय के स्तर पर भी इस मामले की सतत मॉनीटरिंग चल रही है। विभिन्न जिलों में पिछले कुछ दिनों के दौरान एलपीजी के अवैध भंडारण और कालाबाजारी के खिलाफ के तहत चलाए गए व्यापक अभियान में दर्जनभर जिलों में 14 एफआईआर दर्ज करते हुए 419 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इस दौरान कालाबाजारी में शामिल 21 व्यक्तियों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त सूचना के अनुसार, विभिन्न जिलों के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए मामले दर्ज किए गए हैं। अररिया जिला के फारबिसगंज थाना में दर्ज मामले में सबसे ज्यादा 261 एलपीजी गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं और 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद सहरसा जिले नगर थाना में दर्ज एफआईआर की गई है, जिसमें 112 सिलेंडर जब्त किए गए और एक को अभियुक्त बनाया गया है। इसके अलावा शिवहर जिला के शिवहर थाना क्षेत्र में 6 सिलेंडर जब्त किए गए हैं और 2 की गिरफ्तारी हुई है।

C M Y K

# वैश्विक निवेशकों के लिए व्यापक अवसर प्रदान कर रहा बिहार : उद्योग सचिव

## वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध : कुंदन कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार सरकार द्वारा वैश्विक साझेदारियों को सुदृढ़ करने तथा निवेश के नए अवसरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित किया जा रहा है। इसी क्रम में इन्वेस्ट इंडिया तथा जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से एक विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया जो वैश्विक व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने वाली एक प्रमुख संस्था है। वेबिनार की शुरुआत इन्वेस्ट इंडिया के स्वागत भाषण और परिचय से हुई जिसमें बिहार और जापान के बीच आर्थिक सहयोग और निवेश के अवसरों पर चर्चा की पृष्ठभूमि तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता उद्योग विभाग के सचिव-सह-निवेश आयुक्त एवं बिहार सरकार के रेजिडेंट कमिश्नर ने की। उन्होंने बिहार को अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाने और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर कुंदन कुमार ने बिहार के औद्योगिक माहौल, नीतियों और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने राज्य की निवेशक-अनुकूल नीतियों, तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान कारोबार के लिए सरकार के सक्रिय प्रयासों को रेखांकित किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार सरकार एक ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हो और निवेशकों के लिए अनुकूल हो। इससे उद्योगों का विकास आसानी से हो सके और लंबे समय तक साझेदारी बनी रहे। प्रगतिशील नीतियों, मजबूत बुनियादी ढांचे और आइएमसी गया जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के साथ हमें विश्वास है कि भारत में विस्तार करने के इच्छुक वैश्विक निवेशकों के लिए बिहार में बहुत अच्छे अवसर हैं। इस सत्र का मुख्य आकर्षण अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत विकसित किया जा रहा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, गया रहा। बोधगया के पास स्थित यह क्लस्टर बेहतर कनेक्टिविटी, देश और विदेश के प्रमुख बाजारों तक आसान पहुंच और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करेगा। चर्चा के दौरान बिहार की नीतियों पर भी जोर दिया गया जो निवेश के लिए काफी प्रतिस्पर्धी और आकर्षक हैं। इसमें 25 एकड़ तक मुफ्त जमीन, अलग-अलग क्षेत्रों के लिए विशेष नीतियां, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और आसान प्रक्रियाएं शामिल हैं जो लंबे समय तक निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देती हैं। इस सत्र में हारुका मारुयामा (सीनियर डायरेक्टर जेइटीआरओ), संदीप सिंह (असिस्टेंट डायरेक्टर, जेइटीआरओ) के साथ-साथ एनआइसीडीसी, इन्वेस्ट इंडिया और बियाडा के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। वेबिनार का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत किया जाएगा और बिहार को वैश्विक स्तर पर विनिर्माण और निवेश का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाया जाएगा।

# सृजनशील बनें या मिट जाएं: विजय प्रकाश

## स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में 15 दिवसीय 'सृजनोत्सव' का भव्य आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बुधवार को स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग के प्रांगण में 15 दिवसीय रचनात्मक महोत्सव 'सृजनोत्सव' का भव्य आगाज हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और नवाचार को मंच प्रदान करना है। पहले दिन 'लोकोत्सव' का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन एपीसीएल के अध्यक्ष विजय प्रकाश और विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विजय प्रकाश ने छात्रों को संदेश दिया– 'सृजनशील बनें या मिट जाएं।' उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सृजनशीलता ही वह शक्ति है जो व्यक्ति को स्थायी पहचान दिलाती है। उन्होंने लोकोत्सव में प्रदर्शित मॉडलों की सराहना करते हुए इसे विद्यालय की गौरवशाली परंपरा बताया। लोकोत्सव के तहत लगभग 150 प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। विद्यार्थियों ने पर्यावरण और कृषि के अंतर्गत एकीकृत खेती और संरक्षण के उपाय, इतिहास में सिंधु घाटी सभ्यता का चित्रण तथा सामाजिक मुद्दों में जनसंख्या वृद्धि और उसके समाधान पर मॉडल प्रस्तुत किए। प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने बताया कि आगामी 14 दिनों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा, जिसमें इनोफेस्ट, मैथ मेला और क्रिएटिव ओलंपियाड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सृजनशीलता ही परिवर्तन की कुंजी है और विद्यार्थियों को हर गतिविधि में भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम का समन्वय ऋचा, रिंकी और अलका ने किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मशरूम की खास प्रजाति बटन मशरूम ने बदली दुनिया

## बांका की रिंकू देवी कृषि उद्यमी सम्मान से हुई सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भागलपुर सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय में मशरूम फॉर्मिंग के क्षेत्र में सफल उद्यमी की गाथा लिख चुकी बांका की रिंकू देवी को कृषि उद्यमी सम्मान से सम्मानित किया गया है। 16 से 18 मार्च तक सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय किसान मेला में यह सम्मान कृषि मंत्री राम कृपाल के द्वारा दिया गया। मशरूम उत्पादक रिंकू देवी ने कहा कि दलहन-तिलहन उत्पादन में वृद्धि द्वारा पोषण व खाद्य सुरक्षा के लिए आयोजित मेला में कृषि उत्पादकों को उनके कामों के लिए सम्मानित किया जिससे हम जैसे उद्यमियों को बिहार सरकार की तरफ से सम्मानित किये जाने पर एक नयी ऊर्जा का संचार होने लगा है। वहीं बातचीत करने पर बांका के झिरंवा गांव की रहने वाली रिंकू देवी ने कहा कि 13 सालों से अधिक समय से वे बटन मशरूम से सफल उद्यम तक का सफर तय कर चुकी है। कृषि मेला में शामिल होने के बाद उन्होंने सभी विशेषज्ञों के सामने मशरूम स्पॉन कल्टीवेशन, प्रोडक्शन हॉल, कंपोस्ट मेकिंग का प्रस्ताव रखा है जिससे अव्वल दर्जे के मशरूम के साथ-साथ रोजगार के क्षेत्र में नये दरवाजे खुलेंगे साथ ही मशरूम फॉर्मिंग के लिए निर्यात की जरूरत भी नहीं होगी। बता दें कि झिरंवा की रहने वाली रिंकू देवी को 2022-23 में मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कृत किया गया था। इसके अलावा महिला उद्यमी योजना के लाभ से भी उनके उद्यमी को नयी रफ्तार हासिल हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से आज वे इस मुकाम तक पहुंची है। एनडीए की सरकार में उन्हें ऋण के साथ उनके खास मशरूम के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाई है जिसके बदौलत उन्होंने जगजीवन राम व बांका जिला प्रशासन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

# कोहिमा प्रेस ब्यूरो के सात सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने की कृषि मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कोहिमा प्रेस ब्यूरो के सात सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री राम कृपाल यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए बिहार की मखाना क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों तथा राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी साझा की। कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार देश में मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान रखता है। मखाना केवल एक कृषि उत्पाद नहीं, बल्कि बिहार की परंपरा, आजीविका और आर्थिक सामर्थ्य का महत्वपूर्ण आधार है। राज्य सरकार द्वारा मखाना की खेती, प्रसंस्करण, विपणन तथा किसानों की आय वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रधान कृषि सचिव नर्मदेश्वर लाल, भा0 प्र0 से0, की अध्यक्षता में निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, भा0 व0 से0, द्वारा 'बिहार में मखाना की खेती' विषय पर एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया।

# एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कैंप का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बुधवार को 01 बिहार नेवल यूनिट द्वारा राजेंद्रनगर स्थित एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सीएटीसी-एक्सएक्स (याम्स) कैंप का भव्य समापन हुआ। दस दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने अनुशासन के साथ-साथ आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया और अब वे अपने-अपने घरों के लिए प्रस्थान कर गए। कैंप कमांडेंट कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने समापन भाषण में कैडेट्स को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ समर्पण की भावना अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सहयोग की भावना के साथ योग्य और जिम्मेदार नागरिक बनना ही इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। यह कैंप आपदा के समय निस्वार्थ सेवा, अनुशासन और सामाजिक सहयोग की भावना को विकसित करने में सहायक रहा। शिविर के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार की आपदाओं से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। कैडेट्स ने इस प्रशिक्षण का भरपूर लाभ उठाया और आपात स्थिति में लोगों की सहायता करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को कैंप कमांडेंट सन्नी कुमार गुप्ता और मौसम गुप्ता द्वारा प्रतीक चिन्ह, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई जिसमें कैडेट्स ने अपने-अपने कौशल का प्रदर्शन किया। विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं में घर लौटने की खुशी के साथ-साथ दस दिनों में बने आपसी संबंधों के कारण विदाई के समय भावुकता भी देखी गई। समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल दीप्ति, एएनओ डॉ. संजय कुमार सिंह, आशीष आनंद, डॉ. अर्चना त्रिपाठी, प्रशिक्षक अमल यादव, राजेश कुमार, ओंकार सुमंत, दीपक कुमार, कुमोद रंजन सिंह, नीरज कुमार, राजू रंजन, अभिनीत नमन सिंह, बाबुल, रविकांत, दीपक कुमार जीसीए, योग्यता कुमारी सहित सभी सिविलियन स्टाफ मौजूद थे।

# दादीजी मंदिर में 21 को मनेगी गणगौर पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** श्री दादीजी मंदिर में 21 मार्च को गणगौर पूजा का होगा भव्य आयोजन। यह जानकारी देते हुए दादीजी सेवा समिति के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने गणगौर पूजा के सम्बन्ध में बताया कि नवरात्रों के तीसरे दिन यानी की चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तीज को गणगौर माता याने की मां पार्वती की पूजा की जाती है। अग्रवाल ने बताया कि 20 मार्च को दादीजी का सिंघाड़ा मेहंदी होगा। महिलायें दादीजी के हाथों में मेंहदी लगाएंगी। गणगौर पूजा के सम्बन्ध में बताते हुए अग्रवाल ने बताया कि पार्वती के अवतार के रूप में गणगौर माता व भगवान शंकर के अवतार के रूप में ईशर जी की पूजा की जाती है। प्राचीन समय में पार्वती ने शंकर भगवान को पति (वर) रूप में पाने के लिए व्रत और तपस्या की। शंकर भगवान तपस्या से प्रसन्न हो गए और वरदान मांगने के लिए कहा। पार्वती ने उन्हें वर रूप में पाने की इच्छा जाहिर की। पार्वती की मनोकामना पूरी हुई और उनकी शादी शंकर भगवान से हो गयी। बस उसी दिन से कुंवारी लड़कियां मन इच्छित वर पाने के लिए ईशर और गणगौर की पूजा करती है। सुहागिन स्त्री पति की लम्बी आयु के लिए पूजा करती है। गणगौर की पूजा चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि से आरम्भ की जाती है।

# 'प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी' के जरिए साकार हो रहा घर का सपना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बुधवार को शहरी भारत में 'सबके लिए आवास' के लक्ष्य को नई गति देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के प्रभाव अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। सेव ग्रुप के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सिंह के अनुसार यह योजना अब केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के लिए घर के सपने को साकार करने का मजबूत माध्यम बन चुकी है। एक सितंबर 2024 से लागू इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के लगभग एक करोड़ शहरी परिवारों को आवास सहायता प्रदान करना है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण और महंगे होते आवास के बीच यह योजना एक ठोस समाधान के रूप में उभरी है। योजना का सबसे प्रभावी घटक ब्याज सब्सिडी योजना है जिसके तहत पात्र लाभार्थियों को ऋण पर सब्सिडी सीधे उनके खाते में अग्रिम रूप से दी जाती है। इससे ऋण का मूलधन कम होता है, मासिक किस्त घटती है और पहली बार घर खरीदने वालों की पहुंच आसान हो जाती है। अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना को जमीन पर उतारने में हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वर्ष 2026 तक इन कंपनियों ने किफायती आवास क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है, खासकर टियर-2 और टियर-3 शहरों में जहां मांग अधिक है, लेकिन पारंपरिक बैंकिंग की पहुंच सीमित रहती है। मार्च 2025 तक एचएफसी का कुल हाउसिंग लोन पोर्टफोलियो लगभग 8.8 से 9.1 लाख करोड़ रुपये के बीच रहा और वित्तीय वर्ष 2025 में इसमें 14 से 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जिनकी आय अनौपचारिक है, जैसे स्वरोजगार करने वाले, छोटे व्यापारी और दैनिक मजदूर। ऐसे वर्गों के लिए एचएफसी नकदी प्रवाह आधारित मूल्यांकन और वैकल्पिक आय संकेतकों के आधार पर ऋण उपलब्ध कराती हैं जिससे वे भी औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जुड़ पा रहे हैं। तकनीक और स्थानीय उपस्थिति के संतुलन पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि डिजिटल आवेदन, डेटा आधारित मूल्यांकन और तेज प्रक्रिया ने ऋण प्रणाली को सरल बनाया है, वहीं शाखाओं और फील्ड नेटवर्क के माध्यम से अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत एचएफसी प्राथमिक ऋण संस्थान के रूप में कार्य करते हुए पात्रता जांच, दस्तावेज सत्यापन और सब्सिडी वितरण की जिम्मेदारी निभा रही हैं। इस प्रकार एचएफसी योजना और नागरिकों के बीच भरोसे की मजबूत कड़ी बनकर उभर रही हैं।

# जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति से मना भगवान अनंतनाथ एवं भगवान अरहनाथ का कल्याणक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जैन धर्म के 14वें तीर्थंकर भगवान अनंतनाथ के ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक तथा 18वें तीर्थंकर देवाधिदेव भगवान अरहनाथ के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर पटना के मीठापुर, कदमकुआं, कमलदह, गुरारा, कालीबीबी कटरा सहित पटना के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए पटना जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में प्रातःकाल में भगवान की प्रतिमाओं का जलाभिषेक, शांतिधारा एवं विशेष पूजन-अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान अनंतनाथ के केवलज्ञान प्राप्ति के इस दिव्य क्षण को स्मरण करते हुए उनके उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। वहीं भगवान अरहनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर उनके निर्वाण की वंदना कर आत्मशुद्धि और मोक्षमार्ग पर चलने की प्रेरणा ग्रहण की गई।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता : मंगल पांडेय

## सरकारी स्कूलों में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर के साथ बच्चों को मिल रहा नि:शुल्क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वस्थ बिहार की परिकल्पना बच्चों के सम्पूर्ण मानसिक एवं शारीरिक विकास से ही पूरी हो सकती है। इसको लेकर सरकार बच्चों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करा रही है। इसी दिशा में राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राज्य के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की आंखों की जांच की जा रही है। इसके लिए विशेष नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों के सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि स्कूल आई स्क्रीनिंग अभियान को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। इसके लिए जिले के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के नेत्र सहायक द्वारा अपने प्रखंड के सरकारी स्कूलों में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मोबाइल हेल्थ टीम से समन्वय कर विद्यालयों में जाकर बच्चों की आंखों की जांच की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में दृष्टि दोष की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। स्कूल आई स्क्रीनिंग राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्री पांडेय ने कहा कि जांच के दौरान जिन बच्चों में दृष्टि दोष पाए जाते हैं, उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में विस्तृत जांच के लिए भेजा जा रहा है। इसके बाद दृष्टि दोष से प्रभावित बच्चों को उनके पावर के अनुसार नि:शुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जा रहा है।

# बिहार विधानसभा में 19-20 मार्च को विकसित भारत युवा संसद

## 37 जिलों के 185 युवा लेंगे भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बुधवार को मेरा युवा भारत, पटना तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 19 और 20 मार्च 2026 को बिहार विधानसभा के केंद्रीय सभागार में राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य के 37 जिलों से चयनित 185 युवा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की प्रस्तुति का मूल्यांकन बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में गठित जूरी टीम द्वारा किया जाएगा। जूरी में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय सिंह (टाइगर), सूचना प्रौद्योगिकी एवं खेल विभाग की मंत्री श्रेयसी सिंह, सदस्य नीतीश मिश्रा, राणा रणधीर, मंजीत कुमार सिंह, संगीता कुमारी, दीपा कुमारी, बाबुलाल शौर्य, शुभानंद मुकेश तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के सचिव शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को निर्धारित विषय पर भाषण के माध्यम से अपने विचार रखने का मंच प्रदान करना है। युवा संसद का आयोजन तीन स्तरों–जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है।

# संगठन सृजन अभियान को गति देने के लिए जिला पर्यवेक्षकों एवं बीपीसीसी कनेक्ट सेंटर की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में संगठन सृजन अभियान के तहत नियुक्त जिला पर्यवेक्षकों एवं बीपीसीसी कनेक्ट सेंटर की एक आवश्यक बैठक बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी का स्पष्ट निर्देश है कि संगठन में सेकंड लाइन और थर्ड लाइन के नेताओं को अवसर दिया जाए, साथ ही वरिष्ठ नेताओं का सम्मान भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी स्तरों पर संतुलन और सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत 163 जिला पर्यवेक्षकों को विभिन्न जिलों में नियुक्त किया गया है जो जनवरी माह से ही सक्रिय रूप से संगठनात्मक कार्यों में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रखंड स्तर के नेताओं को जिला स्तर तक और जिला स्तर के नेताओं को प्रदेश स्तर तक आगे बढ़ाना है, ताकि संगठन को नई ऊर्जा मिल सके। राजेश राम ने बीपीसीसी कनेक्ट सेंटर एवं सभी जिला पर्यवेक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने अत्यंत ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया है।

# सिविल लिस्ट पुस्तिका का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सामान्य प्रशासन विभाग के तत्वावधान में बुधवार को पुराना सचिवालय स्थित सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अपर मुख्य सचिव बी. राजेंदर, वित्त सचिव रचना पाटिल, उच्च शिक्षा सचिव राजीव रौशन एवं विशेष सचिव गीता सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सिविल लिस्ट पुस्तिका 2026 का विमोचन किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव बी. राजेंदर ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से भारतीय प्रशासनिक सेवा, बिहार प्रशासनिक सेवा, बिहार सचिवालय सेवा तथा बिहार सचिवालय आशुलिपिकीय सेवा से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की सिविल लिस्ट पुस्तिका 2026 प्रकाशित की गई है। इन पुस्तिकाओं में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के फोटो सहित उनकी सेवा से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां समाहित की गई हैं, जो प्रशासनिक कार्यों में उपयोगी सिद्ध होंगी। उन्होंने पुस्तिका के प्रकाशन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी तथा उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में अपर सचिव रजनीश कुमार, संयुक्त सचिव जगदीश कुमार, जेएडी संजय कुमार, डीपीआरओ तपिश सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# जे पी सेनानियों ने किया सम्पूर्ण क्रांति सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** जे पी आवास स्थित जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ ही सभागार में जे पी के सहयोगी रहे कुमार अनुपम, शम्भू प्रसाद सिंह, जयप्रकाश महन्थ, विशेश्वर प्रसाद, डॉ किरण सिन्हा और विशाल कुमार सिंह समेत बीसों जे पी सेनानियों ने सामूहिक रूप से सम्पूर्ण क्रांति सम्मेलन का उद्घाटन किया। कुमार अनुपम ने 1974 के 18 मार्च को शुरू हुए छात्र आंदोलन को बिहार के इतिहास की अमूल्य विरासत बताया जिसने देश की संसद, विधान मंडलों के चेहरे के साथ ही भारतीय राजनीति के मूल्यों को बुनियादी तौर पर बदल कर रख दिया। इसीलिए इस सम्पूर्ण क्रांति के संघर्ष को भारत सरकार द्वारा शैक्षिक पाठ्यक्रमों में स्थान मिलना चाहिए ताकि नई पीढ़ी को सम्पूर्ण क्रांति के दर्शन से परिचित कराया जा सके। जयप्रकाश महन्थ ने वरिष्ठ जे पी सेनानी स्वर्गीय मिथिलेश कुमार सिंह के नाम पर एक पार्क के नामकरण किए जाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। अध्यक्षता करते हुए शम्भू प्रसाद सिंह और विशेश्वर प्रसाद ने मांग की कि जे पी सेनानियों को जन प्रतिनिधि मानते हुए सरकारी अधिकारी उन्हें वही सम्मान दें जो विधायक सांसदों को मिलता है, ताकि जन समस्याओं के सवालों पर अधिकारी जे पी सेनानियों के ज्ञापनों पर भी त्वरित कार्रवाई कर सकें। डॉ किरण सिन्हा, रीता सिंह और इन्दू शरण ने जे पी सेनानी सलाहकार पर्षद के पुनर्गठन की मांग की ताकि जे पी सेनानियों की समस्याओं पर सघन रूप से विचार हो सके। एम पी जैन ने बताया कि सम्मेलन में शशिभूषण प्रसाद, राजनंदन पांडे, त्रिपुरारि प्रसाद सिंह, राजकिशोर प्रसाद, बागेश्वर प्रसाद सिंह, रविन्दर महतो, रामाश्रय दीक्षित समेत कई जे पी सेनानी शिरकत की।

# ईद व नवरात्र को लेकर रोहतास पुलिस सतर्क, 200 बॉडी वॉर्न कैमरों से होगी निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले में आगामी नवरात्र और ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए रोहतास पुलिस प्रशासन ने आधुनिक तकनीक का सहारा लिया है। रोहतास पुलिस को 200 बॉडी वॉर्न कैमरे उपलब्ध कराए गए हैं जिनके माध्यम से विधि-व्यवस्था से जुड़ी गतिविधियों की लाइव रिकॉर्डिंग की जाएगी। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि इन कैमरों को ट्रैफिक पुलिस, थानाध्यक्ष (एसएचओ), अतिरिक्त



एसएचओ, एसडीपीओ, सर्किल इंस्पेक्टर तथा विभिन्न मामलों के जांच अधिकारियों को दिया गया है। ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी इन कैमरों के साथ गश्त और भ्रमण करेंगे जिससे हर गतिविधि का वास्तविक रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। उन्होंने बताया कि बॉडी वॉर्न कैमरे से रिकॉर्ड होने वाली वीडियो और ऑडियो फुटेज को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं नए साक्ष्य कानून के तहत डिजिटल साक्ष्य के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर इसे अदालत में प्रस्तुत किया जा सकेगा जिससे किसी भी घटना या विवाद की सच्चाई स्पष्ट करने में मदद मिलेगी।

**क्या है बॉडी वॉर्न कैमरा?**

बॉडी वॉर्न कैमरा एक छोटा डिजिटल उपकरण होता है जिसे पुलिसकर्मी अपनी वर्दी या कंधे पर लगाकर ड्यूटी के दौरान इस्तेमाल करते हैं। यह कैमरा सामने घट रही हर गतिविधि को वीडियो और ऑडियो के साथ रिकॉर्ड करता है। गिरफ्तारी, छापेमारी, भीड़ नियंत्रण या अन्य पुलिस कार्रवाई के दौरान इसकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रहती है और इसे साक्ष्य के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है।

एसपी ने कहा कि नवरात्र और ईद जैसे बड़े पर्वों के दौरान जिले में कई स्थानों पर जुलूस, पूजा-पाठ और सामूहिक आयोजन होते हैं जहां भीड़भाड़ की स्थिति रहती है। ऐसे में बॉडी वॉर्न कैमरों की मदद से पुलिस हर गतिविधि पर नजर रख सकेगी। किसी भी उपद्रव या विवाद की स्थिति में फुटेज के आधार पर दोषियों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई संभव होगी।

पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस तकनीक के उपयोग से न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी, बल्कि आम लोगों का पुलिस पर विश्वास भी मजबूत होगा क्योंकि हर कार्रवाई का निष्पक्ष और पारदर्शी रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा।

## एटीएम कार्ड बदल 20 हजार की ठगी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी आलोक राज से स्थानीय एक बैंक के एटीएम से कार्ड बदलकर अज्ञात ठगों ने 20 हजार की निकासी कर ली। पुलिस के अनुसार आलोक अपने बहन का एटीएम कार्ड लेकर यहां एटीएम से राशि निकालने आये। तभी वहां मौजूद दो व्यक्ति ने मदद करने का बहाना बनाकर एटीएम कार्ड बदल दिया। थोड़ी ही देर में उनकी बहन के मोबाइल पर 20 हजार निकासी के मैसेज आए।

**शादी की नीयत से अपहरण**

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से शादी की नीयत से युवती का एक युवक ने अपहरण कर लिया। पुलिस के अनुसार इस संबंध में विकास चौधरी नामक युवक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## कुसुमहरा से अपहृत किशोर हसन बाजार में मिला, इलाज जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रोहतास।** बुधवार को सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के कुसुमहरा गांव से अपहृत 17 वर्षीय किशोर नीतीश कुमार भोजपुर जिले के हसन बाजार में बरामद हुआ। परिजनों के अनुसार 17 मार्च 2026 की शाम करीब 6 बजे जय प्रकाश राम का पुत्र नीतीश कुमार गांव के रास्ते से घर लौट रहा था, तभी बाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने उसे बेहोश कर अपहरण कर लिया। बताया गया कि नीतीश इंटर की परीक्षा देकर घर आया था और इसके बाद क्रिकेट खेलने स्कूल मैदान गया, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद स्थानीय थाने में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। पूरी रात परिवार के लोग चिंतित और परेशान रहे। बुधवार सुबह करीब 8:45 बजे भोजपुर के हसन बाजार में नीतीश कुमार संदिग्ध हालत में घूमता हुआ मिला। संयोगवश उसका मामा, जो चटर्जी इलाके का रहने वाला है और दूध बेचने हसन बाजार आया था, ने उसे पहचान लिया। इसके बाद मामा ने तत्काल परिजनों को सूचना दी जिसके बाद परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचकर उसे घर लाए। फिलहाल किशोर का इलाज विक्रमगंज सदर अस्पताल में चल रहा है। परिजनों के अनुसार वह अभी किसी को पहचानने में असमर्थ है और उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं लग रही है। घटना को लेकर पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अपहरणकर्ताओं की पहचान तथा गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## भारतीय नववर्ष पर डिहरी में आज निकलेगी स्वर्वेद यात्रा

### विश्व शांति की होगी कामना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय नववर्ष के शुभ अवसर पर विहंगम योग संत समाज द्वारा विश्वभर में सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना को लेकर 'स्वर्वेद यात्रा' का आयोजन गुरुवार, 19 मार्च को किया जाएगा। इस वैश्विक आयोजन में भारत सहित कई देशों में श्रद्धालु भाग लेंगे। डिहरी ऑन-सोन में भी विहंगम योग संत समाज की ओर से भव्य स्वर्वेद यात्रा निकाली जाएगी। पियूष जी एवं अमरंजय दूबे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में संत समाज के भक्त-शिष्य हर्षोल्लास के साथ भाग लेंगे। यह यात्रा काली स्थान पाली से सुबह 9 बजे प्रारंभ होकर पाली रोड, थाना चौक, अंबेडकर चौक, जक्खी बीघा और स्टेशन रोड होते हुए पुनः काली स्थान पाली में आकर संपन्न होगी। आयोजकों ने बताया कि 'स्वर्वेद' के संदेश के माध्यम से मानवता में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरूकता का प्रसार करना इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। इस पावन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

## देसी शराब बरामद, तीन धंधेबाजों के खिलाफ नामजद एफआईआर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र में पुलिस और एलटीएफ (लोकल टास्क फोर्स) की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के धंधे पर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान 15 लीटर तैयार देसी शराब बरामद की गई और 500 लीटर महुआ पॉश को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने तीन धंधेबाजों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। हालांकि आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहे। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि एलटीएफ को कुरुर बाल क्षेत्र में अवैध रूप से देसी शराब के उत्पादन की गुप्त सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर काराकाट पुलिस और एलटीएफ की संयुक्त टीम ने रविवार देर शाम छापेमारी की।

लगभग एक घंटे तक चली इस कार्रवाई में शराब बनाने की भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध बिक्री के लिए तैयार की गई 15 लीटर देसी शराब जब्त की। इसके अतिरिक्त मौके से 500 लीटर महुआ पॉश बरामद हुआ जिसे पुलिस बल ने तत्काल नष्ट कर दिया ताकि इसका उपयोग शराब बनाने में न हो सके। कुछ धंधेबाज जंगली रास्तों और नदी मार्ग का फायदा उठाकर भाग निकले। हालांकि पुलिस ने सोमवार को उनकी पहचान कर ली है और तीन मुख्य आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि यह संयुक्त अभियान अवैध शराब के धंधे पर लगाम कसने का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि फरार धंधेबाजों की तलाश में छापेमारी तेज कर दी गई है और जनता से ऐसी अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील भी की।

## भोजपुर में मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** 'मेहतर सेवा संघ बिहार' के तत्वावधान में 17 मार्च 2026 की रात 8 बजे आयोजित ऑनलाइन बैठक में इस वर्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भोजपुर जिले में मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहन राम ने की। बैठक की शुरुआत में प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर राउत एवं प्रदेश सचिव अशोक कुमार राउत ने प्रस्ताव रखा कि हर वर्ष अंबेडकर जयंती रोहतास जिले के डिहरी ऑन-सोन में धूमधाम से मनाई जाती रही है, लेकिन इस वर्ष 14 अप्रैल 2026 को इसे भोजपुर की पावन धरती पर आयोजित किया जाए। इस प्रस्ताव को उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। हालांकि



कार्यक्रम स्थल का चयन अभी नहीं किया गया है जिसे जल्द तय कर सूचना जारी की जाएगी। बैठक में संगठन की मजबूती पर भी विशेष चर्चा हुई। प्रदेश कोषाध्यक्ष वीर बसंत लाल ने कहा कि किसी भी संगठन के संचालन में कोष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। वहीं प्रधान महासचिव राजकुमार राउत ने बिहार के सभी 38 जिलों में संगठन का विस्तार करते हुए शेष जिलों में कमेटी गठन को लेकर पदाधिकारियों से सक्रियता दिखाने की अपील की जिस पर सभी ने सहमति जताई।

अध्यक्ष मोहन राम ने संगठन में एकता को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जब तक सभी पदाधिकारी एकजुट होकर कार्य नहीं करेंगे, तब तक बाबा साहेब के सपनों को साकार करना संभव नहीं होगा। उन्होंने सभी से संगठन हित में एकजुट रहने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मोहन राम, उपाध्यक्ष सुधीर राउत, उपाध्यक्ष मंजू देवी, प्रधान महासचिव राजकुमार राउत, महासचिव मुन्ना राउत, कोषाध्यक्ष वीर बसंत लाल एवं सचिव अशोक कुमार राउत सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

## डिहरी में धूमधाम से निकली श्री श्याम निशान शोभा यात्रा

### सच्चे मन से बाबा श्याम की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं : विशाल भालोटिया





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी में बुधवार को श्री श्याम परिवार की ओर से आयोजित एक दिवसीय तृतीय श्री श्याम वार्षिक उत्सव के अवसर पर भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व श्याम परिवार के अध्यक्ष विशाल कुमार भालोटिया ने किया।

शोभा यात्रा का शुभारंभ डिहरी नगर क्षेत्र स्थित अग्रसेन भवन परिसर में अवस्थित राणी सती दादी मंदिर से किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में निशान ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान खाटू श्याम की आकर्षक झांकी सजाई गई जिसे रथ पर विराजित कर गाजे-बाजे के साथ पूरे शहर में भ्रमण कराया गया। श्रद्धालु पीले वस्त्रों में सजे-धजे 'श्याम बाबा की जय' के जयकारे लगाते हुए भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए जिससे पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूब गया। यह शोभा यात्रा अग्रसेन भवन से निकलकर कर्पूरी चौक, डिहरी बाजार, कैनाल रोड, अंबेडकर चौक, स्टेशन रोड और पाली रोड होते हुए पुनः अग्रसेन भवन पहुंची। इस दौरान स्थानीय विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह भी श्रद्धालुओं के साथ निशान लेकर यात्रा में शामिल हुए और पूरे शहर का भ्रमण किया। अध्यक्ष विशाल कुमार भालोटिया ने बताया कि सच्चे मन से बाबा श्याम की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु खाटू धाम पहुंच रहे हैं जो उनकी अटूट आस्था का प्रतीक है। खाटू श्याम जी मंदिर में इन दिनों भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण गूंज रहा है। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, किसन चमड़ियां, संत शर्मा, ज्ञान शर्मा, वेद शर्मा, अर्जुन केसरी, बंटी चमड़ियां, अमित अग्रवाल, चंदन अग्रवाल, पियूष, प्रभु, श्रेयांश अग्रवाल उर्फ गोलू, सुमित सरावगी, नेहा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्याम परिवार के महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## हुरका पैक्स चुनाव में राहुल कुमार ने लहराया जीत का परचम, समर्थकों में हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड के हुरका पंचायत में पैक्स चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो हुआ जिसमे राहुल कुमार उर्फ गोल्डन ने 186 वोट से जीत दर्ज किया। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकित जैन ने बताया कि पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु चार प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें सबसे अधिक 854 वोट राहुल कुमार के पक्ष में आया। वही राहुल के निकटतम प्रतिद्वंदी शेषनारायण तिवारी को 668 मत प्राप्त हुए। वही पूर्व पैक्स अध्यक्ष चुनचुन सिंह को 478 मत प्राप्त हुआ एवं सोनू सिंह को 233 मत प्राप्त हुआ। इस चुनाव में कुल 3812 मतदाताओं में से 2340 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल मतदान प्रतिशत 61.22% दर्ज किया गया। 3812 में कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या 2479 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1333 थी। मतदान 18 मार्च 2026 (बुधवार) को सुबह 7:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक हुआ। चुनाव के लिए पंचायत सरकार भवन हुरका में कुल 6 मतदान केंद्र बनाए गए थे जहां सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही।

इस चुनाव मे मतदान के दौरान मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया और महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। समाचार लिखे जाने तक अंतिम परिणाम आने मे राहुल कुमार विजयी घोषित किए गए।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट विधानसभा के विक्रमगंज नगर और ग्रामीण उत्तरी दक्षिणी में स्थित पार्टी कार्यालय, डुमराव रोड काली स्थान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ जिसमें अतिथियों को अंग वस्त्र और फूल माला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष संतोष पटेल के उद्बोधन और वंदे मातरम गीत से हुई। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी नवीन चंद्र साह ने किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं की दक्षता बढ़ती है जिससे पार्टी अपने लक्ष्य को प्राप्त करती है। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे जिनमें विधानसभा पालक अखिलेश पांडे, जिला मंत्री सत्येंद्र दुबे, जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र साह, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रितेश राज और विनीत सोनी, जिला उपाध्यक्ष अरुण पांडे शामिल थे।

## बिक्रमगंज को जिला बनाने की मांग को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज को जिला बनाने की मांग को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक विन्धवासिनी होटल डिहरी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता काशीनाथ सिंह ने की जिसमें क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में बिक्रमगंज को जिला बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित लोगों ने इस मांग को लेकर एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक में शामिल लोगों ने कहा कि बिक्रमगंज को जिला बनाने से क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी और लोगों को सरकारी सुविधाएं आसानी से मिलेंगी। बैठक में उपस्थित लोगों में मदन प्रसाद वैश्य, रजनीकांत त्रिवेदी, संजय कुमार तिवारी, सुनील, राम जी पांडेय, मनोरंजन तिवारी, हरेन्द्र कुमार, प्रवीण सिंह, अरविन्द कुमार, कासी नाथ सिंह, संतोष कुमार सिंह, धनंजय सिंह, मो. अय्यूब खान, रघुनाथ सिंह और अजय प्रताप सिंह शामिल रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल उच्च अधिकारियों से मिलकर बिक्रमगंज को जिला बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। साथ ही इस मांग को लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि वे बिक्रमगंज को जिला बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और इस मांग को पूरा करवाने का हर संभव प्रयास होगा।

## विधायक को मिली तनख्वाह से भलुनी धाम में स्वर्ण मुकुट अर्पित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दिनारा विधानसभा से नव-निर्वाचित विधायक आलोक कुमार सिंह ने अपनी पहली तनख्वाह से मां भालूनी भवानी धाम में स्वर्ण मुकुट अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा आज विधायक बनने के बाद पहली तनख्वाह से मां के दरबार में माथा टेकने का सौभाग्य मिला। विधायक ने मां से दिनारा और प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। आलोक कुमार सिंह ने कहा कि मां भवानी की कृपा से ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने मां से क्षेत्र और प्रदेशवासियों के लिए मंगल कामना की। मालूम हो कि आलोक कुमार सिंह आर एल एम के प्रदेश अध्यक्ष और दिनारा विधानसभा से विधायक हैं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मां भलूनी भवानी धाम में स्वर्ण मुकुट अर्पित करना उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि मां की कृपा से वे दिनारा विधानसभा के विकास के लिए काम करेंगे और क्षेत्र की जनता की सेवा में जुटेंगे। विधायक के इस कदम की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि आलोक कुमार सिंह का यह कदम उनकी श्रद्धा और विश्वास को दर्शाता है।

## वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** श्रीऋषि सेकंडरी स्कूल गोड़ारी का वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह तथा मुख्य अतिथि राजीव रंजन दुबे (डायरेक्टर) ने दीप प्रज्ज्वलित कर और फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसकी सराहना की गई। कार्यक्रम में एसएन सर, किरण कुमारी, रवि राज कुमार, मंजीत कुमार सिंह, योगेश कुमार, प्रकाश कुमार, सम्राट कुमार सिंह, रुखसाना प्रवीण, अंजू कुमारी, मधु कुमारी, आशा कुमारी और सिमरन कुमारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बिक्रमगंज में पैक्स चुनाव के नतीजे हुए घोषित, नए प्रत्याशी विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड में एकमात्र शिवपुर कृषि साख सहयोग समिति के लिए हुए मतदान में बुधवार को निर्णायक दौर में पैक्स अध्यक्ष की सीट में लोगों ने बदलाव किया है और इस बार नए अध्यक्ष के रूप में ज्योति सिंह को विजई घोषित किया गया है जो अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह को 41 मतों से पराजित किया। बताते चलें कि शिवपुर पैक्स के लिए यह चुनावी मुकाबला बड़ा रोमांचक और चर्चित था क्योंकि प्रखंड ही नहीं बल्कि अनुमंडल भर की निगाहें इस पैक्स पर थी। मालूम हो कि ज्योति सिंह पूर्व मुखिया अमित इसके सगे भाई हैं। इसलिए आज से भी यह चुनाव काफी चर्चा में था। मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में करने की भरपूर प्रयासों के तहत प्रत्याशियों ने जोर आजमाइश की और जैसे ही मतदान होने के बाद वोटरों के मत कैद हुए, सबने कयास लगाना शुरू कर दिया और अंततः मतगणना के बाद स्थिति स्पष्ट हुई तथा ज्योति सिंह के 41 मतों से विजई घोषित होने की सूचना प्राप्त हुई। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मतगणना स्थल से उद्घोषणा नहीं हो पाई है, परंतु जीत की स्थिति स्पष्ट बताई गई।


**Government of Jharkhand**
**Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004
**NOTICE INVITING TENDERS**
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)
**Re-eTender No.- 11/ 2025-26- Ranchi, Dated: 17.03.2026**
**PR No- 364457** **dated 18.10.2025 (2nd Call)**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-1, 2025-26).

| Sr. No | District Name | Block Name | Tendering Package | Road Name / Bridge Name | Road Length (Kms) | Sanction Construction Cost (in lakhs) | Sanction Maintenance Cost | Total Sanction Cost with Maint. (in lakhs) | Total Package Cost (in lakhs) | Earnest Money (In Lakh) | Time of Completion (in month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Palamu | Bishrampur | JH-17-PMJANMAN-PAL-01 (2025-26) | L021-Sohdag Khurd To Kumbhi Kala Main Road | 5.500 | 436.04 | 44.18 | 480.22 | 1,023.11 | 20.46 | 15 |
| | Palamu | Bishrampur | | L022- Itko Panchyat Sachiwalay To Sinjo | 2.600 | 214.28 | 20.51 | 234.79 | | | |
| | Palamu | Bishrampur | | L023-Khumbhi Khurd More To Theki | 3.500 | 279.29 | 28.81 | 308.10 | | | |
| | | Total | | | 11.60 | 929.61 | 93.50 | 1023.11 | 1023.11 | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in** The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding: From | Availability of tender (on-line) for bidding: To | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender: Technical bid | Date & time of opening (on-line) of tender: Financial bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Engineer inChief, JSRRDA, Ranchi | Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi | 19.03.2026 at 10.00 AM | 06.04.2026 upto 5.00 PM | 25.03.2026 upto 2.00 PM | 06.04.2026 upto 5.00 PM | 06.04.2026 at 0530 PM | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

Sd/-
Engineer-in- Chief
Rural Works Department- Cum- JSRRDA, Ranchi

PR 375447 Rural Work Department(25-26)D

# 244 करोड़ की 21 योजनाओं का शिलान्यास, 55 करोड़ की 37 योजनाओं का उद्घाटन








**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' के क्रम में 18 मार्च 2026 को नवादा जिला आगमन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री द्वारा बिहार गृह रक्षा वाहिनी, बुधौल (नवादा) में बिहार गृह रक्षा वाहिनी एवं बिहार अग्निशमन सेवा से संबंधित विभिन्न स्टॉलों के निरीक्षण से की गई। जिला पदाधिकारी ने अवगत कराया कि गृह रक्षा वाहिनी का कार्यालय सह आवासीय भवन का निर्माण कराया गया है। यह परिसर कुल एक एकड़ भूमि पर विकसित किया गया है। इस भवन के निर्माण पर कुल 10,51,68,750 (दस करोड़ इक्यावन लाख अड़सठ हजार सात सौ पचास) रुपये की लागत आई है। उक्त भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा 10.02.2025 को 'प्रगति यात्रा' के क्रम में किया गया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बक्सर एवं जहानाबाद जिलों के कुल 228 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके उपरांत माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 'प्रगति यात्रा' के क्रम में पूर्व में शुभारंभ की गई योजनाओं की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा निर्माणाधीन संजीवनी वाटिका पार्क, बुधौल (नवादा) का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि संजीवनी वाटिका का निर्माण 6.80 करोड़ रुपये की लागत से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा कराया जा रहा है। यहाँ मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की उपलब्धियों, योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी ली तथा आम जनता को मिलने वाले लाभों पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के अगले चरण में मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 244 करोड़ रुपये की लागत से 21 योजनाओं का शिलान्यास तथा लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत से 37 योजनाओं का उद्घाटन रिमोट बटन दबाकर किया गया। इन योजनाओं के माध्यम से जिले में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विकासात्मक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति सुनिश्चित होगी। इसके पश्चात आईटीआई परिसर, नवादा में मुख्यमंत्री द्वारा जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अंत में मुख्यमंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें उन्होंने सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं भविष्य की विकासात्मक आकांक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## न्याय के साथ विकास और सुशासन का नीतीश मॉडल ऐतिहासिक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बेन प्रखंड सह अंचल कार्यालय के आवासीय भवन का (प्रा राशि लगभग 123.57 लाख रुपये) शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह परिवहन विभाग के मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में अकल्पनीय परिवर्तन हुआ है। आज लोग गर्व से अपने आप को बिहारी कहलाना पसंद करते ये परिवर्तन हमारे नेता ने किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सम्मान और स्नेह से बिहार जनसेवक कहते है। इन्होंने दशकों बिहार की सेवा की, आज भी अनवरत लोगों की तकलीफें दूर करने में लगे रहते हैं। अपने संकल्प और समर्पण से इन्होंने बदहाल प्रदेश को खुशहाल बिहार बना दिया। इनकी तरह का संकल्पित व्यक्तित्व सार्वजनिक जीवन में दूसरा कोई दिखाई ही नहीं पड़ता। राज्य की बदहाली से खुशहाली तक के सफर के पीछे नीतीश कुमार की कर्तव्यनिष्ठा और बिहार को बदलने की जीवटता समाहित रही है। पिछले 20 वर्षों से बिहार और बिहारवासियों की सेवा के लिए कटिबद्ध सच्चे मायनों में बिहार के बदलाव के प्रतीक हैं। उन्होंने सामाजिक न्याय को धरातल पर उतारा और अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव के संवाहक बने। बिहार को एक नई पहचान देने वाले देश के सबसे लोकप्रिय नेता है बिहार ने हर दौर देखा है। जंगलराज की कराह सुनी तो सुशासन राज में बिहार को बदलते, विकसित होते देखा है। निशांत कुमार के सार्वजनिक जीवन की यात्रा शुरू हुई तो बिहार को इस बात का भरोसा हुआ है कि एक संवेदनशील युवा नेतृत्व आने वाले दिनों में जनसेवा की लंबी लकीर खींचेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल,प्रखंड प्रमुख रंजू देवी लक्ष्मण प्रसाद, टुनटुन सिंह, कुमुद कुमार, आलोक कुमार, उपप्रमुख मो कलीम, सुधीर प्रसाद, शैलेंद्र प्रसाद, जितेंद्र कुमार,भागेरण पाल, जीतू मुखिया, अविनाश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक पर सवार तीन लोगों को कुचला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र के एनएच -20 पर करिगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप बुधवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे एक भयंकर सड़क दुर्घटना हुई। इस दुर्घटना में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक पर सवार रहे तीन लोगों को कुचलते हुए भाग खड़ा हुआ। स्थानीय लोगों के द्वारा डायल 112 की टीम को मदद हेतु बुलाया गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायल तीनों बाइक सवारों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों में छोमुहा गांव निवासी मिथलेश मिस्त्री के पुत्र प्रिंस कुमार,दिलीप प्रसाद के पुत्र विक्रम कुमार एवं श्री प्रसाद के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई व दवाइयां दी गई है। साथ ही कहा कि घायल प्रिंस कुमार के पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गम्भीर चोटें आई है एवं विक्रम कुमार का हाथ टूटा हुआ है,जिसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। सड़क दुर्घटना की खबर मिलते ही घायलों के परिजन अस्पताल परिसर पहुंचे एवं उनकी स्थितियों को देखकर रोने-बिलखने लगे। घायलों ने बताया कि वे रजौली से नवादा दवाई लाने जा रहे थे,इसी बीच वे जैसे ही टोल प्लाजा पार किए कि एक अनियंत्रित ट्रैक्टर उनके कुचलते हुए भाग गया। घायलों ने इलाज के बाद थाना को लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों अथवा उनके परिजनों द्वारा लिखित आवेदन मिलने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### विवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के खरसरिया गांव में बुधवार के संध्या एक विवाहिता ने फांसी लगा आत्महत्या कर लिया। मृतक की पहचान गांव निवासी भोला चौधरी के 18 वर्षीया पत्नी सोनी देवी के रूप में की गयी। इधर घटना की जानकारी मिलते ही नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा घटना पर दलबल के साथ पहुंच शव को कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया गया है।

## नालंदा की 'तन्वी' को पुणे के दंपति ने अपनाकर दिया परिवार का प्यार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कल्याण बिगहा ओपी थाना पुलिस को 7 अक्टूबर 2024 को परित्यक्त अवस्था में मिली महज 10 दिन की मासूम बालिका तन्वी कुमारी की जिंदगी में अब खुशियों ने दस्तक दे दी है। बाल कल्याण समिति, नालंदा के निर्देश पर चिकित्सीय देखभाल के बाद उसे विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में सुरक्षित रखा गया था। समय के साथ इस मासूम को अपना बनाने के लिए महाराष्ट्र के पुणे निवासी दंपति सचिन शाम पाटिल और सुजाता सचिन पाटिल आगे आए। 27 फरवरी 2025 को उन्होंने संस्थान पहुंचकर बालिका से मुलाकात की और सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद 17 मार्च 2026 को उसे विधिवत गोद ले लिया। इस भावुक और खास मौके पर नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने दंपति को दत्तक ग्रहण आदेश पत्र सौंपा। दत्तक ग्रहण के बाद अब बालिका की नई पहचान तन्वी सचिन पाटिल के रूप में हुई है, जिससे उसे एक सुरक्षित और स्नेहभरा परिवार मिल गया है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर सचिन पाटिल और दंत चिकित्सक सुजाता पाटिल ने इस पहल के जरिए मानवता की मिसाल पेश की है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान ने भी इस सराहनीय कदम के लिए दंपति की प्रशंसा की है। वहीं जिलाधिकारी ने बालिका के उज्ज्वल, सुरक्षित और खुशहाल भविष्य की कामना की।

## कलश यात्रियों के लिए सेवा शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** गायत्री ज्ञान मंदिर कौआकोल के तत्वावधान में आयोजित भव्य कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के लिए ग्राम रानीबाजार में सामाजिक उत्साह का माहौल देखा गया। रानीबाजार स्थित सूर्य मंदिर के समीप, शिव-पार्वती मंदिर कमिटी द्वारा एक विशेष सेवा शिविर लगाया गया। इस शिविर में कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच शीतल पेयजल एवं शर्बत का वितरण किया गया। भीषण गर्मी और धूप को देखते हुए कमिटी द्वारा की गई इस व्यवस्था की श्रद्धालुओं ने काफी सराहना की। शिव पार्वती मंदिर कमिटी के उपाध्यक्ष बिपिन चौरसिया ने इस अवसर पर कहा कि उनकी संस्था केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है,बल्कि सामाजिक सरोकारों और जनकल्याण के कार्यों में भी हमेशा तत्पर रहती है। श्रद्धालुओं की सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। सेवा शिविर को सफल बनाने और वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में कमिटी के सक्रिय सदस्यों शैलेंद्र कुमार, विनय कुमार, सनी सिंह, रवि, योगेश बर्णवाल, अमित चौरसिया आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। श्रद्धालुओं ने इस नेक पहल के लिए कमिटी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## समृद्धि यात्रा में हजारों महिलाएं लाल साड़ी में दिखीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** आईटीआई मैदान में बुधवार को आयोजित समृद्धि यात्रा कार्यक्रम में उस समय खास उत्साह देखने को मिला, जब नीतीश कुमार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी, जिसमें महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों से हजारों की संख्या में महिलाएं लाल साड़ियों में सुसज्जित होकर पहुंचीं। इनमें बड़ी संख्या में जीविका दीदियां भी शामिल थी, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बना दिया। महिलाओं की एकरूपता और उत्साह ने पूरे माहौल को जीवंत कर दिया। हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल सिंह भी अपने समर्थकों के साथ भारी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे। अपने संबोधन में उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में हुए विकास कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि 'जंगलराज' के दौर में जहां बिजली की भारी किल्लत थी, वहीं आज बिहार में बिजली व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने नवादा में गंगाजल आपूर्ति, पॉलिटेक्निक और मेडिकल कॉलेज की स्थापना तथा सड़कों के विकास को बड़ी उपलब्धि बताया। विधायक ने कहा कि इन योजनाओं से जिले में तेजी से विकास हुआ है और लोगों को सीधा लाभ मिला है। जीविका दीदियों की भारी भागीदारी पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता से महिलाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बनी हैं। कार्यक्रम में जिले के अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मौके पर रजौली, नवादा और गोविंदपुर के विधायक जदयू जिला अध्यक्ष राजकिशोर दांगी, बिहार राज्य नागरिक सदस्य शोभा देवी एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष एवं भारी संख्या में जीविका दीदी मौजूद थी।

## सीएम की समृद्धि यात्रा को लेकर रहुई में प्रशासन ने किया स्थल निरीक्षण

**बिहारशरीफ/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री की 'समृद्धि यात्रा' के तहत संभावित रहुई आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल, ट्रैफिक डीएसपी खुर्शीद आलम और थानाध्यक्ष ललित विजय ने संयुक्त रूप से प्रखंड परिसर स्थित खेल मैदान का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का बारीकी से जायजा लेते हुए सुरक्षा और विधि-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंच स्थल, आमजन के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, वीआईपी मूवमेंट और सुरक्षा घेराबंदी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग और पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ट्रैफिक डीएसपी खुर्शीद आलम ने विशेष रूप से कहा कि कार्यक्रम के दौरान जाम की स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों की भी तैयारी रखी जाए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, सघन चेकिंग और निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया गया। डीएसपी ने थानाध्यक्ष को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## 107 पशुओं का नि:शुल्क उपचार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** रजौली प्रखंड क्षेत्र के सवैयाटांड पंचायत के चटकरी में एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 49 पशुपालकों के 107 पशुओं का निःशुल्क उपचार एवं परामर्श किया गया। शिविर का आयोजन प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय सपही के तत्वाधान में किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपप्रमुख, रजौली विनोद राजवंशी ने की। शिविर में रजौली प्रखंड के पशु चिकित्सा दल के डॉ. नीरज कुमार सिंह, एवं डॉ. रेषु कुमार के साथ कर्मी, सोनू कुमार मौजूद रहे। शिविर में पशुपालकों को पशु बांझपन के कारण, रोकथाम एवं समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पशुपालकों को बताया गया कि पशुओं में बांझपन की समस्या को कैसे रोका जा सकता है और समय पर उपचार कैसे किया जा सकता है। शिविर में ग्रामीण पशुपालकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने पशुओं का निःशुल्क उपचार करवाया। पशुपालकों ने शिविर के आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन आगे भी किया जाना चाहिए।इस शिविर के माध्यम से पशुपालकों को अपने पशुओं के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें पशुओं की देखभाल के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और पशुपालकों को इसका लाभ मिला। शिविर में मैत्री कर्मी सह टीकाकर्मी अशोक प्रसाद, दीपक कुमार एवं सुधांशु कुमार ने सक्रिय सहयोग किया।

## हरनौत में भीषण अगलगी से कई दुकानें जलकर राख



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह भीषण आग लगने से सड़क किनारे स्थित कई दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गईं। आग की चपेट में आने से एक डॉक्टर की कार भी जलकर नष्ट हो गई। घटना के दौरान दुकान में रखे चार गैस सिलेंडरों में एक के बाद एक विस्फोट होने से इलाके में अफरातफरी मच गई। यह हादसा उस समय हुआ जब लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। अचानक दुकानों से उठती ऊंची लपटों को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत दुकानदारों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हरनौत थाना की पुलिस और अग्निशामन कर्मी मौके पर पहुंचे। आग पर काबू पाने के लिए बिहारशरीफ से बड़ी दमकल गाड़ी भी मंगाई गई। घटना स्टेशन रोड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के पास गोनावा रोड के समीप की बताई जा रही है। अगलगी में श्रीचंदपुर निवासी इकबाल की खस्सी मीट की दुकान और नियामतपुर निवासी प्रियंका देवी की दुकान पूरी तरह जल गई। प्रियंका देवी ने बताया कि उन्होंने जीविका समूह से 50 हजार रुपये का लोन लेकर दुकान शुरू की थी, लेकिन इस हादसे में उनकी सारी पूंजी जलकर खाक हो गई।

पास के क्लीनिक संचालक जतन प्रसाद की कार भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गई। इसके अलावा फूस और टीन से बनी तीन अन्य दुकानें भी जलकर राख हो गईं। अग्निशमन विभाग के अधिकारी अमरजीत कुमार ने बताया कि आग बुझाने के दौरान चार गैस सिलेंडरों में विस्फोट हुआ, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। हालांकि, दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण यह हादसा हुआ होगा। पीड़ित दुकानदारों ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि वे दोबारा अपना व्यवसाय शुरू कर सकें।

## साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इनर व्हील क्लब ऑफ बिहारशरीफ द्वारा सोहसराय स्थित किसान कॉलेज में साइबर क्राइम विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य प्रो.(डॉ) दिव्यांशु कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सेमिनार में क्राइम ब्रांच की इंस्पेक्टर कुंती कुमारी, सब-इंस्पेक्टर अबू तालीम, साइबर इंस्पेक्टर निखिल आनंद एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक प्रकाश रंजन ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल दौर में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। विशेषज्ञों ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक और लॉटरी या नौकरी के झांसे से दूर रहें। अपनी यूपीआई पिन, ओटीपी या बैंकिंग से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। यदि किसी प्रकार की वित्तीय धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम की अध्यक्ष रश्मि रानी ने कहा कि बढ़ते साइबर अपराध के बीच लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से इस सेमिनार का आयोजन किया गया, ताकि लोग मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से सतर्क रह सकें और अपनी जमा पूंजी सुरक्षित रख सकें। इस अवसर पर सचिव कुमारी रश्मि, पूर्व अध्यक्ष रचना दिनेश, मंजू प्रकाश, एडिटर पूनम कुमारी, सदस्य अमिता रानी एवं नीतू सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जाम से लोग हो रहे हैं परेशान

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां बाजार में जाम से लोग परेशान हैं। खासकर वारिसलीगंज मोड़ के पास जाम लगता है। वह भी वैसे समय में जाम लगता है, जब बच्चों एवं शिक्षकों को विद्यालय जाना होता है। बाइकर्स जाम में नहीं फंसने के भय से काफी तेज गति से निकलते है। जिससे हादसे की प्रबल संभावना बनी रहती है। बुधवार को वारिसलीगंज मोड़ के पास जाम को देखकर थानाध्यक्ष वाहन से उतरकर जाम को हटाया।

### अतिक्रमण से लोगों को हो रही है परेशानी

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के गांधी टोला जाने वाले रास्ते में जबरदस्त अतिक्रमण है। लोग रास्ते पर ही सीढ़ी बना लिए हैं। जगह- जगह पर बड़े- बड़े अवरोधक दे दिया गया है। इतना ही नहीं रास्ते पर ही बालू, गिट्टी आदि गिरा दिया गया है। महीनों तक रास्ते पर ही सामान गिरा रहता है। किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से ऐसे लोगों का मनोबल बढ़ रहा है।

### चैत्र नवरात्रि के आगमन पर निकली कलश यात्रा

**कौआकोल।** वासंतिक (चैत्र) नवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को गायत्री ज्ञान मंदिर कौआकोल से एक भव्य और दिव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला,जहाँ सैकड़ों कलशधारी बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा गायत्री ज्ञान मंदिर कौआकोल से प्रारंभ होकर बाजार भ्रमण करते हुए थाना रोड से सूर्य मंदिर पहुँची। यहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरकर श्रद्धालु पुनः बीझो गांव होते हुए आश्रम जोगाचक मोड़ से। गायत्री ज्ञान मंदिर लौटे,जहाँ यात्रा का विधि-विधान से समापन हुआ। पीले और लाल वस्त्रों में सजी महिलाओं के 'जय माता दी' के जयघोष से पूरा मार्ग गुंजायमान हो उठा। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सुरेश प्रसाद यादव,उपेंद्र कुमार,रविंद्र प्रसाद, अजय कुमार,माला सिंह,उषा कंचन,सुनीता कुमारी,आशा देवी,सविता देवी,डॉ. सियामणि,श्रीकांत प्रसाद,श्रीचंद प्रसाद,आयुष कुमार साव सहित क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजकों ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए इस कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। गुरुवार को विधिवत कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाली माँ दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना का संकल्प लिया जाएगा।

### ऋषि राज ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा में लहराया परचम

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय शिरी के वर्ग पांचवीं कक्षा के छात्र ऋषि राज ने वर्ष 2026 में घोषित जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उसके इस सफलता पर उसके पिता बिनोद कुमार,माता नीलम देवी सहित अन्य स्वजन गर्व महसूस कर रहे हैं। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने बताया कि वर्ग पांचवीं कक्षा के छात्र ऋषि राज पढ़ने में काफी लगनशील एवं मेहनती है। इसी कारण उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा में सफलता हासिल किया। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अजीत कुमार ने छात्र ऋषि राज के इस सफलता पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दिया तथा छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### डीएम के आदेश के बावजूद दोषी वार्ड पार्षद पर कार्रवाई नहीं, लोगों में बढ़ी नाराजगी

**हिलसा (नालंदा)।** नगर परिषद हिलसा के वार्ड संख्या 10 में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े कमीशनखोरी के मामले में जांच समिति द्वारा दोषी ठहराए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामला उस समय सुर्खियों में आया जब वार्ड की लाभुक सुमन्ता देवी ने वार्ड पार्षद शैलेन्द्र कुमार पर आवास योजना का लाभ दिलाने के बदले 30 हजार रुपये की अवैध मांग और धमकी देने का आरोप लगाया। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें आरोप स्पष्ट रूप से सामने आए। वीडियो सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने जांच समिति गठित की। समिति ने लाभुक और उनके परिजनों से पूछताछ, वीडियो सत्यापन तथा संबंधित दस्तावेजों की जांच के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि योजना की राशि जारी होने के बाद लाभुक से 30 हजार रुपये की मांग की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में आरोपों को प्रथम दृष्टया सही मानते हुए संबंधित पार्षद के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की। सूत्रों के अनुसार, जिला पदाधिकारी ने भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके, एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई प्रशासनिक कदम नहीं उठाया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीओ अमित कुमार पटेल ने बताया कि नगर परिषद को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार ने स्पष्ट जवाब देने से परहेज किया।

# इस वर्ष शोभायात्रा को और अधिक भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारी : डॉ. प्रेम कुमार

## रामनवमी शोभायात्रा को लेकर बैठक, भव्य आयोजन की तैयारियां तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बुधवार को आगामी 26 मार्च को आयोजित होने वाली रामनवमी शोभायात्रा को सफल बनाने के उद्देश्य से गया स्थित अतिथि गृह सभागार में श्री रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया टाउन क्षेत्र में परंपरागत रूप से 104 स्थलों से झंडा निकलता रहा है, लेकिन इस वर्ष इससे अधिक संख्या में झंडा निकलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के साथ हुई बैठक में शोभायात्रा से जुड़े सभी पहलुओं–झांकी, राम मूर्ति और सुरक्षा व्यवस्था–पर विस्तार से चर्चा की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष शोभायात्रा को और अधिक भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारी की जा रही है। नगर की साज-सज्जा के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। साथ ही इस बार शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ेगी, जो समाज में सकारात्मक संदेश देगी। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि यह शोभायात्रा वर्ष 1990 से लगातार आयोजित की जा रही है और इसमें जिला प्रशासन का सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने सभी वर्गों और मोहल्लों के लोगों से सक्रिय भागीदारी की अपील की, ताकि यह आयोजन सामाजिक एकता का प्रतीक बन सके। उन्होंने आगे जानकारी दी कि 20 मार्च को मुख्यमंत्री की प्रस्तावित प्रगति यात्रा के बाद समिति की एक छोटी टीम और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ पुनः बैठक कर तैयारियों की अंतिम समीक्षा की जाएगी। बैठक में क्षितिज मोहन, हिमांशु राज, साकेत झा, प्रताप सिंह, विकास भदानी, देवोत्तम कुमार, चंदन भदानी, यमुना, मनीष सिंह, नवीन कुमार, शशिकांत, प्रदीप, विकास कुमार, ऋषि लोहानी, दीपक दीपू, रजनीश कुमार, अमित लोहानी, राकेश आईटी, नवीन वर्मा, अनिल सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गया में बेलगाम ट्रैक्टरों का कहर : अवैध बालू खनन से बढ़ रहीं मौतें, प्रशासन पर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** शहर में इन दिनों अवैध बालू खनन और तेज रफ्तार ट्रैक्टरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सड़कों पर बेलगाम दौड़ते इन ट्रैक्टरों की वजह से आम लोगों की जान जोखिम में पड़ गई है और आए दिन हादसे सामने आ रहे हैं। रविवार को सिविल कोर्ट की परीक्षा देने आए दो युवा छात्रों को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इसके बाद मंगलवार को भी इसी तरह की एक और घटना में एक व्यक्ति की जान चली गई। लगातार हो रही इन घटनाओं से शहरवासी दहशत में हैं और खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस मामले पर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि गया शहर में अवैध बालू खनन का खेल खुलेआम चल रहा है जबकि पुलिस और प्रशासन मूकदर्शक बने हुए हैं। शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से ट्रैक्टरों के जरिए बालू की अवैध ढुलाई की जा रही है जिसकी जानकारी प्रशासन को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने मांग की कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर यह पता लगाया जाए कि किन-किन मार्गों से ये ट्रैक्टर गुजरते हैं। इससे इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों और संभावित मिलीभगत का खुलासा हो सकता है। डॉ. मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि इस अवैध खनन के पीछे 20 से 50 लोगों का एक संगठित नेटवर्क काम करता है जो ट्रैक्टर चालकों को लोकेशन की जानकारी देता है। चालक एक हाथ से वाहन चलाते हुए दूसरे हाथ से मोबाइल पर सूचना लेते हैं जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित गति से चलते हैं और हादसे होते हैं। इस मुद्दे पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, राणा रणजीत सिंह, विजय प्रसाद गुप्ता उर्फ काला नाग, सुनील बंबइया, महेश यादव, मंटू कुमार, प्रवीण कुमार उर्फ छोटू, राजकुमार, बबलू गुप्ता, अजय नारायण सिंह, मुन्ना जी, हीरा यादव, अभिषेक कुमार, संजय यादव, शेखर कुमार, गोपाल प्रसाद यादव और दीपक पांडे सहित कई नेताओं ने जिला प्रशासन और वरीय पुलिस अधीक्षक से सख्त कार्रवाई की मांग की है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि अवैध खनन और बेलगाम ट्रैक्टरों पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो इस तरह की घटनाएं आगे भी जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि यह केवल दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि निर्दोष लोगों की हत्या के समान हैं।

# दहेज हत्या का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र से दहेज हत्या के एक मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन के तहत की गई। कोंच थाना कांड संख्या 536/25 के प्राथमिकी अभियुक्त रामकृपाल यादव, ग्राम रूपसपुर, थाना-कोंच, जिला-गया की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी दल में एएसआई सुरेश कुमार, विभा कुमारी सहित सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के संभावित ठिकाने पर दबिश दी गई जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि रामकृपाल यादव दहेज हत्या के गंभीर मामले में नामजद अभियुक्त था और लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले के अन्य बिंदुओं की भी गहनता से जांच कर रही है। ताकि पीड़िता के परिजनों को न्याय मिल सके।

# गया जंक्शन को दिया जा रहा विश्वस्तरीय स्वरूप : डॉ प्रेम कुमार

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान दिए कई सुझाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया जी।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन का निरीक्षण कर स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि गया जंक्शन को विश्वस्तरीय स्टेशन का स्वरूप देने के लिए तेजी और मजबूती से काम किया जा रहा है। निरीक्षण के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में रेल कंस्ट्रक्शन विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं और निर्माण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ प्रेम कुमार ने अधिकारियों से कहा कि स्टेशन के विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

उन्होंने कहा कि गया जंक्शन अंतरराष्ट्रीय महत्व का स्टेशन है क्योंकि यहां से बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटक आते-जाते हैं। विशेष रूप से बौद्ध धर्म से जुड़े श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए स्टेशन की सुविधाओं को आधुनिक और व्यवस्थित बनाना आवश्यक है। बैठक में उन्होंने स्टेशन परिसर की स्वच्छता, यात्री प्रतीक्षालय, पार्किंग व्यवस्था, प्लेटफॉर्म की सुविधाओं और प्रवेश-निकास मार्ग को और बेहतर बनाने के लिए कई सुझाव दिए। इसके साथ ही यात्रियों के लिए डिजिटल सूचना प्रणाली, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत करने पर जोर दिया गया। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि गया जंक्शन का विकास केवल रेलवे के लिए ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि यात्रियों और स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

# गर्मी से पहले गहराया पेयजल संकट, अहियापुर वार्ड-3 में नल-जल योजना ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही प्रखंड क्षेत्र में पेयजल की समस्या उभरने लगी है। बुधवार को प्रखंड के कुर्मावां पंचायत अंतर्गत अहियापुर वार्ड संख्या 3 के दर्जनों ग्रामीणों ने बंद पड़ी नल-जल योजना को चालू कराने की मांग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से गुहार लगाई। ग्रामीण प्रह्लाद रंजन, राघवेंद्र कुमार, संतोष कुमार, नरेंद्र शर्मा, डीके सिंह, प्रिंस कुमार, भोला साव और अंबुज कुमार सहित अन्य ने बीडीओ को आवेदन सौंपते हुए बताया कि वार्ड संख्या 3 में नल-जल योजना की स्थिति अत्यंत खराब है। पाइपलाइन जर्जर हो चुकी है और कई दिनों से पानी की आपूर्ति बंद है। इसके कारण लोगों को पीने के पानी के लिए दूसरे वार्डों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक किसी तरह दूसरे वार्डों से पानी लाकर काम चलाया जा रहा था, लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ वहां भी दबाव बढ़ गया है जिससे पानी की समस्या और गंभीर होती जा रही है। उन्होंने अविलंब योजना को दुरुस्त कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने बताया कि पीएचईडी के कनीय अभियंता (जेई) को योजना की जांच कर आवश्यक मरम्मत कराने का निर्देश दे दिया गया है, ताकि जल्द से जल्द जलापूर्ति बहाल की जा सके।

# शेरघाटी के लाल सुमंत सिंह का कोंच में भव्य स्वागत, भागवत महापुराण यज्ञ में किए गये आमंत्रित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** 'कौन कहता है आसमां में सुराग नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो' – इस कहावत को चरितार्थ किया है शेरघाटी के प्रतिभाशाली युवा गायक सुमंत सिंह ने। विपरीत परिस्थितियों में पले-बढ़े सुमंत सिंह ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर संगीत की दुनिया में पहचान बनाई है। बुधवार को शेरघाटी से कोंच प्रखंड मुख्यालय पहुंचे सुमंत सिंह का कोंच वासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्हें आगामी 20 मार्च से आयोजित होने वाले भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में शामिल होने का न्योता भी दिया गया। बताया जाता है कि बचपन में ही माता-पिता के निधन के बाद सुमंत सिंह अनाथ हो गए थे। दादा के सानिध्य में रहकर उन्होंने स्नातक एवं परास्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद मुंबई जाकर उन्होंने निर्देशक अली एजाज जफर के निर्देशन में बनी फिल्म तांडव में भी काम किया। सुमंत सिंह ने रंगमंच की विधिवत शिक्षा देश के प्रतिष्ठित संस्थान श्री राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स से प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने मॉडलिंग में भी अपनी प्रतिभा दिखाई। भोजपुरी संगीत जगत में वे चर्चित गायिकाओं प्रियंका सिंह और शिल्पी राज के साथ भी काम कर चुके हैं।

# महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति सजग रहने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया जी।** जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रश्मि वर्मा एवं सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग गया जी की अध्यक्षता में जिला परिषद परिसर में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013) के अंतर्गत निजी कार्यालयों में गठित आंतरिक समिति के सदस्यों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला /प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करना तथा संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देना था जिसमें समिति के सदस्यों को उक्त अधिनियम से जुड़े विभिन्न पहलुओं–जैसे आंतरिक समिति एवं स्थानीय समिति का गठन, शिकायत प्रक्रिया, जांच की विधि एवं निवारण तंत्र–के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान अन्य विभागों के कर्मी, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर एवं सेविका भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम की जिला परियोजना प्रबंधक जयवंती सिन्हा, जिला मिशन समन्वयक सुशांत आनंद, जेंडर स्पेशलिस्ट विशाल कुमार सहित सभी कर्मीगण उपस्थित थे। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में बीए एलएलबी की छात्रा साक्षी सिन्हा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।

# गयाजी में बाहरी टोटो बंद करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** महिलाओं से बदसलूकी का आरोप लगाते हुए महिला आयोग सदस्य एवं महिला विकास मंच के पूर्व संयोजक ने गयाजी शहर में टोटो बंद करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ईद एवं छठ महापर्व पर अन्य जिलों से आए टोटो के कारण शहर में रोज जाम की समस्या उत्पन्न हो रहा है। इस दौरान महिलाओं से टोटो चालक बदसलूकी भी कर रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने समस्या समाधान को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष से गुहार लगाई है। कहा कि समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गयाजी आ रहे है। ऐसे में लोगों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन टोटो चालकों पर उचित कार्रवाई करेगी।

# रेल यात्रियों व रेल सम्पत्ति की सुरक्षा के प्रति सजगता जरूरी : दिनेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** रेलवे की प्रगति और समृद्धि में आरपीएफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बात पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर ने कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरपीएफ केवल सुरक्षा एजेंसी ही नहीं बल्कि यात्रियों के विश्वास और रेलवे की साख को बनाए रखने का प्रमुख स्तंभ भी है। रेलवे यात्रियों और रेल सम्पत्ति की सुरक्षा के प्रति सजगता जरूरी है। उन्होंने कहा कि आरपीएफ अधिकारियों और जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आरपीएफ के कंधों पर जिम्मेदारियां पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है। ऐसे में सभी कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना होगा। श्री तोमर ने कहा कि रेल संपत्ति की सुरक्षा के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित करना आरपीएफ की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान से ही आरपीएफ की छवि मजबूत होगी। इसके लिए सतर्कता, अनुशासन और संवेदनशीलता बेहद जरूरी है।

**ड्यूटी में लापरवाही से बचें, ईमानदारी से निभाएं कर्तव्य**

वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री तोमर ने अपने संबोधन में आरपीएफ अधिकारियों और जवानों को ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि छोटी सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए हर परिस्थिति में सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने कर्मियों को ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का संदेश दिया। साथ ही यह भी कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ाना होगा। तोमर ने कहा कि आरपीएफ का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने अधीनस्थों का मार्गदर्शन करें और उन्हें समय-समय पर प्रेरित करते रहें। उन्होंने विश्वास जताया कि आरपीएफ के सभी अधिकारी और जवान अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाएंगे।

# अवैध शराब बरामद, दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/ गया।** डोभी थाना पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान कुल 25 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार केसापी गांव की रिंकू देवी के पास से 15 लीटर तथा कंजियार गांव की सरस्वती देवी के पास से 10 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा शराब के सेवन के आरोप में अंगरा निवासी राजेश मांझी तथा कंजियार, डोभी निवासी गनौरी मिस्त्री को भी गिरफ्तार किया गया है।

**AFFIDAVIT**

I, Md Anwar Hussain S/o Saiyad Khan Vill.- Kalwan P.O.-Darioura PS-Amas, Dist.-Gayaji (Bihar) Declare vide affidavit no. 8817/17.03.26 that as per Aadhar no. 3237 0125 2271 my name is mention Md Anwar Hussain which is true actual and fact. That in passport No. 18 P1055973 my name mention Md Anwar Khan. Both name is same person no any other.

**बिहार सरकार**

**कार्यालय, नगर पंचायत, नबीनगर (औरंगाबाद)**

**जन साधारण हेतु आवश्यक सूचना**

एतत् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, नबीनगर के सभी 14 वार्डो को 'SBM ODF+' घोषित किया जाना है, इस संबंध में अगर किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपति/ सुझाव हो तो वे प्रकाशन की अवधि से 15 दिनों के अन्दर अपना दावा/आपति/सुझाव नगर पंचायत, नबीनगर के Email- nagarpanchayat.navinagar@gmail.com पर लिखित रूप से उपलब्ध करा सकते है। यदि उक्त अवधि के अन्दर किसी भी प्रकार का दावा/आपति/सुझाव प्राप्त नहीं होता है तो नगर पंचायत, नबीनगर क्षेत्रान्तर्गत सभी 14 वार्डो को 'SBM ODF+' घोषित कर दिया जायेगा।

PR. No. 026613 (B&C ) 2025-26

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, नबीनगर

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**

# शेरघाटी में 11 करोड़ का बजट पास, लिए कई निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** नगर परिषद शेरघाटी की बुधवार को आयोजित बैठक में 111 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पारित किया गया जिसने शहर के समग्र विकास की दिशा तय कर दी है। यह बजट पिछले वर्ष के 78 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 42 प्रतिशत अधिक है जिससे आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और शहर के सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया जाएगा।

बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार शहर की सड़कों और नालियों को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने पर प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की योजना को भी मंजूरी दी गई जो स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम पहल मानी जा रही है।

नगर क्षेत्र में 1200 नई स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्णय लिया गया है जिससे रात के समय सुरक्षा और आवागमन में सुविधा बढ़ेगी। शहर के प्रवेश और निकास द्वारों पर फूलों की सजावट एवं आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित कर शेरघाटी को नया स्वरूप देने की योजना बनाई गई है। बजट में मोरहर ड्राइव परियोजना के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो नई बाजार से राम मंदिर तक विकसित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त तीन विवाह मंडपों के निर्माण तथा अफजलपुर, समोदबीघा और मोरहर तट पर तीन पार्क विकसित करने की योजना भी शामिल है। आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद के पास करीब 75 करोड़ रुपये की आय का स्रोत उपलब्ध है। बैठक में मुख्य पार्षद गीता देवी, उपमुख्य पार्षद तारकेश्वर चौधरी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी रिचा प्रियदर्शनी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया**
बोकारो इस्पात संयंत्र
बोकारो स्टील सिटी -827001, झारखण्ड, भारत

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby notified to the Public that the pending Certificates or Mark Sheets of the candidates passed out in the past years from BSL Schools under Jharkhand Academic Council, which are available in BSL+2 HS, Sec-2/D, must be collected by the concerned students passed out from these schools, latest by 28.03.2026.

There after w e f 01.04.2026, the school will not function and will remain closed. Students concerned are advised to collect their certificates/mark sheets within the stipulated time.

Education Department
Bokaro Steel Plant

हर किसी की जिन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

संपादकीय

# इच्छामृत्यु : अंतिम विकल्प

विगत तेरह साल से कोमा में पड़े हरीश राणा को देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा इच्छामृत्यु की कानूनी इजाजत देने के मूल में सबसे बड़ी विडंबना यही है कि यह अनुमति हरीश के उन्हीं मां-बाप ने मांगी थी, जिन्होंने उसे जन्म दिया, पाला-पोसा। इच्छामृत्यु, जिसे अंग्रेजी में यूथेनेशिया कहते हैं कानूनी ढंग के पीड़ित को धीरे-धीरे मौत के मुंह में ढकेलना है, लेकिन इसकी अनुमति तभी दी जाती है, जब मरीज को बचाने के सभी उपाय खत्म हो जाएं और एकमात्र अंतिम विकल्प ऐहिक जीवन से मुक्ति रह जाए। हरीश राणा केस में यही हुआ है। इस दृष्टि से यह भारत का अपने ढंग का पहला मामला है। गौरतलब है कि हरीश राणा 20 अगस्त 2013 को एक इमारत की चौथी मंजिल से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके मां-बाप ने काफी इलाज कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। तब से हरीश वेंटीलेटर पर थे। यानी उनका शरीर लगभग अचेत था, केवल सांसें चल रही थीं। ऐसे में सवाल यह था कि हरीश के जीवित रहने का क्या अर्थ है? मेडिकल की भाषा में वो ब्रेन डेड हो चुके थे। बावजूद इसके उनके सांसों की डोर टूटी नहीं थी। 13 साल से इलाज और सेवा कराते-कराते उनके मां-बाप भी थक चुके थे। डॉक्टरों ने भी हाथ ऊंचे कर दिए थे। जान थी, लेकिन जीवन नहीं थी। ऐसे में बेहतर तो यही था कि हरीश को मुक्ति दी जाए। लेकिन इस तरह की किसी को भी जान से मार देना हत्या की श्रेणी में आता। क्योंकि हरीश के मामले में इच्छामृत्यु के साथ भी नैतिक सवाल जुड़ा था कि क्या मेडिकल साइंस जो मनुष्य को बचाने के लिए है, या किसी को परलोक भेजने के लिए है? क्या इसे किसी को मारने के लिए कानूनी तौर पर प्रयुक्त किया जा सकता है? जाहिर है कि कोई भी डॉक्टर ऐसा नहीं कर सकता। यह अगर व्यावहारिक रूप से सही भी हो तो भी उसे सर्वोच्च अदालत की अनुमति से ही किया जा सकता था। लिहाजा सारी उम्मीदें खो चुके और हरीश के शारीरिक कष्ट से व्यथित उसके मां- बाप ने सर्वोच्च अदालत की शरण ली और उनके पुत्र को मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की। एक याचिका पर सर्वांगीण विचार करते हुए कोर्ट ने बुधवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए हरीश के शरीर से कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति दी। हालांकि इस कानूनी इजाजत के बाद भी मरीज को इच्छासमृत्यु वरण करने तक की मेडिकल प्रक्रिया लंबी और क्रमिक है। इसके तहत धीरे- धीरे हरीश की जीवन रक्षक प्रणालियों को हटाया जाएगा। उन्हें जिंदा रखने के लिए दिए जाने वाले तरल पदार्थ भी बंद कर दिए जाएंगे। इसकी शुरूआत हो चुकी है। हालांकि भारत में इच्छामृत्यु अभी भी अपेक्षाकृत विरल है। इस बारे में लोगों की जागरूकता सीमित है। सांस्कृतिक रूप से, कई परिवारों को मृत्यु को जीवन के एक स्वाभाविक हिस्से के रूप में स्वीकार करना कठिन लगता है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2011 में चार दशकों से कोमा में पड़ी नर्स अरुणा शानबाग के लिए इच्छामृत्यु को अस्वीकार कर दिया था। शानबाग का 42 साल बाद निधन हो गया। ऐसे ही एक मामले में 2018 में कॉमन कॉज बनाम भारत संघ मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि गरिमा के साथ मरने का अधिकार अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) का हिस्सा है और लिविंग विल (अग्रिम चिकित्सा निर्देश) की अनुमति दी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु की प्रक्रियाओं को सरल बनाया, दो-स्तरीय मेडिकल बोर्ड सिस्टम शुरू की और पहले की प्रक्रियात्मक बाधाओं को कम किया। इसके बाद हरीश का यह पहला मामला है।

# नई विकास गाथा को ऊर्जा प्रदान कर रहा है भारत



**मनोहर लाल**

प्राचीन प्रार्थना ÷तमसो मा ज्योतिर्गमय÷ ङ्क अर्थात हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो ङ्क केवल आध्यात्मिक आकांक्षा भर नहीं, अपितु आधुनिक भारत की गाथा को भी दर्शाती है। बीते दशक में, कभी लगातार कमी से परिभाषित होने वाले विद्युत इकोसिस?टम को दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते, सबसे वैविध?यपूर्ण और सुधार-प्रेरित विद्युत बाज़ारों में से एक में परिवर्तित कर हमने इस आदर्श भावना को वास्तविकता में बदल दिया है।

जैसे-जैसे भारत स्वयं को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र, उभरती हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित कर रहा है, वैसे-वैसे विद्युत क्षेत्र हमारी राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता की आधारशिला बन गया है।

पिछले दशक में, हमने उत्पादन और पारेषण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे राष्ट्रीय ऊर्जा की कमी वित्त वर्ष 2013ङ्क14 में 4.2त्न से घटकर वित्त वर्ष 2025ङ्क26 तक मात्र 0.03त्न रह गई है। केवल वित्त वर्ष 2025ङ्क26 में ही (जनवरी 2026 तक), सभी स्रोतों से रिकॉर्ड 52.53 गीगावाट क्षमता जोड़ी गई है, जो एक ही वर्ष में जोड़ी गई अब तक की सर्वाधिक क्षमता है, जिसने 2024ङ्क25 में स्थापित 34.05 गीगावाट के पिछले सर्वोच्च स्तर को भी पार कर लिया है। कुल विद्युत उत्पादन वित्त वर्ष 2014 में 1,020.2 बीयू से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 1,830 बीयू हो गया है। प्रति व्यक्ति खपत 2014 में 957 किलोवाट-घंटे से बढ़कर 2025 में 1,460 किलोवाट-घंटा हो गई है, जो आर्थिक विकास और बेहतर पहुँच को दर्शाती है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि हर घर, खेत और उद्योग के पास उसकी आवश्यकता के अनुसार विश्वसनीय विद्युत उपलब?ध हो और भारत अब दुनिया में विद्युत का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता बन गया है।

यद्यपि हम 520 गीगावाट से अधिक विद्युत उत?पादित करने में सक्षम हैं, लेकिन किसी भी प्रणाली की असली परीक्षा अधिकतम मांग या पीक लोड को बिना किसी तरह के संचालनात्मक दबाव के संभाल सकने की उसकी क्षमता होती है। साल 2024 की गर्मियों में अधिकतम मांग रिकॉर्ड 250 गीगावाट तक पहुँच गई थी और वित्त वर्ष 2025ङ्क26 में यह 242.49 गीगावाट रही। इससे पहले मांग में इस तरह की वृद्धि से ग्रिड पर दबाव पड़ सकता था, लेकिन हमारे लोड डिस्पैच केंद्रों ने लगभग शून्य ऊर्जा हानि के साथ इसे सफलतापूर्वक प्रबंधित किया। यह मजबूती दुनिया के सबसे बड़े समकालिक ग्रिडों में से एक के कारण संभव हुई है, जिसमें 120 गीगावाट अंतर-क्षेत्रीय स्थानांतरण क्षमता है, जो देश को ÷एक राष्ट्र-एक ग्रिड-एक फ्रीक्वेंसी÷ में एकीकृत करती है।

प्रेरणादायक बात केवल यह नहीं है कि हम कितनी विद्युत का उत?पादन करते हैं, बल्कि यह भी है कि हम उसे कैसे उत?पादित करते हैं। गैर-जीवाश्म ईंधन पर आधारित क्षमता का अंश तेजी से बढ़ा है, जिसकी बदौलत भारत 50त्न संचयी गैर-जीवाश्म ईंधन पर आधारित विद्युत क्षमता हासिल करने के अपने एनडीसी लक्ष्य को निर्धारित समय से लगभग पाँच वर्ष पहले ही हासिल करने में समर्थ हो सका है। यह स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु के प्रति हमारी संकल?पबद्धता को दर्शाता है।

2014 से, मिशन मोड योजनाओं के माध्यम से विद्युत क्षेत्र को नए रूप में ढाला गया है, जिन्होंने पहुँच का विस्तार करते हुए सतत परिवर्तन को भी गति दी है। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना ने भारत के हर गांव तक बिजली पहुँचायी, इसके बाद सौभाग्य योजना आई, जिसने लाखों घरों को बिजली से रोशन किया और ऊर्जा तक पहुँच को सभी के लिए वास्तविकता बना दिया।

एक अन्य परिवर्तनकारी सुधार सितंबर 2025 में समान आईएसटीएस सबस्टेशनों पर सौर और गैर-सौर घंटों के लिए अलग-अलग कनेक्टिविटी की शुरुआत है। सौर परियोजनाओं को सौर घंटों के दौरान पहुँच मिलती है, जबकि भंडारण और पवन परियोजनाओं को गैर-सौर घंटों में पहुँच मिलती है। इससे बड़ी मात्रा में अप्रयुक्त पारेषण क्षमता का उपयोग संभव होता है, अतिरिक्त लाइनों की आवश्यकता के बिना नवीकरणीय और भंडारण परियोजनाओं के कमीशनिंग में तेजी आती है, पारेषण लागत घटती है और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होता है।

डिजिटल सशक्तिकरण हमारे आधुनिकीकरण की गाथा का महत्वपूर्ण अंश है। संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत 3.03 लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ हम पूरे देश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लागू कर रहे हैं, जिससे उपयोगिताओं और नागरिकों के बीच संबंधों में परिवर्तन आ रहा है। इस योजना के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ चुके हैं- एटी एंड सी हानियां 2021 में 21.91त्न से घटकर 2025 में 15.04त्न हो गई हैं, और प्रति यूनिट आपूर्ति पर अंडर-रिकवरी 69 पैसे से घटकर 6 पैसे रह गई है।

जैसे-जैसे हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है, भविष्य की मांग का पूर्वानुमान लगाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि वर्तमान मांग का प्रबंधन करना। डेटा सेंटर की क्षमता 2030 तक 1.4 गीगावाट से बढ़कर 9 गीगावाट होने का अनुमान है, और केवल ये सुविधाएँ ही भारत की कुल विद्युत खपत के लगभग 3त्न का उपयोग कर सकती हैं।

हमारा अगला लक्ष्य एआई, अनुसंधान एवं विकास और अन्य प्रौद्योगिकी-संचालित इकोसिस्टम से उत्पन्न विद्युत की विशाल और लगातार बढ़ती मांग को निरंतर रूप से पूरा करना है। जैसे-जैसे नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार हो रहा है, ऊर्जा भंडारण अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। भारत तेजी से बढ़ती डिजिटल अवसंरचना को स्वच्छ ऊर्जा से संचालित करने के लिए पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाओं और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों का बड़े पैमाने पर विकास कर रहा है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन भारत को स्वच्छ ईंधनों के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है, ग्रिड स्थिरता और नवीकरणीय ऊर्जा की अधिक पैठ को बढ़ावा दे रहा है।

हम परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी निर्णायक कदम उठा रहे हैं, जो कम कार्बन और विश्वसनीय पावर मिक?स का एक आवश्यक हिस्सा है। 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता का हमारा लक्ष्य और स्ररूद्गङ्ख्ठ अधिनियम, 2025, हमारी तकनीकी संप्रभुता को प्रमाणित करते हैं और निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए कानूनी व नीतिगत ढाँचा तैयार करते हैं। अब हमें जो चाहिए, और जिसे यह समिट उत्प्रेरित कर सकता है, वह है तकनीक, वित्त और आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक साझेदारियाँ।

विकसित भारत को ऊर्जा प्रदान करने, ग?लोबल साउथ में विद्युतीकरण को तेज करने और मजबूत, भविष्य-सक्षम ऊर्जा तंत्र बनाने के लिए, हमें महत्वाकांक्षा तक सीमित न रह कर, समन्वित कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ना होगा। यही वह समय है जब सरकारें, उद्योग जगत के दिग?गज, नवप्रवर्तनकर्ता और वैश्विक साझेदार मिलकर एक ऐसी नई ऊर्जा संरचना का निर्माण करें–जो स्वच्छ, विश्वसनीय, डिजिटल रूप से एकीकृत और वैश्विक रूप से आपस में जुड़ी हुई हो। भारत को सीमा-पार विद्युत सहयोग का नेतृत्व करना चाहिए; अगली पीढ़ी के पारेषण, डिजिटल ग्रिड इंटेलिजेंस और ओएसओडब्ल्यूओजी -सरंखित बाजार तंत्र में साहसपूर्वक निवेश करना चाहिए; और डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोपावर नवाचार, लचीले गैस संसाधनों और स्वच्छ ऊर्जा का त्वरित उपयोग करना चाहिए। इस गति को ट्रांसमिशन सिस्टम ऑपरेटर और डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम ऑपरेटर के बीच मजबूत समन्वय और 2047 तक के लिए एकीकृत पावर सेक्टर रोडमैप द्वारा और भी सुदृढ़ किया जाना चाहिए, जो भारत को मजबूत, टिकाऊ और किफायती विद्युतीकरण का वैश्विक मॉडल बनाए।

इस पृष्ठभूमि में, नई दिल्ली में आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 विशेष महत्व रखता है। यह ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है जब राष्ट्र टिकाऊ, सुरक्षित और प्रौद्योगिकी-संचालित विद्युत तंत्र की दिशा में अपने संक्रमण को तेज कर रहा है।

÷विकास को विद्युतीकृत करना, टिकाऊ भविष्य को मजबूत बनाना और दुनिया से जुड़ना÷ (अर्थात इलेक्ट्रिफाइंग ग्रोथ, एम्पावरिंग सस्टेनेबिलिटी, कनेक्टिंग ग्लोबली) विषय के साथ, यह समिट विभिन्न हितधारकों को एक मंच पर लाते हुए वैश्विक ऊर्जा संक्रमण में भारत की नेतृत्वकारी क्षमता को प्रदर्शित करेगा। यह बुनियादी ढाँचे के आधुनिकीकरण, नवीकरणीय क्षमता के विस्तार और ग्रिड विश्वसनीयता को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा। यह समिट सहयोग, नीतिगत संवाद और निवेश जुटाने के लिए राष्ट्रीय और वैश्विक दोनों स्तर पर एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा।

हमारा अनुमान है कि 2032 तक विद्युत उत्पादन में 345 बिलियन डॉलर और पारेषण एवं वितरण में 68 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश संभावित है, जबकि केवल ऊर्जा भंडारण में ही 35 बिलियन डॉलर से अधिक का अवसर मौजूद है। यह वास्तविक मांग पर आधारित है, क्योंकि भारत की कुल उत्पादन क्षमता पहले ही 520 गीगावाट से अधिक है और तेजी से बढ़ रही है, साथ ही ग्रिड के उत्सर्जन तीव्रता घट रही है।

आइए, हम सभी एकजुट होकर विकसित भारत को ऊर्जा प्रदान करें और ग?लोबल साउथ की साझा समृद्धि के मार्ग को आलोकित करें।

(लेखक भारत सरकार के केंद्रीय विद्युत मंत्री हैं)

# शांति अभ्यास बनाम युद्ध अभ्यास

**सुधीर मोता**

सपने में क्या था ये आप को बताते हैं। पूरा सागर लबालब भरा था। किसी देश के सफेद बगुलों का झुंड सतह पर उतरा और स्थिर हो गया। तभी एक और देश के कबूतर एक चट्टान पर हौले से आ कर बैठ गये। उधर कुछ पेंग्विन पहले से ही आ चुके थे और किनारे पर काला कोट पहने वकीलों की तरह मानों कचहरी लगने के इंतजार में खड़े थे। हमने कभी किसी पेग्विन का बैठे हुए का कोई चित्र आज तक नहीं देखा सो सपने में भी वो खड़े थे। दूर से एक बड़ा षांत झुंड इंसानों का चला आ रहा था। इनकी पोशाक और मुद्रा से ही पता चल रहा था कि वे विभिन्न धर्मों के संत महात्मा मौलवी पादरी बैरागी हैं। फिर अचानक ही क्या देखते हैं कि कुछ बख्तरबंद गाड़ियां वहीं धड़धड़ाती हुई आ कर रूकीं। पीछे कुछ टेंक भी आ रहे थे। कुछ हवाई जहाज़ इतना तेजी से गुजरे कि वे सारे पक्षी फुर्र से उड़कर वहां से रफूचक्कर हो गये। सारे संत महात्मा मौलवी पादरी बैरागी देखते ही देखते लुप्त हो गये।

यकायक एक पनडुब्बी सतह पर उभरी और किनारे के पास स्थिर हो गई। एक बड़ा, भारी भरकम विमानवाहक पोत क्षितिज से दिखाई दिया। कई राष्ट्र विशेषण प्रमुख उस पर सवार थे बहुत जल्दी ही कुछ और आ गये और उनकी सभा शुरू हुई। यह पहली बार था कि लगभग सारे देशों के राष्ट्राध्यक्ष वहां उपस्थित थे, सारों के चेहरे पर तनाव था। उन्होंने अपने में से ही एक को सभा का प्रमुख चुन लिया था। भूमिका बताते हुए प्रमुख ने कहा - साथियों जैसा कि हम सब जानते हैं कि हम युद्ध प्रिय लोगों पर हमेशा ही यह संकट मंडराता है कि कहीं दुनिया में शांति का विस्फोट न हो जाये। थोड़ा बहुत तो हम रोज ही देखते हैं कई जगह दिनों तक शांति का प्रभुत्व बना रहता है। हम कुछ नहीं कहते। सोचते हैं आई है तो थोड़ी देर में अपने आप चली जायेगी। बैठक में कुछ नागरिक भी बुलाये गये थे, आयोजकों को पता था इन कुछ नागरिक लोगों के पास शांति स्थापना के बहुत से नुस्खे रहते हैं तभी न जब तब शांति शांति करते रहते हैं। सामान्य से दिखने वाले एक इंसान ने जो दंगों फसादों और युद्ध का बड़ा लाभार्थी था, कहा, साहब, कई बार तो हम घंटों तक पड़ोस के घर से लड़ने और बर्तन भांडे फेंकने की आवाज न आये तो बर्दाश्त कर लेते हैं। पड़ोसी के घर की बिजली चली जाये और कुछ देर तक तेज़ संगीत और लड़ाई झगडे की आवाज़ न आये तो दम घुटने लगता है उससे कितनी बार कहा इन्वर्टर लगवा ले। बाद में पता चला वह हेडफोन लगा कर गाने सुनता है और वे लोग घर में लड़ाई के समय अपने साउंड प्रूफ दरवाजे बंद कर लेते हैं। होते हैं कुछ लोग जो अपना ये सुख दूसरों से बांट नहीं सकते। खैर इस प्रवृत्ति पर रोक तो हम बाद में लगायेंगे पहले हमें पूरी दुनिया के बारे में सोचना है। हमें पता चल गया है एक गुप्त बैठक हुई है जिसमें सभी धर्मों के संत महात्मा मौलवी पादरी बैरागी यहां तक कि शांति के प्रतीक माने जाते कई पंछी भी उपस्थित हुए।

# भविष्य किसका : परमाणु या अक्षय ऊर्जा?

**विश्व परमाणु उद्योग स्थिति रिपोर्ट के ताज़ा आँकड़े बताते हैं कि दुनिया की ऊर्जा दिशा निर्णायक रूप से बदल चुकी है। बीते पच्चीस वर्षों से परमाणु ऊर्जा उद्योग लगभग ठहराव की स्थिति में है, वहीं नवीकरणीय ऊर्जा उसी अवधि में तेज़ी से आगे बढ़ रही है। रपट के अनुसार वर्ष 2025 में पूरी दुनिया में जहाँ केवल 4.4 गीगावॉट नई परमाणु क्षमता का विस्तार हुआ है, वहीं सौर और पवन ऊर्जा में लगभग 793 गीगावॉट की वृद्धि हुई। ये आँकड़े बताते है कि वैश्विक ऊर्जा नीति और निवेश की दिशा अब किस ओर मुड़ चुकी है। परमाणु ऊर्जा, जिसे कभी आधुनिकता और प्रगति का प्रतीक माना गया था, अब धीरे-धीरे हाशिये पर जा रही है। इसके उलट अक्षय ऊर्जा न केवल ऊर्जा उत्पादन का प्रमुख स्रोत बनती जा रही है, बल्कि वह एक नई सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक दिशा का प्रतिनिधित्व कर रही है।**

**कुमार सिद्धार्थ**

रपट यह भी इंगित करती है कि परमाणु रिएक्टर बनाने वाले देशों की संख्या तेज़ी से घट रही है। पिछले दो वर्षों में यह संख्या 16 से घटकर 11 रह गई है। कई देशों ने या तो अपने अंतिम निर्माण परियोजना पूरी कर ली हैं या फिर नई परियोजनाओं को स्थगित कर दिया है। फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जैसे देशों ने अपने आख़िरी निर्माण प्रोजेक्ट पूरे कर लिए हैं। वहीं अर्जेंटीना, ब्राज़ील और जापान ने निर्माण कार्यों को या तो रोक दिया है या पूरी तरह समाप्त कर दिया है। इन सबके बीच केवल पाकिस्तान ऐसा देश है, जो हाल के वर्षों में इस सूची में नया नाम बनकर उभरा है। आज दुनिया में 31 देश ऐसे हैं, जहाँ व्यावसायिक रूप से परमाणु बिजलीघर संचालित हो रहे हैं। लेकिन इनमें से भी केवल आठ देश ही नए रिएक्टर बना रहे हैं। इसके अलावा तीन देश बांग्लादेश, मिस्र और तुर्किये पहली बार अपने यहाँ परमाणु रिएक्टर बना रहे हैं। गौरतलब है कि इन तीनों देशों में यह काम रूसी परमाणु उद्योग की सहायता से हो रहा है।

शोधकर्ताओं का विश्लेषण बताता है कि वर्ष 2025 परमाणु उद्योग के लिए एक और निराशाजनक वर्ष रहा। जिस समय दुनिया जलवायु संकट से जूझ रही है और स्वच्छ ऊर्जा की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है, उस समय परमाणु ऊर्जा अपेक्षित भूमिका निभाने में असफल रही है। वर्ष में दुनिया भर में केवल चार नए रिएक्टर चालू हुए, जबकि सात रिएक्टर स्थायी रूप से बंद कर दिए गए।

आज वैश्विक स्तर पर केवल 404 परमाणु रिएक्टर ही संचालित हैं, जो 2002 के 438 से काफी कम हैं। परमाणु ऊर्जा की हिस्सेदारी वैश्विक बिजली उत्पादन में घटकर 9 फीसद रह गई है, जबकि 1996 में यह 17.5 फीसद थी। यह गिरावट बताती है कि परमाणु ऊर्जा न केवल विस्तार में पीछे छूट रही है, बल्कि अपने ऐतिहासिक प्रभुत्व को भी खोती जा रही है। आमतौर पर परमाणु संयंत्र को बनने में दस से पंद्रह साल लगते हैं, और लागत अक्सर शुरुआती अनुमान से दोगुनी-तिगुनी हो जाती है। परमाणु ऊर्जा केवल ऊर्जा उत्पादन का प्रश्न नहीं है, वह हमेशा से वैश्विक राजनीति, सैन्य शक्ति और सुरक्षा चिंताओं से भी जुड़ी रही है। यही कारण है कि जब भी किसी क्षेत्र में युद्ध या तनाव की स्थिति बनती है, तो परमाणु संयंत्र सबसे अधिक जोखिम वाले ठिकानों में गिने जाते हैं। वे स्थिर लक्ष्य होते हैं, जिन पर हमला केवल एक देश ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है।

चेर्नोबिल और फुकुशिमा जैसी आपदाएँ बताती हैं कि एक दुर्घटना पूरे देश और कई पीढ़ियों को प्रभावित कर सकती है। लेकिन आज यह खतरा केवल तकनीकी या प्राकृतिक आपदा तक सीमित नहीं रह गया है। इतिहास गवाह है कि परमाणु संयंत्रों पर सैन्य हमले कोई नई बात नहीं हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध ने इस खतरे को अभूतपूर्व रूप से उजागर कर दिया है। इज़राइल द्वारा इराक और सीरिया के परमाणु ठिकानों पर हमले, ईरान-इराक युद्ध में परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाना, और अमेरिका द्वारा इराक के शोध रिएक्टर को नष्ट करना वहीं यूक्रेन का ज़ापोरिज़्झिया परमाणु संयंत्र, जो यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु संयंत्र है, आज भीषण सैन्य तनाव के बीच खड़ा है। ये सभी उदाहरण बताते हैं कि शांतिपूर्ण परमाणु हमेशा सैन्य राजनीति की छाया में रहा है।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने इस स्थिति को अत्यंत नाजुक और अस्थिर बताया है। वर्ष 2025 में चेर्नोबिल के क्षतिग्रस्त चौथे रिएक्टर के ऊपर बने सुरक्षा गुंबद पर एक ड्रोन हमले ने गंभीर नुकसान पहुँचाया था। यह घटना बताती है कि दशकों पुरानी परमाणु आपदाएँ भी आज के युद्धों में दोबारा खतरे में पड़ सकती हैं। इसके अलावा यूक्रेन में कम से कम 10 बार ऐसे सब-स्टेशनों पर हमले हुए, जो परमाणु संयंत्रों को बिजली आपूर्ति करते हैं। उर्जा एंजेसी के अनुसार ये सब-स्टेशन परमाणु सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि इन्हीं के माध्यम से रिएक्टरों को ठंडा रखने और अन्य सुरक्षा प्रणालियाँ चलाने के लिए बिजली मिलती है। चीन एकमात्र बड़ा बाजार है, जहाँ अभी भी परमाणु निर्माण के कुछ प्रोजेक्ट देखे जा सकते है यही कारण है कि वर्ष 2025 में बनी अधिकांश नई निर्माण-शुरुआतें चीन में ही केंद्रित रहीं। 2025 में कुल 11 नए परमाणु रिएक्टरों के निर्माण कार्य की शुरुआत हुई, जिनसे लगभग 12 गीगावॉट क्षमता जुड़ने की संभावना है।

वहीं दूसरी ओर इसी कड़ी में ताइवान ने वर्ष 2025 में अपना अंतिम परमाणु रिएक्टर बंद कर दिया और वह परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को पूरी तरह छोड़ने वाला दुनिया का पाँचवाँ देश बन गया। इससे पहले इटली (1990), कज़ाख़स्तान (1999), लिथुआनिया (2009) और जर्मनी (2023) ऐसा कर चुके हैं।

इसके बावजूद वर्ल्ड न्यूक्लियर एसोसिएशन दावा करता है कि वर्ष 2050 तक वैश्विक परमाणु क्षमता 1,446 गीगावॉट तक पहुँच सकती है। लेकिन एसोसिएशन इन दावों को अवास्तविक मानती है। यह सिर्फ ऊर्जा का सवाल नहीं है, यह सत्ता और लोकतंत्र का सवाल भी है। परमाणु ऊर्जा एक अत्यधिक केंद्रीकृत मॉडल है। इसे केवल राज्य या विशाल कॉरपोरेट ढाँचे ही नियंत्रित कर सकते हैं। वहीं अक्षय ऊर्जा विकेन्द्रित मॉडल है। एक गाँव, एक कस्बा, एक घर भी ऊर्जा उत्पादक बन सकता है। इसीलिए अक्षय ऊर्जा केवल तकनीकी समाधान नहीं, बल्कि ऊर्जा लोकतंत्र की बुनियाद है। यह स्थानीय रोज़गार पैदा करती है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है और नागरिकों को उपभोक्ता से उत्पादक बनने का अवसर देती है।

इस वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत की स्थिति निर्णायक है। भारत एक ओर सौर ऊर्जा में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के ज़रिए भारत ने वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभाई है। सौर और पवन क्षमता में तेज़ी से वृद्धि हो रही है। ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी स्टोरेज और विकेन्द्रित ऊर्जा प्रणालियाँ भारत के लिए एक नए ऊर्जा भविष्य के द्वार खोल रही हैं। दूसरी ओर भारत आज भी परमाणु ऊर्जा को रणनीतिक आवश्यकता के रूप में देखता है। नए परमाणु संयंत्रों की योजनाएँ बनी हुई हैं, जबकि वे अत्यधिक महँगे, समय-साध्य और जोखिमपूर्ण हैं। भारत जैसे देश में, जहाँ ऊर्जा का सवाल सामाजिक न्याय से जुड़ा है, यह एक गंभीर नीति-विरोधाभास है। क्या भारत की ऊर्जा नीति कुछ गिने-चुने बड़े परियोजनाओं पर आधारित होगी, या वह गाँव-गाँव और घर-घर ऊर्जा पहुँचाने का साधन बनेगी? क्या ऊर्जा सत्ता के केंद्रीकरण का औज़ार होगी, या लोकतंत्र के विस्तार का माध्यम? अक्षय ऊर्जा इन सवालों का व्यावहारिक उत्तर देती है। यह कम लागत में अधिक बिजली देती है। स्थानीय समुदायों को सशक्त करती है, वही पर्यावरणीय न्याय को मजबूत भी करती है। साथ ही जलवायु संकट के समाधान में अधिक कारगर है।

परमाणु ऊर्जा इसके विपरित है। यह महँगी और सुरक्षा जोखिम पैदा करती है। यह सैन्य और राजनीतिक तनाव से जुड़ी रहती है। परमाणु ऊर्जा का संकट केवल तकनीकी नहीं, वैचारिक है। यह उस सोच की विफलता है जो मानती थी कि मानव सभ्यता को बचाने के लिए विशाल, केंद्रीकृत और जोखिमपूर्ण तकनीकों की ज़रूरत है।

भारत के सामने आज ऐतिहासिक अवसर है। वह या तो परमाणु ऊर्जा के बीसवीं सदी के मॉडल से चिपका रहे, या इक्कीसवीं सदी के अक्षय ऊर्जा मॉडल का नेतृत्व करे। परमाणु ऊर्जा बीते युग की शक्ति-राजनीति का प्रतीक है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
नौकरीपेशा लोगों को आज कार्यक्षेत्र में सम्मान मिल सकता है। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
व्यापार में बड़ी डील मिलने की सम्भावनाहै। अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर थोड़ा कम रहेगा। विद्यार्थियों का मन दूसरे कार्यों से भंग हो सकता है।

**मिथुन**
स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा चिन्तित हो सकते हैं। जीवनसाथी की सलाह लेकर निर्णय लेना हितकर होगा। घर-परिवार के लोगों के बीच आपको अच्छा नही लगेगा।

**कर्क**
व्यवसाय में अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करेंगे। पिता के व्यवहार से थोड़ा निराश हो सकते हैं। घर में कोई बड़ा आयोजन कर सकते हैं।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में गलतियों के कारण अधिकारी वर्ग आपसे नाराज हो सकते हैं। अपना क्रोध सहकर्मियों पर न उतारें। परिजन आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या**
आज शाम को आप किसी गम्भीर विषय पर चिन्तन कर सकते हैं। अनावश्यक कार्यों को लेकर आप परेशान रहेंगे। प्रेम सम्बन्धों में प्रेम की अपेक्षा दिखावा अधिक रहेगा।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में असन्तोष उत्पन्न हो सकता है। अचानक आपके काम बिगड़ सकते हैं। भविष्य को लेकर मन आशंकित रहेगा। सहकर्मियों के प्रति मन में द्वेष पनप सकता है।

**वृश्चिक**
इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ जायेंगे। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे।

**धनु**
आज झूठ बोलने से परहेज करें। वैवाहिक जीवन में कड़वापन बढ़ सकता है। माता-पिता की सलाह लेना उत्तम होगा। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। दूसरों पर अधिक निर्भर न रहें।

**मकर**
आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मांगलिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। सभी कार्य बिना रुकावट के पूर्ण होंगे।

**कुंभ**
सरकारी कार्यों में दस्तावेजों के कारण समस्या हो सकती है। इष्ट मित्रों से विवाद न करें। किसी पर अधिक विश्वास करना भारी पड़ सकता है।

**मीन**
जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। पुराने निवेश से आपको लाभ होगा। कारोबार में बड़ा बदलाव कर सकते हैं। सन्तान के व्यवहार से आपको प्रसन्नता होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश को लोगों ने पकड़ा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर मंगलवार के दिन एक महिला यात्री अपने मोबाइल पर बात कर रही था तभी एक बदमाश युवक ने महिला के हाथ से मोबाइल छीन कर भागने लगा तभी महिला यात्री के द्वारा शोर मचाए जाने के बाद स्टेशन पर तैनात यात्री ने बदमाश को दौड़कर पकड़ लिया और रेल पुलिस बाढ़ के हवाले कर दिया। पकड़े गए बदमाश का नाम आकाश कुमार बताया जाता है जो की बगल के भटगांव पंचायत का रहने वाला है। रेल थाना अध्यक्ष मानिकचंद पांडे ने बताया कि बदमाश का आपराधिक इतिहास जांच करने के बाद उसे जेल भेज दिया जाएगा।

### मोटरसाइकिल से गिरकर महिला जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकडंगा पुल के पास बुधवार की सुबह नालंदा जिला की 50 वर्षीय उषा देवी नामक महिला गंगा स्नान करने के लिए अपने परिजन के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर उमानाथ जा रही थी तभी अचानक महिला मोटरसाइकिल से फिसल कर नीचे गिर गई। जिससे महिला के माथे के पिछले हिस्से में और कमर में गंभीर चोट आई है। महिला को जल्दबाजी में परिजनों के द्वारा बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला का एक-रे कराया गया महिला के बारे में चिकित्सक ने गंभीर चोट और हड्डी में प्रॉब्लम होने की बात कही है। घायल महिला बांकाचक नालंदा जिला का रहने बाली है।

### अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बख्तियारपुर- मोकामा फोरलेन पर पंडारक थाना अंतर्गत बिहारी बीघा टोल प्लाजा के नजदीक NHAI के द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार यह अतिक्रमण अभियान 18-19 मार्च तक चलाया जा रहा है,जिसमें फिलहाल टोल प्लाजा के दायरे में अवैध रूप से अतिक्रमण कर चलाए जा रहे दुकान, होटल, ढाबों को हटाया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि हॉर्लिक्स से करीब 30 मीटर दायरे में अवैध रूप से चलाए जा रहे दुकान और ढाबा को मुक्त करना है ताकि सड़क पर बढ़ती दुर्घटना और वाहनों को होने वाली दिक्कतों से निजात मिल सके। अधिकारी ने यह भी बताएं की जगह-जगह इसका दायरा बढ़ जाता है। टोल प्लाजा के पास 60 मीटर तक भी इसका दायरा आता है पूरे बाढ़ अनुमंडल में क्रमबद्ध तरीके से या अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए स्थानीय पुलिस के द्वारा पहले नोटिस जारी किया जाता है उसके बाद अवैध रूप से संचालित हो रहे दुकानों को हटाया जाता है।

### विद्युत चोरी मामले में एक उपभोक्ता पर 18,390 रुपए लगाया जुर्माना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत चोरी मामले को लेकर मसौढी प्रमंडल के विद्युत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार के निर्देशन में टीम गठित करते हुए लगातार छापेमारी की जा रही है और इसके लिए धावादल का गठन किया गया है। जिसमें सहायक विद्युत अभियंता सुरेंद्र कुमार, कनिय विद्युत अभियंता रंजीत प्रसाद एवं मानव बल को शामिल किया गया है। ऐसे में विद्युत चोरी के खिलाफ मिली शिकायत को सत्यापन करते हुए मसौढ़ी के मालिकाना मोहल्ले में एक कृषि परिसर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण करने के दौरान मीटर बाय पास कर विद्युत चोरी कि मामला सामने आया, जहां उपभोक्ता मेघनाथ प्रसाद स्वर्गीय रामस्वरूप सिंह मालिकाना को विद्युत चोरी मामले में 18390 रुपया का जुमार्ना लगाया गया,ऐसे में इस मामले में मसौढी थाने में कनिय विद्युत अभियंता रंजीत प्रसाद के बयान पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।

### विभिन्न थानों की पुलिस ने 6 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न मामलों में फरार चल रहे वारंटियों की धर पकड़ अभियान के तहत एक विशेष अभियान के तहत मसौदा अनुमंडल के विभिन्न थानों की पुलिस ने 6 वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसमें पुनपुन पुलिस ने समनपुर गांव से फरार वारंटी मुंगेश्वर मांझी पिता अग्नि मांझी को गिरफ्तार किया है। वहीं खैराउद्दीन गांव से गनौरी मांझी और अंतू मांझी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा लहसुना थाने की पुलिस ने चपौर चकिया गांव से भीमदास पिता रविंद्र दास को गिरफ्तार किया है। वही धनरूआ पुलिस ने सेवती गांव से लोहा सिंह उर्फ अरविंद सिंह पिता स्वर्गीय नथुनी सिंह को गिरफ्तार किया है। एवं कादिरगंज पुलिस ने नालंदा नूरसराय से पिटुस गोप पिता रामवती गोप को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा मसौढ़ी डीह से राकेश कुमार पिता लालबाबू सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव से पुरानी रंजिश में घेरकर मारपीट करने के मामले में फरार अभियुक्त ललन मांझी पिता स्व करीमन मांझी को पुलिस ने रघुनाथपुर गांव से गिरफ्तार किया है।दरअसल धनरूआ थाना कांड संख्या 547/ 25 के तहत बीते 10 अक्टूबर 2025 को 7 लोगों ने मिलकर रौशन कुमार पिता लखेनदार मांझी को लाठी डंडा से मारपीट कर जख्मी कर देने की घटना हुई थी।इस मामले में सात नामजद आरोपी बनाया था,ऐसे मे इस कांड में फरार चल रहे ललन मांझी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है।

### शादी के नाम पर यौन शोषण का आरोप

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की ने अपने प्रेमी पर शादी के नाम पर झांसा देकर पिछले दो वर्षो से यौन शोषण का आरोप लगाकर धनरूआ थाना में कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। दरअसल पीड़िता ने बताया है की धनरूआ बिगहा के रहने वाले प्रिंस कुमार पिता वीरेंद्र प्रसाद से 2 वर्षो से प्रेम संबंध था और वह शादी करने के लिए लगातार उसे झांसा में रखकर पिछले दो वर्षो से यौन शोषण कर रहा था, लेकिन अंतत वह शादी से मुकर गया ऐसे में पीड़िता ने बुधवार को धनरूआ थाना पहुंचकर गुहार लगाते हुए प्रेमी पर प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है पुलिस आवेदन के आलोक में जांच पड़ताल में जुटी है।

### दो मासूम बच्चों की मौत मामले में निर्दोष लोगों का नाम हटाएं : रेखा देवी पूर्व विधायक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज देवरिया पथ पर भगवानगंज थाना क्षेत्र के खैनिया पुल के पास बीते दिनों सड़क हादसे में दो मासूम सहोदर भाईयों की मौत हो गई थी, इस घटना को लेकर पुरा गांव मर्माहत है।घटना में खैनिया निवासी मो० मुस्तकिम अहमद के दो मासूम पुत्र असद अहमद एवं अनस अली की सड़क दुर्घटना में घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी,ऐसे में बुधवार को मसौढी के पूर्व विधायक रेखा देवी पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए यथासंभव मदद करने का भरोसा जताया। साथ ही वरीय पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर अति शीघ्र



मुआवजा की राशि उपलब्ध कराने हेतु जानकारी लिये एवं रेखा देवी ने कहा कि पीड़ित परिवार को ऑन स्पॉट मुआवजा दिलाने के लिए पदाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करने के कारण खैनिया गांव के कुछ लोगों पर भगवानगंज थाना के द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है इस विषय पर मसौढ़ी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से दूरभाष पर निर्दोष सभी लोगो का नाम हटाने के लिए किया गया, उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यहां का प्रशासन निरकुंश हो गया है। एक तरफ गांव में दो बच्चों की मौत के बाद पूरा गांव में मातम पसरा हुआ है वही इस मौके पर मृतक के परिजनों को ढढांस बंधाने के बजाय प्रशासन पूरे गांव के लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की कर दी है कहां का इंसानियत है। सभी निर्दोष लोगों का नाम जल्द से जल्द कटवाया जाय।

### सुरक्षा को लेकर सुनसान रास्तों पर पुलिस का पहरा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन पुलिस इन दोनों रात्रि में एक्टिव मोड में नजर आ रही है। दरअसल शाम ढलते ही खासकर सुनसान इलाके वाले रास्ते में पुलिस ने अपना पहरा बिठा दिया है। पुनपुन पुलिस की माने तो दिन भर बाजारों में काम करने वाले लोग शाम ढलते ही जब घर की ओर रुख करते हैं तो सुनसान रास्ते का फायदा उठाकर अपराधी कई अपराधी घटनाओं को अंजाम देते हैं।ऐसे में बाजार ,फोरलेन, हाईवे के अलावा अब सुनसान वाले रास्ते में भी सघन चेकिंग अभियान लगाया जा रहा है ताकि इस रास्ते से गुजरने वाले कोई भी अकेले व्यक्तियों को सुरक्षित माहौल मिल सके, पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि विभिन्न संवेदनशील जगहों पर पुलिस का सख्त पहरा बिठा दिया गया है। इसके अलावा मादक पदार्थ के खिलाफ भी विभिन्न मुसहरी एवं शराब बनाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा पुनपुन चौक, चौराहा फोरलेन, लक्ष्मण झूला समेत विभिन्न जगहों पर पेट्रोलिंग को सख्त कर दी गई है।

# मसौढ़ी एवं धनरूआ थाना में शांति समिति की बैठक

## रामनवमी-ईद में सौहार्द बनाए रखने की अपील



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद और रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को मसौढी थाना एवं धनरूआ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. मसौढी थाना में बैठक की अध्यक्षता बीडीओ प्रभाकर कुमार ने की मौके पर थानाध्यक्ष विवेक भारती, कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन, एवं इंस्पेक्टर रुस्तम एवं कृष्ण कुमार शामिल रहे। धनरूआ थाना में प्रभारी इंचार्ज नवीन कुमार की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई।बैठक में दोनों समुदायों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया. सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया और पर्व को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की बात कही।बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी विवेक भारती ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना है. वही गांधी मैदान में 7:30 बजे ईद की नमाज पढ़ी जाएगी इसके अलावा निर्धारित टाइम पर सभी ईदगाहों में नमाज पढ़ी जाएगी,उन्होंने रामनवमी जुलूस के दौरान लगाए जाने वाले झंडों की ऊंचाई निर्धारित सीमा के भीतर रखने की अपील की, ताकि बिजली तारों या यातायात व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो. क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की मजबूत परंपरा रही है, जिसे बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. वहीं लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने और किसी भी भ्रामक या भड़काऊ जानकारी को साझा नहीं करने की अपील की.इसके साथ ही चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा. बैठक में रामनवमी के अवसर पर निकलने जुलूस निर्धारित रूट बदलने की मांग की गई है दरअसल मसौढ़ी बाजार की सडक बहुत ही जर्जर और पुल निर्माण के कारण खराब हो चुकी है इसके साथी कपूरी चौक से रेलवे मालिकाना पुल तक अलावा बड़े वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की गई है। बैठक में विश्वरंजन मो.अरफराज साहिल मसूद राजा, नीरज कुमार शर्मा, उज्जवल कुमार, पलटन सिंह ,गोल्डी कुमार सुनील वर्मा, राकेश कुमार, विजय कुमार, संतोष अनमोल, मृत्युंजय पांडे ,अभिमन्यु पटेल ,पिंटू रजक, शौकत अली, रवि प्रकाश, शहजाद आलम, गुड्डु रंगरेज, वही धनरूआ में योगेंद्र चंद्रवंशी, संजय यादव, पप्पू खान आदि शामिल रहे हैं।

## प्रेमकुमार मणि की पुस्तक 'भारत: एक विचार-परम्परा' रामचंद्र खान सामाजिक-विज्ञान पुरस्कार के लिए चयनित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोकदर्शन न्यास, पटना द्वारा प्रतिष्ठित रामचंद्र खान सामाजिक-विज्ञान पुरस्कार, वर्ष 2026 के लिए ख्यातिलब्ध लेखक एवं चिंतक प्रेमकुमार मणि की पुस्तक 'भारतः एक विचार-परम्परा' का चयन किया गया है। लोकदर्शन न्यास के सचिव डॉ. कुमार वरुण ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरस्कार चयन समिति ने पुस्तक की वैचारिक गहराई, शोधपरक दृष्टि तथा भारतीय समाज और इतिहास की विचारधारात्मक परंपराओं के विश्लेषण को देखते हुए इसे वर्ष 2026 के लिए इस सम्मान हेतु चुना है। यह कृति भारतीय समाज, इतिहास और बौद्धिक परंपराओं के विकास को समझने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी गई है। श्री प्रेमकुमार मणि, हमारे समय के एक महत्त्वपूर्ण बुद्धिजीवी हैं। इस पुस्तक में उन्होंने भारत को एक व्यापक ऐतिहासिक, बौद्धिक और सभ्यतामूलक परिप्रेक्ष्य में समझने का गंभीर प्रयास किया है। आज भारत को एक बड़े और समग्र परिदृश्य में देखने की आवश्यकता है। उसके विशाल इतिहास पर विहंगम/व्यापक दृष्टि डालने से एक ऐसा भारत उभरता है, जिसमें सभ्यतामूलक तत्त्व स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होते हैं। यह पुस्तक भारतीय सभ्यता के उन तत्त्वों को समझने में सहायता प्रदान करती है, जिनकी आवश्यकता आज केवल भारत को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को है। उल्लेखनीय है कि लोकदर्शन न्यास द्वारा प्रतिवर्ष सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में हिंदी भाषा में प्रकाशित उत्कृष्ट मौलिक कृति को यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के अंतर्गत सम्मानित लेखक को ₹1 लाख की धनराशि, प्रशस्ति-पत्र तथा स्मृति-चिह्न प्रदान किया जाएगा। निर्णायक मंडल में प्रो. बद्री नारायण, (कुलपति, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज; मुंबई) ,प्रो. सुधा सिंह, (अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय; दिल्ली), तथा श्री रणेंद्र, (साहित्यकार, रांची) शामिल थे।

## स्केटिंग करते हुए केदारनाथ की यात्रा पर निकले तीन युवक

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पंडारक क्षेत्र से तीन युवकों ने स्केटिंग के माध्यम से लंबी धार्मिक यात्रा शुरू कर एक नई मिसाल पेश की है। इस अनोखी ह्लस्केट यात्राह्व का मुख्य उद्देश्य भक्ति का संदेश देना है। यात्रा पर निकले युवकों ने बताया



कि वे पिछले 6 महीनों से लगातार इसकी तैयारी कर रहे थे। उनका लक्ष्य स्केटिंग के जरिए प्रयागराज, वृंदावन होते हुए केदारनाथ मंदिर तक पहुंचना है। यह पूरी यात्रा करीब 2500 किलोमीटर की है, जिसे पूरा करने में लगभग 3 महीने का समय लग सकता है। रास्ते में ठहरने और भोजन की व्यवस्था के लिए उन्होंने जरूरी सामान भी अपने साथ रखा है। यात्रियों ने बताया कि फिलहाल उन्हें कोई बड़ी कठिनाई नहीं आ रही है और भविष्य में आने वाली हर चुनौती का सामना वे हिम्मत और बाबा भोलेनाथ की आस्था के सहारे करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस यात्रा में किसी संस्था या प्रशासन का सहयोग नहीं मिल रहा, बल्कि गांव वालों और दोस्तों का पूरा समर्थन उन्हें मिल रहा है। युवकों ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि इस यात्रा को शुरू करते समय उन्हें बेहद गर्व और खुशी महसूस हो रही है। गांव और दोस्तों का उन पर जो भरोसा है, उसे वे बाबा भोलेनाथ की कृपा से जरूर पूरा करेंगे। साथ ही उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि इस तरह की यात्रा से लोगों के भीतर जिज्ञासा और आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा जो लोग डर की वजह से पीछे हट जाते हैं, उन्हें भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## मसौढी में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को बना रहा हुनरमंद







**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान न सिर्फ बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को हुनरमंद बना रहा है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है. ऐसे में मसौढ़ी जीविका कार्यालय में जीविका और मनरेगा के संयुक्त प्रयासों से ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मशरूम की खेती का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर अरुण कुमार मैनेजर प्रशिक्षण उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस संस्थान में 35 महिलाओं और युवाओं को एक बैच में ट्रेनिंग देकर उन्हें सर्वगुण संपन्न बनाया जा रहा है.बीपीएम दिग्विजय नारायण समदर्शी ने बताया कि इस ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मशरूम की ट्रेनिंग लेने वाली सभी महिलाएं मनरेगा और जीविका के संयुक्त तत्वधान में प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो सभी मनरेगा लाभुक है। फिलहाल इन्हें 15 दिनों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इसके अलावा इस संस्थान के जरिए ग्रामीण महिलाओं को मुर्गी पालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, सिलाई, बुनाई, अचार-पापड़ बनाने और मोबाइल रिपेयरिंग जैसे 64 कलाओं की ट्रेनिंग दी जाती है. ट्रेनिंग के बाद महिलाओं को स्वरोजगार के लिए भी सहयोग दिया जाता है.भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित इस संस्थान का संचालन मसौढी की अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा किया जा रहा है।वहीं प्रशिक्षक ने बताया कि संस्थान के माध्यम से न केवल महिलाओं को हुनरमंद बनाया जाता है, बल्कि उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए आवश्यक पहल भी की जाती है. हुनरमंद महिलाओं और युवाओं को रोजगार के लिए बैंकों से ऋण भी मुहैया कराया जाता है. इसके साथ ही समय-समय पर इस संस्थान के प्रशिक्षक महिलाओं को आत्मनिर्भरता का पाठ भी पढ़ाते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार और सुरक्षा पर चर्चा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा के तहत बुधवार को मसौढी के तुलसीचक महादलित टोला में नारी अधिकार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, मौके पर मसौढी विधायक अरुण माझी शामिल हुए, विधायक अरुण माझी ने मुसहरी समाज की सभी महिलाओं को कहा कि भारतीय नारी की शक्ति ही राष्ट्र निर्माण और समाज में निर्णायक भूमिका निभा रही है। समाज के विकास में महिलाओं का बड़ा योगदान है और वे न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव लाती हैं। इसलिए अपने बच्चों को पढ़ाइए खुद भी शिक्षित हो यह जानकार बनिए और समाज की मुख्य धारा के साथ चलिए।वहीं इस बात पर जोर दिया गया कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक दिन या एक सप्ताह का विषय नहीं है, बल्कि यह दैनिक जीवन में सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करने की एक निरंतर प्रक्रिया है।



इसके अलावा उन्होंने की महिलाओं को आत्म-निर्भर बनाने, उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करने और शिक्षा के साथ-साथ समान अवसर प्रदान करने पर जोर दिया गया। विधायक ने जोर दिया कि नारियों का सम्मान समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाने, बल्कि उन्हें समान अवसर प्रदान करने का आह्वान किया। वही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण, जीविका दीददीयों की आत्मनिर्भर बनने की बात सभी मुसहरी की महिलाओं को बताया गया।और उन्हे कहा की शिक्षित और सशक्त महिलाएँ ही एक प्रगतिशील राष्ट्र के स्तंभ हैं। समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए हर दिन संघर्ष करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।विधायक ने नारी शक्ति के सम्मान में कहा कि वे न केवल घर का, बल्कि समाज और राष्ट्र का गौरव हैं। मौके पर जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, सुरेश मांझी आदि कई लोग शामिल रहे।

### नगर परिषद में महिला स्वच्छताकर्मियों का हेल्थ चेकअप

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चल रहे महिला सम्मान कार्यक्रम के तहत स्थानीय नगर परिषद मसौढी स्थित सभागार में एक विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब 200 से अधिक कर्मियों और सफाई कर्मियों की स्वास्थ्य जांच की गयी। सुबह से ही जांच कराने के लिए कर्मियों की भीड़ लगी रही, इसमें विशेष रूप से महिला सफाई कर्मियों की संख्या अधिक रही। शिविर में सर्दी, खांसी, जुकाम, बीपी और शुगर जैसी सामान्य बीमारियों की जांच की गई और आवश्यक उपचार भी प्रदान किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर मुख्य पार्षद पिंकी देवी और अस्थाई सशक्त कमेटी के सदस्य इंजीनियर शंभू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन, सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद, अमीन रामाधार कुमार प्रधान लिपिक शिव प्रकाश आदि शामिल रहे। इस दौरान पीएचसी के डॉ. आनंद एवं फार्मासिस्ट इरफान ने कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

## दो दिन से किसान लापता, परिजनों को अपहरण की आशंका

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बेलछी थाना अंतर्गत कोरारी गांव में 15 मार्च से व्यक्ति संतोष कुमार (38) लापता है, इस बाबत उनके परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत की है। परिजनों का आरोप है कि लगभग एक साल पहले एक फसल काटने की मशीन पार्टनरशिप पर खरीदा गया था, जिसमें उन्होंने साढे सात लाख रुपए लगाया था। पिछले चार महीना से वह अपने साढे सात लाख रुपए वापस मांग रहे थे। जिसको लेकर उन्हें लगातार हत्या की धमकी मिल रही थी। 15 मार्च को सुबह 6:00 जब संतोष मसूर की फसल कटवाकर घर लौट रहे थे, इसके बाद से वह लापता है। परिजनों ने उनके पाटनर श्रवण कुमार पर अपहरण करने का आरोप लगाया है और उन्होंने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि 48 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं कर सका है, पीड़िता रानी देवी का कहना है कि उनके पति का पार्टनर मंगलवार को रुपए देने के लिए राजी हो गए और उन्होंने कहा कि आज उन्हें पैसे दे दिया जाएगा। वही बेलछी थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जानकारी के अनुसार व्यक्ति कर्ज में है, इस कारण भी वह घर से बाहर बिना बताए जा सकता है इससे पहले भी वह लगभग दो साल पहले पन्द्रह दिनों के लिए घर से बिना बताए चला गया था। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है, जल्द ही मामले का उद्वेदन किया जाएगा।

## 'फर्स्ट एड या मौत का इंतजाम?' बाढ़ बिजली सब-स्टेशन में एक्सपायर दवाइयों का भंडार, कर्मचारियों की जान खतरे में

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली विभाग के सब-स्टेशन में एक ऐसी लापरवाही उजागर हुई है, जो सीधे-सीधे कर्मचारियों की जिंदगी से खिलवाड़ करती नजर आ रही है। कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए फर्स्ट एड सेंटर में रखी गई सभी दवाइयां एक्सपायर पाई गई हैं-यानी इलाज के नाम पर जहर परोसा जा रहा था। सोचिए, जहां किसी हादसे के वक्त तुरंत राहत मिलनी चाहिए, वहां अगर एक्सपायर दवाइयां दी जाएं तो वो इलाज नहीं, बल्कि जानलेवा साबित हो सकती हैं। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रशासनिक अपराध जैसा मामला है। सब-स्टेशन में कार्यरत ऑपरेटर संतोष कुमार ने खुलासा करते हुए बताया कि वे लाइन काटने और जोड़ने जैसे जोखिम भरे काम करते हैं। ऐसे में चोट लगना आम बात है, लेकिन हैरानी की बात ये है कि पिछले पांच सालों से फर्स्ट एड बॉक्स में रखी दवाइयों की कोई जांच तक नहीं हुई। यानी वर्षो से कर्मचारी खतरे के साए में काम कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अब तक क्या कर रहे थे? क्या कर्मचारियों की सुरक्षा उनके लिए कोई मायने नहीं रखती? अगर किसी गंभीर हादसे के समय इन एक्सपायर दवाइयों का इस्तेमाल हो जाता, तो इसका जिम्मेदार कौन होता? यह मामला सिर्फ एक सब-स्टेशन की लापरवाही नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है। जिन दवाइयों का काम जिंदगी बचाना है, वही अगर मौत का कारण बन जाएं, तो इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है? अब जरूरत है कि इस मामले की तत्काल जांच हो, जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो और सभी फर्स्ट एड सेंटरों की स्थिति की जांच कर कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए-वरना अगली खबर किसी बड़े हादसे की हो सकती है।

## कृषि प्रसार कर्मियों ने सीखे फसल विविधीकरण के गुर

### फसल विविधीकरणः आय वृद्धि की कुंजी : डॉ. संजीव कुमार



**पटना/पीपराकोठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना तथा कृषि विज्ञान केंद्र, पीपराकोठी के संयुक्त तत्वावधान में पूर्वी चंपारण जिले के पीपराकोठी में कृषि प्रसार कर्मियों के लिए 'फसल विविधीकरण के माध्यम से जीविकोपार्जन में वृद्धि' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के कुल 20 प्रसार कर्मियों ने भाग लिया, जिनमें 5 महिला प्रतिभागी भी शामिल रहीं। परियोजना के प्रधान अन्वेषक एवं फसल अनुसंधान प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने प्रसार कर्मियों को संबोधित करते हुए फसल विविधीकरण के महत्व एवं इसके विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि मोतिहारी के जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने प्रसार कर्मियों से आधुनिक तकनीकों को सीखकर उन्हें किसानों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने एवं व्यापक स्तर पर विस्तार करने का आह्वान किया। कृषि विज्ञान केंद्र, पीपराकोठी के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्नत फसल उत्पादन तकनीकों एवं फसल प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। वहीं आत्मा के उप-परियोजना निदेशक डी.पी. धीर ने भी फसल विविधीकरण को ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के वैज्ञानिक एवं सह-अन्वेषक डॉ. अभिषेक कुमार ने जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में फसल विविधीकरण तथा कृषिवानिकी की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए इसे क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुरूप अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास ने अपने संदेश में कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में फसल विविधीकरण किसानों की आय वृद्धि सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम है तथा प्रसार कर्मी नई तकनीकों को किसानों तक पहुँचाकर खेती को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 मार्च 2026 तक संचालित होगा।

# पंजाब: स्वाद, श्रम, आस्था और आनंद का अविरल उत्सव

भूपेन्द्र नारायण सिंह

**चंडीगढ़ (पंजाब)।** पंजाब-यह केवल एक प्रदेश नहीं, बल्कि जीवन के उल्लास का वह रंगमंच है जहाँ हर दिन एक उत्सव की तरह जीया जाता है। यहाँ के लोगों के स्वभाव में अच्छा खाना, अच्छा पहनना और हर परिस्थिति में खुश रहना जैसे गुण इस सहजता से रचे-बसे हैं मानो यह उनकी सांसों का हिस्सा हों। कड़ी मेहनत और मस्ती भरी जिंदगी का जो अद्भुत संतुलन पंजाबियों में दिखाई देता है, वह सचमुच विरल है।

पंजाब की यात्रा के दौरान जब राष्ट्रीय राजमार्गों पर आगे बढ़ते हैं, तो सड़क किनारे दिखने वाले ढाबे अपनी ओर अनायास आकर्षित करते हैं। साधारण से दिखने वाले ये ढाबे भीतर से स्वाद और आत्मीयता का ऐसा संसार समेटे होते हैं कि कई प्रांतों के बड़े-बड़े सितारा होटलों के रेस्टोरेंट भी इनके सामने फीके पड़ जाते हैं। यहाँ परोसे जाने वाले भोजन में केवल मसाले और सामग्री ही नहीं, बल्कि दिल की गर्माहट और परंपरा की मिठास भी घुली होती है। तंदूर की आंच पर सिकती रोटियों से उठती शुद्ध घी की सोंधी-सुंधी महक, और उसके साथ परोसी जाने वाली दाल मखनी का गाढ़ा, मखमली स्वाद—यह सब मिलकर एक ऐसा अनुभव रचते हैं जो केवल स्वाद नहीं, बल्कि आत्मा की तृप्ति बन जाता है। भोजन के बाद फिरनी की कोमल मिठास या शुद्ध दूध की ठंडी-ठंडी लस्सी, जैसे उस अनुभव पर एक मधुर विराम लगा देती है। यह स्वाद स्मृति बनकर लंबे समय तक मन में बसा रहता है। पंजाब में भोजन के प्रति जागरूकता हर आयु वर्ग में समान रूप से दिखाई देती है। महिलाएं हों, बच्चे हों, बुजुर्ग हों या युवा—सभी भोजन को केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि जीवन का महत्वपूर्ण आनंद मानते हैं। यहाँ चावल की अपेक्षा रोटियों का विशेष स्थान है। सुबह का नाश्ता हो, दोपहर का भोजन या रात का भोजन—हर समय थाली में रोटी का कोई न कोई रूप अवश्य होता है। रोटियों की यह दुनिया भी कितनी विविध है—सादी रोटी, तंदूरी रोटी, नान, मिस्सी रोटी, मिलेट्स रोटी और सबसे लोकप्रिय पराठे। पराठों की तो मानो एक अलग ही दुनिया है—प्लेन पराठा, आलू पराठा, लच्छा पराठा, प्याज पराठा, मूली या गोभी पराठा और न जाने कितने प्रकार। इन पराठों के प्रति जो प्रेम पंजाबी परिवारों में देखने को मिलता है, वह उन्हें अन्य प्रांतों से अलग पहचान देता है।

इसी संतुलित और पौष्टिक भोजन का परिणाम है कि पंजाब में साठ वर्ष से अधिक आयु के लोग भी अत्यंत स्वस्थ और चुस्त-दुरुस्त दिखाई देते हैं। उनके हाव-भाव, उनकी ऊर्जा और उनकी सक्रियता देखकर सहज ही लगता है कि वे युवा पीढ़ी का हिस्सा हों। पंजाब की पहचान केवल उसके भोजन या स्वास्थ्य से नहीं, बल्कि उसकी समृद्ध लोककला और संस्कृति से भी है। यहाँ की संस्कृति केवल पुस्तकों या आयोजनों में नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में जीवित रहती है। वे अपनी परंपराओं को केवल निभाते नहीं, बल्कि पूरे मन से जीते हैं। आस्था के क्षेत्र में भी पंजाब अद्वितीय है। स्वर्ण मंदिर की दिव्यता और गुरुद्वारों में संचालित लंगर की परंपरा, मानवता और सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। लंगर का प्रसाद चखने वाले जिस असीम आनंद की अनुभूति करते हैं, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। यहाँ सभी लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ बैठकर भोजन करते हैं—यह दृश्य अपने आप में समानता और भाईचारे का जीवंत संदेश है।

सिख समुदाय के लोगों में अपने गुरु के प्रति अगाध श्रद्धा होती है। गुरुद्वारे में प्रवेश करते समय सिर ढंकना अनिवार्य माना जाता है, और यह संस्कार महिलाओं और बच्चों में भी समान रूप से देखा जाता है। अमृतसर के पवित्र सरोवर में स्नान करने के बाद ही श्रद्धालु स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने जाते हैं। यदि कोई अन्य समुदाय का व्यक्ति वहाँ जाता है, तो उसे भी सिर ढंकने के लिए निःशुल्क साफा उपलब्ध कराया जाता है—यह व्यवस्था उनकी समावेशी सोच को दर्शाती है। यदि सेवा भाव को समझना हो, तो गुरुद्वारों में जाकर देखा जा सकता है कि गुरु दरबार की सेवा किस समर्पण और विनम्रता के साथ की जाती है।

पंजाब की एक और विशेषता है यहाँ की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी। चाहे सरकारी कार्यालय हों, गैर सरकारी संस्थान, शैक्षणिक संस्थान या उद्योग—हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती दिखाई देती हैं। विशेष रूप से खेती और पशुपालन में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके परिश्रम और समर्पण ने ही पंजाब को देश के अग्रणी राज्यों में स्थान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है। जब पंजाब के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नजर जाती है, तो हर ओर हरे-भरे खेत, लहलहाते पौधे और जीवन की हरियाली दिखाई देती है। यह हरियाली केवल प्रकृति की देन नहीं, बल्कि वहाँ के लोगों के श्रम, अनुशासन और धरती के प्रति प्रेम का परिणाम है।

अंततः, पंजाब एक ऐसी जीवंत कविता है, जिसमें स्वाद की मिठास है, श्रम की कठोरता है, आस्था की गहराई है और आनंद की अनंत धारा है। यहाँ जीवन केवल जिया नहीं जाता, बल्कि हर क्षण को पूरे हृदय से महसूस किया जाता है—और शायद यही पंजाब की सबसे बड़ी पहचान है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेनों का विलंब से परिचालन जारी

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भागलपुर कियूल जमालपुर रेल खंड पर ट्रेनों का विलंब से परिचालन जारी रहने से यात्रियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उपरोक्त रेल खंड पर बुधवार को विक्रमशिला, दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी, ब्रह्मपुत्र मेल, पटना दुमका, हावड़ा जयनगर, राजधानी एक्सप्रेस जैसे महत्वपूर्ण ट्रेन अपने निर्धारित समय से विलंब से परिचालन हुआ।

### आरपीएफ के डीआईजी का आगमन 26 को

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरपीएफ के डीआईजी अमीयनंद सिंह पोस्ट का निरीक्षण करने 26 मार्च को जमालपुर पहुंच रहे हैं। डीआईजी के आगमन को लेकर आरपीएफ पोस्ट में साफ सफाई के साथ फाइलों एवं संचिकाओं को अपडेट किया जा रहा है। वहीं सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन कर पदाधिकारी जवानों के समस्याओं को भी डीआईजी सुनेंगे।

### नशे की हालत में शराबी गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर पुलिस ने छोटी दौलतपुर बस्ती से दो शराबी को नशे की हालत में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों शराबी छोटा दौलतपुर निवासी प्रीतम कुमार उर्फ गोलू एवं अश्वनी भारती बताए गए हैं। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि गिरफ्तार दोनों शराबी शराब के नशे में विधि व्यवस्था को भंग कर रहा था। दोनों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### सावधानीपूर्वक रेलवे ट्रैक पर चल रहा मेंटेनेंस का कार्य

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे ट्रैक पर मेंटेनेंस का कार्य अत्यधिक सावधानी और सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ किया जा रहा है। जमालपुर स्टेशन के पूर्वी एवं पश्चिमी दिशा में रेलवे पटरी पर मेंटेनेंस को बिना ब्लॉक लगाए सावधानी पूर्वक पीडब्ल्यूई के के द्वारा कार्य करते देखे गए।ट्रैक मेंटेनेंस के कार्य के दौरान नियमित रूप से पटरियों की



जांच, टूट-फूट की मरम्मत और मजबूती सुनिश्चित करते हैं। वहीं सुरक्षा के लिए अक्सर ट्रेनों की गति धीमी करने या ब्लॉक लेने की आवश्यकता होती है। लेकिन वर्तमान में रेलवे ट्रैक पर किए जा रहे हैं मेंटेनेंस बिना ब्लॉक सावधानी पूर्वक किया जा रहा है जिससे कि परिचालन व्यवस्था इसका असर नहीं पड़े।हालांकि ट्रैक मेंटेनेंस कार्य के बारे में स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने कहा कि ट्रैक पर हो रहा कार्य यह रूटीन वर्क है जो पूरी सावधानी के साथ किया जाता है। मेंटेनेंस के दौरान ट्रैक के ढीले बोल्ट, फ्रैक्चर या ट्रैक की ज्यामिति में खराबी को चेक किया जाता है। सुरक्षा को लेकर जहां फ्लैगमेन को निर्धारित दूरी पर तैनात किया जाता है ताकि आ रही ट्रेनों को संकेत देकर धीमा या रोका जा सके।

### राधा कृष्ण सिकरिया फामेर्सी कॉलेज के राधा कॉन्फ्रेंस हॉल में राधा कृष्ण कथा का चौथा दिन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परम श्रद्धेय जगत गुरु श्री राम कृपालु जी महाराज प्रेम मंदिर वृन्दावन की छायारूपी शिष्या सुश्री शक्तिश्वरी देवी की राधा - कृष्ण कथा का आयोजन विराट नगर श्री जी सत्संग समिति के द्वारा राधा कृष्ण सीकरीया फामेर्सी कॉलेज के राधा



कॉन्फ्रेन्स हॉल में आयोजन प्रारम्भ हुआ। राधा-कृष्ण कथा का आज चौथा दिन है। राधा कृष्ण प्रेम प्रसंग पर देवी जी ने कृत्तन भजन से श्रद्धालु भाव विभोर होकर अश्रु धारा से नाचने गाने लगे। अंत में आरती का आयोजन हुआ, तथा उक्त प्रेम प्रसंग की मुक्त कंठ से लोगों ने सराहना की। श्री सीकरीया ने कहा कि ऐसा लगता हैं कि स्वंय कृपालु जी पधार गये है। कथा में शहर के गणमान्य व्यक्तियों के अलावा काफी मात्रा में श्रद्धालु उपस्थित थे। जिसमें महिलाओं की संख्या काफी ज्यादा थी। डॉ रमेश कुमार, भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया एवं अनिल प्रसाद ने काफी सराहना की।

### पत्थर निकासी पर रोक से थारू आदिवासियों का जीवन संकट में

सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने संसद में उठाई आवाज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प.चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने लोकसभा में थारू आदिवासियों की गंभीर समस्या को उठाया। उन्होंने कहा है कि पश्चिम चंपारण के थरूहट क्षेत्र में रहने वाले थारू समुदाय की आजीविका पर नदी से पत्थर निकासी पर लगी रोक का गहरा असर पड़ा है। पहले यह समुदाय पण्डई जैसी पहाड़ी नदियों से हाथों से पत्थर निकालकर अपना जीवन यापन करता था, लेकिन केंद्र सरकार के खनन और वन विभाग की नीतियों के कारण यह पारंपरिक रोजगार पूरी तरह बंद हो गया है। इस प्रतिबंध के चलते हजारों परिवार बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। साथ ही पर्यावरणीय समस्याएं भी बढ़ी हैं। नदियों में पत्थर जमा होने से वे उथली हो गई हैं, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है और पानी दूर-दूर तक फैलने लगा है। इसके कारण पेड़-पौधे नष्ट हो रहे हैं और वन्य जीव गांवों में घुसकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। सांसद ने मांग की है कि उत्तराखंड की तर्ज पर थारू समुदाय को सीमित और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से पत्थर निकासी की अनुमति दी जाए। इससे न केवल उनकी आजीविका बहाल होगी, बल्कि पर्यावरण संतुलन भी बना रहेगा। थारू समाज अब सरकार से न्याय की उम्मीद कर रहा है।

### डिजिटल जनगणना की तैयारी तेज, दो चरणों में होगा कार्य

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण जिले में आगामी जनगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से दो चरणों में संपन्न कराई जाएगी। पहले चरण की शुरूआत 1 अप्रैल से होगी, जो सितंबर तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण फरवरी 2027 से मार्च 2027 तक आयोजित किया जाएगा।जनगणना के सफल संचालन के लिए जिले में 24 चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें सभी 17 प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी तथा बेतिया नगर के नगर आयुक्त शामिल हैं। सभी अधिकारियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है और उनके आईडी भी सृजित कर दिए गए हैं।पहले चरण में मकानों का विस्तृत सूचीकरण किया जाएगा। इसके अंतर्गत मकान की संरचना, उपयोग, स्वामित्व, कमरों की संख्या, पेयजल, शौचालय, बिजली, स्नानगृह सहित विभिन्न बुनियादी सुविधाओं की जानकारी एकत्र की जाएगी। साथ ही परिवार के सदस्यों, सामाजिक वर्ग और उपलब्ध संसाधनों का भी विवरण लिया जाएगा।इस बार जनगणना मोबाइल ऐप के माध्यम से पेपरलेस तरीके से होगी, जिसमें स्वगणना का विकल्प भी रहेगा। डेटा हिंदी, अंग्रेजी सहित 16 भाषाओं में एकत्र कर सीधे केंद्रीय सर्वर पर भेजा जाएगा।जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, ताकि जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## वार्डों के विकास के लिए 57 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**प्रत्येक वार्ड में लगभग 1.25 करोड़ रुपये की लागत से सड़क, नाली, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विकास कार्य कराए जाएंगे**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम के बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर आयुक्त, उपमहापौर, पार्षदगण एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर के समग्र विकास, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार को सुनिश्चित करना था। इस दौरान विभिन्न विकास योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों के समुचित विकास हेतु लगभग 57 करोड़ रुपये की योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई, जिस पर सभी माननीय निगम पार्षदों ने ध्वनि मत से अनुमोदन किया। इस निर्णय के तहत प्रत्येक वार्ड में लगभग 1.25 करोड़ रुपये की लागत से सड़क, नाली, जलनिकासी, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विकास कार्य कराए जाएंगे। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी कार्यों को



टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कराया जाएगा। इससे न केवल कार्यों की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि समयबद्ध तरीके से योजनाओं का निष्पादन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, शहर में वर्षों से चली आ रही जलजमाव एवं जलनिकासी की समस्या के स्थायी समाधान हेतु एक व्यापक योजना पर निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख मार्गों के किनारे मुख्य नालों के निर्माण के लिए विभिन्न योजनाओं का चयन किया गया है। इन नालों के निर्माण से छतौनी, बरियापुर, चांदमारी, सिंघिया सागर, चैलाहां, बंजारिया, रघुनाथपुर, मठिया जीरात, गोल्डी प्रेस रोड, खोदा नगर, बलुआ, नक्छेद टोला, हिन्दी बाजार, बनियापट्टी एवं हनुमानगढ़ी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। साथ ही, वर्षा ऋतु में होने वाली परेशानियों में भी उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार होगा। शहर के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक शहरी स्वरूप को विकसित करने के उद्देश्य से भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में यह तय किया गया कि शहर के प्रमुख चौक - चौराहों पर निजी एजेंसी के माध्यम से बैकलिट यूनिपोल स्थापित किए जाएंगे। इससे शहर की दृश्यात्मक सुंदरता बढ़ेगी तथा सुव्यवस्थित विज्ञापन व्यवस्था के माध्यम से नगर निगम की आय में भी वृद्धि होगी। इसी क्रम में, शहर के प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं आकर्षक वातावरण निर्माण के लिए लॉलीपॉप कियोस्क लाइट बोर्ड लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई। यह व्यवस्था न केवल रात्रिकालीन यातायात को सुरक्षित बनाएगी, बल्कि शहर की सौंदर्यता को भी नई पहचान देगी। बैठक में लिए गए सभी निर्णयों का उद्देश्य मोतिहारी शहर को एक स्वच्छ, सुगम, सुरक्षित एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित करना है।

## मुख्यमंत्री के स्वागत में मुंगेर में लगाई गई थ्री-डी पेंटिंग

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार का मुंगेर जिला जो अपनी समृद्ध ऐतिहासिक और पौराणिक विरासत के लिए जाना जाता है।अब एक नए रूप में नजर



आ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 19 मार्च के प्रस्तावित दौरे को लेकर पूरे शहर को सजाया गया है। जिलाधिकारी निखिल धनराज के निर्देश पर स्थानीय कलाकारों ने पोलो मैदान, सर्किट हाउस और कष्टहरणी गंगा घाट की दीवारों को थ्री-डी पेंटिंग से सजाया है।पोलो मैदान में ऑप्टिकल इल्यूजन के जरिए मुंगेर किला के मुख्य द्वार का सजीव चित्रण किया गया है। वहीं दीवारों पर सरकारी योजनाओं और सीढ़ियों पर प्रेरणादायक कोटेशन लिखकर पूरे परिसर को भव्य रूप दिया गया है। इसी मैदान में 19 मार्च को मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरने वाला है।सर्किट हाउस की दीवारों पर चंडिका स्थान ऋषि कुमार सीता कुण्ड और सीता चरण जैसे ऐतिहासिक स्थलों का थ्री-डी चित्रण किया गया है, जिससे आने वाले मेहमानों को एक ही जगह पर पूरे जिले की झलक मिल सके। वहीं कष्टहरणी गंगा घाट पर भी भीमबंध और चंडिका स्थान समेत कई प्रमुख स्थलों को दीवारों पर उकेरा गया है। इसी घाट के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण भी मुख्यमंत्री करेंगे।

## पुलिस ने गांजा तस्कर के घर से गांजा सहित 12 लाख रुपए किए बरामद

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए गए विशेष समकालीन अभियान में चिरैया पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिकरहना उदय शंकर के नेतृत्व में मंगलवार देर शाम को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कटकुईयां गांव में शिवमंगल राय के पुत्र सुरेंद्र राय(65) के घर पर छापामारी की गई। इस छापेमारी दल में चिरैया थाना की पुलिस के अलावा मादक पदार्थ को खोजने में विशेष रूप से प्रशिक्षित हनी नामक खोजी कुत्ता शामिल था। जिसे डॉग स्क्वायड मोतिहारी के डॉग हैंडलर पुरुषोत्तम कुमार गाइड कर रहे थे। कुत्ते ने आरोपी के घर के कोने कोने की तलाशी ली। इस दौरान 270 ग्राम गांजा के अलावा घर में रखे बक्से से 11 लाख 87 हजार 800 सौ रुपए



नगद बरामद किए गए। पुलिस के पूछे जाने पर आरोपी ने गांजा व रुपए के संबंध में किसी प्रकार के कागजात नहीं दिखाए और ना ही संतोषजनक उत्तर दिया। जिसके बाद पुलिस ने जब्ती सूची बनाकर रुपये और गांजे को जब्त कर लिया। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार आरोपी गांजा की तस्करी करता है और उसकी बिक्री से जुटाए रकम को एक बक्से में छुपाकर रखे हुए था।

## आरपीएफ की कार्रवाई के बावजूद ट्रेन में रोज दिखते अवैध

हाकर का जमावड़ा

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ट्रेनों में अवैध रूप से सामान या खाद्य पदार्थ बेचना रेल अधिनियम 1989 की धारा 144 के तहत एक दंडनीय अपराध है। इसके बावजूद जमालपुर कियूल, बरियारपुर रेलखंड पर अवैध वेंडर नकली पानी, गुटखा, पकोड़ा और असुरक्षित भोजन बेचते देखा जा सकता है। हालांकि अवैध वेंडर एवं हाकर के विरुद्ध लगातार करवाई तो कर रही है इसके बावजूद चोरी छिपे ट्रेनों में पकोड़ा गुटका नकली पानी जैसे खाने पीने का सामान अवैध वेंडर बेचते देखे जा सकते हैं। ट्रेन हो या प्लेटफार्म पर अवैध रूप से वेंडर का झुंड जमालपुर स्टेशन पर ही चढ़ता है। अवैध वेंडर के खिलाफ वैसे तो आए दिन करवाई होती है और उसे पर जुमार्ना भी लगाया जाता है पर आज तक ट्रेन में पकोड़ा बेचने वाले पर करवाई क्यों नहीं होता है यह समझ से पड़े हैं। बरहाल बुधवार को आरपीएफ सीआईबी की टीम ने ट्रेन से अवैध होकर वेंडर को गिरफ्तार कर कार्रवाई को लेकर आरपीएफ पोस्ट जमालपुर को दिया है।

## दो वारंटी गिरफ्तार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई, कोर्ट के आदेश पर भेजा जेल

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जितना थाना पुलिस ने बुधवार की अहले सुबह कार्रवाई करते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जितना थाना क्षेत्र के घोगिया और बरहरवा गांव में न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के आधार पर फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने घोगिया गांव से नौशाद अंसारी पिता सैयद अंसारी और बरहरवा गांव से रविंद्र शाह उर्फ वीरेंद्र




शाह पिता सतनारायण शाह को गिरफ्तार कर लिया। जितना अपर थाना अध्यक्ष शिवजी पासवान ने बताया कि दोनों आरोपित काफी समय से न्यायालय के वारंट के बावजूद फरार चल रहे थे। पुलिस को इनकी तलाश लंबे समय से थी। बुधवार की सुबह पुलिस टीम ने उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर उन्हें धर दबोचा।गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों को जितना थाना लाया गया, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद उन्हें माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।इस संबंध में जितना अपर थाना अध्यक्ष शिवजी पासवान ने बताया कि थाना क्षेत्र में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायालय से जारी वारंट वाले आरोपितों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे वारंटियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में फरार आरोपितों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और मजबूत हो।

## रूपहरी में केदारनाथ धाम मंदिर की तर्ज पर बन रहा दुर्गा पूजा का भव्य पंडाल

**चैत्र नवरात्रि पर लगने वाले दुर्गा पूजा मेले को लेकर आयोजकों ने की खास तैयारियां**

**चिरैया( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के रूपहरी गांव में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 19 मार्च गुरुवार से शुरू हो रहे दुर्गा पूजा मेले का भव्य आयोजन किया गया है। दुर्गा शक्ति जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित मेले में इस वर्ष पूजा को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। जिससे श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस वर्ष केदारनाथ धाम मंदिर की तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल को विशेष रूप से आकर्षक बनाने के लिए कोलकाता से



आए अनुभवी कारीगरों द्वारा इसका निर्माण कार्य किया गया है। भव्य सजावट और आकर्षक डिजाइन के कारण यह पंडाल श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बनने की उम्मीद ग्रामीणों ने जताई है। उक्त ट्रस्ट एवं पूजा समिति के अध्यक्ष पत्रकार चन्दन जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष पूजा पंडाल में मूविंग मूर्ति (चलती हुई प्रतिमा) भी बनाई गई है। जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करेगी। अत्याधुनिक तकनीक और कलात्मकता के मेल से तैयार की यह मूर्ति मां दुर्गा की महिमा को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगी। मूर्ति के निर्माण में जुटे मूर्तिकार मुन्ना कुमार ने बताया कि इस बार की प्रतिमा और पंडाल में देवी दुर्गा और राक्षस महिषासुर के युद्ध की पौराणिक कथा को दर्शाया गया है।

## महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर विक्रमशिला ट्रेन में आरपीएफ ने चलाया अभियान

**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला यात्रियों के सुरक्षा को लेकर आरपीएफ टीम ने विक्रमशिला के महिला डिब्बे में सर्च अभियान चलाकर महिला यात्रियों से सुरक्षा को लेकर पूछताछ किया। सर्च अभियान का नेतृत्व कर रहे सब इंस्पेक्टर के जेआर मीणा वैसे तो महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर ऑपरेशन महिला सुरक्षा और मेरी सहेली जैसे अभियान चलाकर अनारक्षित देबो में अवैध रूप से यात्रा करने वाले पुरुष यात्री पर करवाई किया जाता है। इसके अलावे ट्रेन में अकेले सफर कर रही महिला यात्रियों को विशेष रूप से सुरक्षित यात्रा का माहौल बनाने को लेकर ट्रेन में इस तरह के अभियान चलाए जाते हैं। बुधवार को विक्रमशिला ट्रेन के महिला बोगी में अवैध रूप से सफर कर रहे कई पुरुष यात्री पर कार्रवाई करते हुए महिला यात्रियों से पूछताछ कर उनके सुरक्षा के बारे में बताते हुए आरपीएफ के हेल्पलाइन नंबर की जानकारी भी दिया

**ट्रेन में अकेले सफर करने वाली महिला यात्रियों से आरपीएफ ने की पूछताछ**



गया। सब इंस्पेक्टर ने यह भी कहा कि यात्रियों को जागरूक बनाने को लेकर विशेषकर पुरुषों को महिला डिब्बों में यात्रा न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। मौके पर एएसआई समीर दास, कांस्टेबल काजल कुमारी,सुनीता यादव, सुंदरम शामिल थे।

## नवरात्रि को लेकर एकमा में दिखने लगी आस्था की आहट, मंदिरों में हुई साफ-सफाई व बाजारों में बढ़ी रौनक

**आज से शुरू होगी चैत्र नवरात्रि, शुभ मुहूर्त में होगी कलश स्थापना: डॉ कृष्ण कुमार चतुर्वेदी**

**एकमा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैत्र नवरात्रि को लेकर एकमा प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बनने लगा है। नवरात्रि शुरू होने से पहले ही विभिन्न देवी मंदिरों में साफ-सफाई और सजावट का कार्य पूरा हो गया है। वहीं बाजारों में पूजा सामग्री, चुनरी, नारियल, कलश, फल-फूल व सजावटी वस्तुओं की दुकानों पर भी चहल-पहल बढ़ने लगी है। ज्योतिषाचार्य व संस्कृत शिक्षक डॉ. कृष्ण कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि इस वर्ष 19 मार्च से प्रारंभ हो रही है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री-की पूजा की जाती है। इन







दिनों में श्रद्धालु व्रत, साधना और पूजा-अर्चना के माध्यम से देवी दुर्गा की आराधना करते हैं।

**सुबह के शुभ मुहूर्त में होगी कलश स्थापना:**

डॉ. चतुर्वेदी के अनुसार नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना (घटस्थापना) का विशेष महत्व होता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार 19 मार्च को सुबह 6:52 बजे से 7:43 बजे तक कलश स्थापना का श्रेष्ठ शुभ मुहूर्त रहेगा। यदि इस समय पूजा न हो सके तो दोपहर 12:05 बजे से 12:53 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में भी घटस्थापना की जा सकती है। उन्होंने बताया कि शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना करने से घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है और पूरे नौ दिनों तक देवी दुर्गा की कृपा बनी रहती है। डॉ. कृष्ण कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संयम और भक्ति का भी पर्व है। इसी दिन से ही भारतीय नववर्ष का प्रारम्भ भी होता है। इसी के साथ विक्रम संवत 2083 का प्रारम्भ हो जायेगा। इन दिनों में श्रद्धालुओं को सद्भाव, संयम और आस्था के साथ मां दुर्गा की पूजा करनी चाहिए।

**मंदिरों में तेज हुई तैयारियां:**

एकमा नगर और प्रखंड के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में नवरात्रि की तैयारियां तेज हो गई हैं। मंदिर समितियों द्वारा मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट का कार्य किया जा रहा है। कई स्थानों पर पंडाल निर्माण और प्रकाश व्यवस्था की भी तैयारी शुरू हो गई है।

**बाजारों में बढ़ी खरीदारी:**

नवरात्रि के नजदीक आते ही स्थानीय बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगी है। पूजा सामग्री, चुनरी, नारियल, अगरबत्ती, दीप, फल-फूल और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देने लगी है। दुकानदारों का कहना है कि नवरात्रि शुरू होते ही खरीदारी और बढ़ गई है।

# राष्ट्रीय किसान मेले में मदनपुर के व्यंजनों की धूम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** बुधवार को भागलपुर के सबौर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेले में औरंगाबाद जिले के मदनपुर की स्वयं सहायता महिला समूह द्वारा निर्मित खाद्य व्यंजनों का प्रदर्शनी सह विक्रय स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना रहा। शुद्धता से तैयार किए गए इन व्यंजनों को लोगों ने खूब पसंद किया और जमकर सराहा। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रायोजित इस मेले में देशभर से उद्यमी शामिल हुए हैं। नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक सह जिला विकास प्रबंधक सुशील कुमार सिंह के सहयोग से मदनपुर की महिलाओं ने साबुदाना पापड़, बासमती चावल का चरौरी, चना बड़ी, उड़द बड़ी, आलू बड़ी सहित अन्य खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों का स्टॉल लगाया। मेले में नाबार्ड पटना के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह और भागलपुर की जिला विकास प्रबंधक अर्चना प्रिया सहित अन्य अधिकारियों ने स्टॉल का अवलोकन किया। गौतम कुमार सिंह ने कहा कि घरेलू उपयोग के उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग कर उन्हें बाजार में उतारने की आवश्यकता है, जिसके लिए नाबार्ड वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नाबार्ड विभिन्न योजनाएं चला रहा है। प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से औरंगाबाद में स्वयं सहायता समूहों के गठन और प्रशिक्षण की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता मिली है। संस्थान के सचिव भरत ठाकुर के प्रयासों को भी सराहा गया। सुशील कुमार सिंह ने बताया कि नाबार्ड प्रायोजित प्रदर्शनी में प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की विमला देवी लगातार भाग लेती रही हैं और शिमला, ग्वालियर, गुवाहाटी, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, जमुई सहित कई स्थानों पर उत्पादों का प्रदर्शन कर चुकी हैं। मेले के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने भी स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान अर्चना प्रिया, मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# देव के सूर्यकुंड पर 22 मार्च को होगी सूर्य महाआरती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



औरंगाबाद। भगवान श्री सूर्य नारायण की नगरी देव में एक बार फिर भक्ति और अध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। भगवान श्री सूर्य नारायण सेवा समिति के तत्वाधान में आगामी 22 मार्च 2026 को ऐतिहासिक सूर्य कुंड तालाब के तट पर दिव्य सूर्य महाआरती सह गंगा आरती का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। कार्यक्रम की शुरुआत संध्या छह बजे से होगी, जहां वाराणसी की प्रसिद्ध गंगा आरती की तर्ज पर मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच भगवान भास्कर की आराधना की जाएगी। दीपों की अलौकिक ज्योति से पूरा सूर्य कुंड परिसर जगमगा उठेगा, जो श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार और दिव्य अनुभव होगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से इस पावन अवसर पर सपरिवार शामिल होने का विनम्र निवेदन किया है। समिति के सदस्यों का कहना है कि इस महाआरती का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना और सनातन संस्कृति के गौरव को जन-जन तक पहुंचाना है।

# स्प्रिट की बड़ी खेप बरामद, देसी शराब बनाने की थी तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** फेसर पुलिस ने देर रात स्प्रिट से लदा एक पिकअप वाहन जब्त किया है। इतनी भारी मात्रा में स्प्रिट से बड़ी मात्रा में देसी शराब बनाने की तैयारी थी। यह बरामदगी थाना क्षेत्र के चतरा मोड़ से की है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए तस्करों की पहचान गया जिले के डुमरिया निवासी अभय कुमार एवं औरंगाबाद जिले के नरारी कलां खुर्द निवासी मंटू कुमार के रूप में की गई है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि स्प्रिट झारखंड के छतरपुर से लाया जा रहा है और इसे रफीगंज थाना क्षेत्र के बौर-बहादुरपुर निवासी बीरन पासवान को डिलीवरी करना था। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना क्षेत्र के चतरा मोड़ पर रात्रि गस्ती के दौरान पुलिस ने एक पिकअप वाहन को रुकने का इशारा किया लेकिन चालक भगाने का प्रयास किया जिसे पीछा कर धर दबोचा गया। इसके बाद पिकअप से 20 गैलन में 800 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है। यह शराब कारोबार के एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा प्रतीत होता है, जो नकली शराब बनाने के लिए कच्चे स्प्रिट का उपयोग करते है। मामले की गहन जांच जारी है, और इससे जुड़े अन्य लोगों की खोज की जा रही है। इस कार्रवाई ने नकली शराब के रैकेट को बड़ा झटका दिया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य, जारी किए गए औसत दैनिक आंकड़े


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है, हालांकि कुछ एजेंसियों में लंबित बुकिंग एवं बैकलॉग की स्थिति भी बनी हुई है, जिस पर प्रशासन द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में औसत दैनिक मांग 6942 रिफिल है, जबकि औसत दैनिक आपूर्ति 6718 रिफिल दर्ज की गई है। कुल लंबित रिफिल बुकिंग की संख्या 18,499 है तथा औसतन बैकलॉग 2.75 दिनों का है। विभिन्न एजेंसियों के पास उपलब्ध कुल स्टॉक 11,366 सिलेंडर है। कुछ गैस एजेंसियों जैसे रफीगंज, मदनपुर, औरंगाबाद एवं बारुण प्रखंडों में अपेक्षाकृत अधिक लंबित बुकिंग एवं बैकलॉग दर्ज किया गया है, जिसे शीघ्र निष्पादित करने हेतु संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया गया है। वहीं कई एजेंसियों द्वारा मांग के अनुरूप आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने, लंबित बुकिंग का त्वरित निष्पादन करने, वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं नियमितता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी उत्पन्न न होने देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की नियमित समीक्षा करें एवं किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। जिला प्रशासन आमजन से अपील करता है कि वे धैर्य बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित गैस एजेंसी अथवा नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# देव किले का इतिहास है काफी पुराना, कभी था शासन का केन्द्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** जिले के प्राचीन इतिहास के बारे में अगर आप ने अध्यन किया होगा तो आपको कई ऐसे अनेक इतिहास जानने को मिला होगा। जिले के प्राचीन धार्मिक स्थल देव सूर्य मंदिर, उमगा सूर्य मंदिर, देवकुंड धाम, अमझर शरीफ मजार, ऐतिहासिक धरोहर में दाउदनगर किल्ला सहित औरंगाबाद को गर्वशाली बनाता है परंतु इसके अलावे और भी ऐसे ऐतिहासिक धरोहर है जिसे शायद ही इसे लोगों तक प्रसार किया हो या लोग इसे अच्छी तरह से जानते होंगे। बता दें कि औरंगाबाद जिले के देव में काफी प्राचीन किला है। किले का इतिहास काफी पुराना है। यहां कभी राजा महाराजा का शासन चलता था।

बता दें कि किला का रहस्य राजपूत परिवार के सिसोदिया वंश से जुड़ी हुई है। ये वर्णन इतिहास में मिलती है कि देव किला का सबसे अंतिम राजा जगनाथ जी थे, जो काफी लंबे समय तक अपने राज्य में शांति और वह प्रजा लोगों के साथ शांति के साथ राज्य का जिम्मा अपने हाथ में लेकर शासन किया। उनका कोई भी अपना संतान नहीं था। उनके देहांत के बाद बारी आई कि अब राज्य का जिम्मा कौन संभाले तो ये जिम्मेदारी उनकी पत्नी को लेनी थी। उनकी दो प'यिां थी जिसमे से राज्य का जिम्मा उनकी छोटी पत्नी ने संभाली। उनकी छोटी पत्नी ने अपने राज्य पर देश को स्वत्रंत होने 1947 तक किया। भारत को स्वतंत्र देश बनने के बाद उस वक्त के देव राज्य के अटॉर्नी जॉर्नल मुनेश्वर सिह ने देश में विलय के लिए हस्ताक्षर किया था और इस तरह से देव राज्य भारत देश में विलय हो गया। आज भी अगर आप देव किले आते हैं तो आप को देव का किला जरूर देखने को मिलेगा। इसके अलावा देव किले के अलावा यहां एक विद्यायल भी जो उसी समय की रानी ने अपने राज्य की भूमि विद्यायल बनाने के लिए नाम कराई थी।


**विद्यालय की स्थापना का है अपना इतिहास**

विद्यालय की स्थापना का एक अपना इतिहास है। सन 1938 के नवंबर में देव के जिला बोर्ड के सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डा. अश्विनी कुमार चटर्जी के प्रयास से देव के गणमान्य व्यक्तियों की एक सार्वजनिक सभा हुई, इसमें नगर के शिक्षा प्रेमियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा गया कि देव के स्व. राजा जगन्नाथ प्रसाद सिह 'किंकर' के स्मृति में एक हाइ स्कूल खोला जाए इसका लोगों ने समर्थन किया। इसके बाद पहले प्रधानाध्यापक के रूप में कंठी प्रसाद देशान्धी को नियुक्त किया गया और इस तरह विद्यालय में पठन-पाठन कार्य प्रारंभ हुआ। विद्यालय में आठवीं, नौवीं व 10वीं की विभागीय स्वीकृति क्रमशः 1938, 39, 40 में मिली। अब इस विद्यालय में प्लस टू तक की शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कराई जाती है। देखरेख के अभाव में किला का अस्तित्व संकट में देव निवासी दिलीप सिंह, अजय सिंह सहित बताते हैं कि देखरेख के अभाव में किला का अस्तित्व अब संकट में है। किला के चारों ओर पेड़-पौधे उग आए हैं। किला के अंदर सिर्फ सांप, बिच्छू सहित जीव जंतु मिलते हैं। किला हमेशा बंद रहता है। राज्य सरकार को किला के जीणोद्धार के प्रति ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि पर्यटक यहां आकर किला का लुफ्त उठा सके।

# अदलपुर गांव में नल-जल ठप, 200 घरों में पानी के लिए मचा हाहाकार

**जल्द ही जांच कर नल-जल योजना को पुनः चालू कराया जाएगा : जेई**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के ढोसिला पंचायत अंतर्गत धरहरा टोले अदलपुर गांव में पिछले चार दिनों से नल-जल योजना पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे करीब 200 घरों में पानी के लिए हाहाकार मच गया है। बताया जाता है कि बिजली मीटर का रिचार्ज नहीं होने के कारण मोटर बंद हो गई है और पानी की सप्लाई पूरी तरह रुक गई है।

ग्रामीण विनोद पासवान और बजरंगी पासवान ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से वार्ड संख्या 9 के अदलपुर गांव में नल-जल योजना के तहत नियमित पानी मिल रहा था। लेकिन अचानक सप्लाई बंद हो जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्थिति यह है कि गांव के अधिकांश चापाकल भी खराब पड़े हैं, जिससे पीने के पानी का संकट और गहरा गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर जब मुखिया से शिकायत की गई, तो उन्होंने इसे पीएचईडी विभाग का मामला बताते हुए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

इस संबंध में पीएचईडी के जेई सुनेश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और जल्द ही जांच कर नल-जल योजना को पुनः चालू कराया जाएगा। वहीं बीआरओ अमर कुमार ने भी आश्वासन दिया कि शीघ्र जांच कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब पानी सप्लाई बहाल करने की मांग की है, ताकि उन्हें इस भीषण परेशानी से राहत मिल सके।

# सती माता की 125वीं पुण्यतिथि पर जलभरी शोभायात्रा, गूंजा पूरा क्षेत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** आस्था, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम उस वक्त देखने को मिला जब कोईलवां गांव स्थित सती स्थान से श्री सीताराम महायज्ञ सह श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर सती मां की 125वीं पुण्यतिथि पर भव्य जलभरी शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे, घोड़े और सुसज्जित रथों के साथ निकली इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय रंग में रंग दिया। "जय सती माता" के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। हाथों में कलश लिए सैकड़ों श्रद्धालु नगर भ्रमण करते हुए धमनी गांव, पचरूखिया बाजार होते हुए एनएच-120 मार्ग से कोईलवां मोड़, करणविगहा के रास्ते पुनपुन नदी स्थित चनहट सूर्य मंदिर घाट पहुंचे। घाट पर वैदिक रीति-विधि से आचार्य पंडित लालामोहन शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जलारोहण कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि विश्व शांति और मानव कल्याण का संदेश देने वाला महापर्व है, जिससे आसपास की नकारात्मक शक्तियां भी समाप्त होती हैं। महायज्ञ के मुख्य यजमान प्रवीण शर्मा और श्रीमती बेबी शर्मा ने सर्वप्रथम जलारोहण कर अनुष्ठान की शुरुआत की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार ने सनातन परंपराओं को जीवित रखने के लिए ऐसे आयोजनों को आवश्यक बताया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय कुमार, सचिव सूर्यवंश शर्मा, कोषाध्यक्ष बृजबिहारी शर्मा समेत कई गणमान्य लोगों और युवाओं ने शोभायात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पचरूखिया बाजार में समाजसेवियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था भी की गई। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को नई ऊर्जा दी, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का सशक्त संदेश भी पूरे क्षेत्र में प्रसारित किया।

# सिहुली एवं भेटनियां पैक्स का मतदान शान्तिपूर्ण सम्पन्न, मतगणना आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखण्ड के सिहुली एवं भेटनियां पैक्स का मतदान शान्तिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो गया। इसके लिए भेटनिया पैक्स का मतदान केंद्र हाईस्कूल बाराही एवं सिहुली पैक्स का मतदान केंद्र राजकीय माध्यमिक उच्चतर विद्यालय बरुणा में बनाया गया जहां पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच मतदान सम्पन्न कराया गया। निर्वाचन अधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने बताया कि भेटनिया पैक्स में 54% एवं सिहुली पैक्स में 50% मतदान हुआ।भेटनिया पैक्स में कुल 3247 एवं सिहुली पैक्स में कुल 2384 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। सिहुली पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए तीन एवं भेटनियां पैक्स में छह उम्मीदवार मैदान में रहे। वहीं सिहुली पैक्स में कार्यकारिणी सदस्य के दो कोटि में निर्विरोध रहे। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने बताया कि प्रखण्ड मुख्यालय में वृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी।

# चांदपुर से केताकी मोड़ जाने वाली सड़क जर्जर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** देव से कंचनपुर पथ इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। चांदपुर से केताकी मोड़ तक करीब एक किमी में सड़क जर्जर अवस्था में है। सड़क पर गड्ढें उभर आए हैं। बारिश के दिनों में सड़क पर उभरे गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। यहां तक की रात्रि में साइकिल से या पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बाइक से चलने पर या टेंपो में बैठकर यात्रा करने पर बगल से किसी कार के गुजरने पर गड्ढे का पानी कपड़े पर पड़ जाता है जिससे शरीर का रंग बदरंग हो जाता है। दरअसल यह पथ देव से कंचनपुर तक जाती है। इसी पथ से गोपालपुर मोड़ से केताकी तक एक दूसरी सड़क जाती है। दोनों सड़क मौजूदा समय में जर्जर हो गया है। चांदपुर मोड़ से केताकी मोड़ तक स्थिति दयनीय हो गई है। निर्माण नहीं होने से वर्षा के इस मौसम में झील बन गया है। यह सड़क कई गांवों की लाइफ लाइन है। इसी सड़क से केताकी और कंचनपुर इलाके के ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय आवागमन करते हैं। बीमार पड़ने पर देव अस्पताल इसी सड़क से पहुंचते हैं। सटवट गांव निवासी बब्लू कुमार सिह बताते हैं कि सड़क का निर्माण होने की जरूरत है। उनके गांव में संपन्न हुए यज्ञ को लेकर कई जगहों पर गड्ढें में सामग्री भरा गया था। अधिकारियों को सड़क निर्माण के प्रति ध्यान देने की जरूरत है।

# अग्निशमन विभाग की जागरूकता मुहिम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड अग्निशामालय द्वारा अग्नि सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न पंचायतों और गांवों में मॉकड्रिल का आयोजन कर लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए गए, साथ ही पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। अभियान के तहत बलिगांव एवं भदुकीकला पंचायत के कई गांवों में ग्रामीणों, किसानों, जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदियों और स्कूली बच्चों को शामिल करते हुए प्रशिक्षण दिया गया। गोपालपुर बिगहा, गौपालपुर, कड़ियां टोला विश्रामपुर, खड़वां, खड़वां टोला, अकौना और अकौनी सहित कुल 15 स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्वास्थ्य उपकेंद्र, स्कूल और निजी अस्पतालों में भी विशेष रूप से मॉकड्रिल कर आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को थ्रेसर और अन्य कृषि उपकरणों के उपयोग के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी गई। अग्निशामालय प्रभारी मुन्ना कुमार के नेतृत्व में टीम के सदस्य निराज कुमार (अग्निक चालक), सुषमा कुमारी, बंटी कुमार और रंजीत कुमार ने लोगों को आग लगने के कारण, बचाव के उपाय और प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाओं को कम करना और लोगों को समय रहते सतर्क करना है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे बेहद उपयोगी बताया।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा सूचना सं.: **47–एसडीएसटीई–एएसएन–2025–26, दिनांक 17.03.2026** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल – आसनसोल मंडल में अण्डाल–सांईथिया और अण्डाल–सीतारामपुर (बीबीआई सेक्शन होकर) में पुराने हो चुके एससीएडीए सिस्टम को बदलना और इसके साथ ही साइबर सुरक्षा लागू करना"। **निविदा मूल्य:** रु. 2,20,48,404.95, **बयाना राशि:** रु. 2,60,300/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 09.04.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in**

ASN-395/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जल्द जमा करें राशि वरना कटेगी आपूर्ति

**बिजली बिल बकायेदारों के लिए सख्त चेतावनी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ताओं के लिए विद्युत विभाग ने सख्त चेतावनी जारी की है। जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल बकाया है, उन्हें जल्द से जल्द भुगतान करने को कहा गया है, अन्यथा विभागीय कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज एवं कनीय विद्युत अभियंता शहरी मारुतिनंदन प्रियदर्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि बकाया वसूली के लिए विभाग द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया है,जो जल्द ही घर-घर जाकर जांच करेगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में बकाया राशि जमा नहीं की गई तो संबंधित उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी। इसके बाद दोबारा कनेक्शन चालू कराने के लिए पूर्ण बकाया राशि के साथ पुनः शुल्क (री-कनेक्शन चार्ज) भी देना होगा।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि इस असुविधा से बचने के लिए समय रहते अपना बिजली बिल जमा कर दें। स्थानीय लोगों से भी आग्रह किया गया है कि वे समय पर बिल भुगतान कर विभाग का सहयोग करें, ताकि निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनी रहे।

# बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई, चार उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कोना गांव में बिजली विभाग ने विद्युत चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चार उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह कार्रवाई कनिष्ठ विद्युत अभियंता (ग्रामीण) संतोष कुमार के नेतृत्व में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवनंदन मिश्रा के पुत्र सुरेंद्रनाथ मिश्रा पर 17,708 रुपये बकाया था, जिन पर 1,425 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं स्वर्गीय रणविजय सिंह की पत्नी सावित्री देवी पर 47,543 रुपये बकाया होने के साथ 10,527 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह रामप्रसाद पासवान के पुत्र रविंद्र पासवान पर 21,810 रुपये बकाया के साथ 3,027 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं सुरेंद्र पासवान पर 17,188 रुपये बकाया होने के साथ 3,236 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। कनिष्ठ विद्युत अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि सभी उपभोक्ताओं का कनेक्शन बकाया राशि के कारण पहले ही काट दिया गया था। इसके बावजूद ये लोग एलटी लाइन में पीवीसी तार के जरिए अवैध रूप से टोका फंसाकर बिजली की चोरी कर रहे थे।

# शहर की टूटी नालियां से नागरिकों की बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के विभिन्न वार्डो में नाली व सड़क निर्माण का काम तो हुआ परंतु घटिया कार्य और गुणवत्ता के अभाव में निर्माण लंबे समय तक ठीक नहीं पा रही है। स्थिति यह है कि कई जगहों पर नालियों की पट्टियां व सड़के बनने के एक वर्ष के अंदर ही टूटकर बिखरने लगी है। इससे जहां आम लोगों की परेशानी हो रही है। वहीं नगर परिषद व संवेदक के कार्यशैली पर भी गंभीर प्रश्न चिन्ह लग गए हैं। बता दें कि पिछले दो वर्षों में शहर के कई वार्डों में नालियां व सड़कों के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे। जिसका उद्देश्य था कि जलजमाव की समस्या से राहत दिलाना व बेहतर आवागमन उपलब्ध कराना था परंतु मानकों की अनदेखी के कारण इसका उल्टा असर दिखने लगा है। कई इलाकों में नालियों की पट्टियां जगह-जगह से टूट चुकी है। कुछ धंस भी गई है। टूटे हुए नाली में फिसलकर कई लोग चोटिल हो चुके हैं। खासकर बच्चों को अधिक परेशानियां झेलनी पड़ती है। बारिश के दिनों में भी सबसे अधिक परेशानी होती है। कुछ लोग सड़क पर गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। बता दें कि पुलिस लाइन के समीप वार्ड नं-सात में सड़क व नालियां की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। जिससे नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना होने के बावजूद भी नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जाता है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल–03–26, दिनांक 17.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सूचना सं. : ईएल–03–26, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल:एक वर्ष (वित्त वर्ष 2026–27) के लिए एसएसई/इलेक्ट(जी)/आसनसोल के अंतर्गत विविध विद्युत कार्य अनुबंध। **निविदा मूल्य :** रु.1,00,00,447.50, **बयाना राशि :** रु. 2,00,000/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय** : दिनांक 10.04.2026 को 11.00 बजे। **कार्य के लिए समापन अवधि** : 12 माह। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-396/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सिमरिया धाम में बनेगा कंट्रोल्ड वाटर चैनल

## फ्लड कंट्रोल विभाग के अधिकारी व एमएलसी सर्वेश कुमार ने गंगा घाट पर संभावनाओं को तलाशा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** मिथिलांचल के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में एक सिमरिया धाम के चहुंमुखी विकास को लेकर सरकार की सजगता अब सामने आती दिख रही है। सिमरिया धाम में सरकार ने घाट, शौचालय, कपड़ा चेंज रूम आदि का निर्माण कराया है, लेकिन गर्मी के दिनों सरकार द्वारा बनाई गई सीढ़ी (पौड़ी) धारा से लगभग 500 मीटर दूर चली जाती है। इस कारण श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर एमएलसी सर्वेश कुमार ने विधान परिषद के बीते सत्र में न सिर्फ सवाल उठाया था बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्मृद्धि यात्रा के दौरान भी ज्ञापन देकर ध्यान आकृष्ट कराया था। इतना ही नहीं 16 मार्च को पटना में जहां राज्यसभा चुनाव के मतदान को लेकर गहमागहमी चल रही थी वहीं एमएलसी सर्वेश कुमार जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी के समक्ष सिमरिया के विकास का मुद्दा उठा रहे थे। इस मौके पर संयोगवश जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष व सांसद संजय झा भी मौजूद थे। गौरतलब हो कि सिमरिया धाम में घाट निर्माण से लेकर अबतक के विकास में श्री झा बड़ा योगदान रहा है। एमएलसी के अनुरोध पर जल संसाधन मंत्री श्री चौधरी ने प्रधान सचिव से सिमरिया में हरकी पौड़ी की तर्ज पर पौड़ी के निर्माण की संभावना तलाश कर रिपोर्ट देने को कहा। मंत्री ने इस कार्य में एमएलसी सर्वेश कुमार से भी सहयोग लेने का निर्देश दिया। नतीजतन 17 मार्च को जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता रविन्द्र कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता मनीष सहित कई अभियंता सिमरिया धाम पहुंच कर पूरे घाट का निरीक्षण किया। उनके साथ एमएलसी सर्वेश कुमार भी मौजूद रहे। स्थल निरीक्षण के बाद अधीक्षण अभियंता ने गंगा के केनाल की जगह चैनल निर्माण को उपयुक्त माना। जिसका रिपोर्ट वे सरकार को भेजेंगे। हालांकि यह अभी तय नहीं हो पाया है कि यह चौनल मिथिला हाट स्थल, कल्पवास क्षेत्र या किस क्षेत्र से निकाला जाएगा। एमएलसी सर्वेश कुमार ने बताया कि योजना के अनुसार गंगा के मुख्य धारा से गंगा जल लिफ्ट कर चौनल के माध्यम से बहाया जाएगा। इससे बूढ़े, बच्चे व महिलाओं को गंगा स्नान करने में सुविधा होगी। साथ ही गंगाजल लिफ्ट करते समय पानी के स्वच्छता की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि चौनल में पौड़ी का निर्माण होगा। पूरे साल चौनल में बहता पानी (गंगा जल) एक लेवल में मिलेगा। सिमरिया धाम में जब लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है उस समय में लोगों को सुविधा मिलने के साथ ही प्रशासन को भी भीड़ को नियंत्रित करना आसान हो जाएगा।

## हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के दनौली फुलवरिया गांव में छापेमारी कर पुलिस ने देसी कट्टा एवं 11 कारतूस के साथ अपराधी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना कांड संख्या 143/26 का वांछित अभियुक्त कर्मदेव कुमार अपने घर के स्थित बथान में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी की। इस दौरान आरोपित को पकड़ लिया गया। तलाशी के क्रम में आरोपी के पास से एक देसी कट्टा 11 करतूस बरामद किया गया उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है।

## किसानों को आधुनिक खेती की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड अंतर्गत विष्णुपुर पंचायत के पंचायत सरकार भवन परिसर में एक दिवसीय कृषि मेला का आयोजन बुधवार को किया गया। कृषि मेले की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि टुनटुन कुमार एवं मंच संचालन गौतम गोस्वामी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा पशुपालन से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। कृषि मेले में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर किसानों को उपयोगी जानकारी दी। जीविका से आए बीपीएम मनोरंजन कुमार ने जीविका से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और महिलाओं की भागीदारी को कृषि एवं आजीविका के क्षेत्र में बढ़ाने पर जोर दिया। कृषि विभाग से आए बीएओ रौशन कुमार ने किसानों को उन्नत खेती, सरकारी योजनाओं तथा कृषि से संबंधित नवीन तकनीकों के बारे में जानकारी दी। वहीं कृषि समन्वयक मनोज कुमार ने फसलों में होने वाले विभिन्न रोगों एवं उनके नियंत्रण के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मैनकाइंड से जुड़े शुभम कुमार ने पशुपालन विशेषकर गाय एवं बकरी पालन में लगने वाले समय, लागत एवं उससे होने वाली आय के बारे में किसानों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पशुपालन किसानों के लिए अतिरिक्त आय का एक सशक्त माध्यम बन सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस मेले में चंद्रभूषण, लक्ष्मण, अमल महतो, ब्रह्मदेव महतो, रूभा, गुंजन, प्रीति, आरती सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अफवाहों पर न दें ध्यान, संदिग्ध गतिविधियों की प्रशासन को दें सूचना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** मनरेगा भवन में आगामी रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा एवं ईद पर्व को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने की। इस दौरान प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने मिलकर त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर, सर्किल इंस्पेक्टर जयप्रकाश यादव, एएसआई अभिषेक रंजन, पूर्व जिला पार्षद रामस्वरूप शाह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष यशवंत चौधरी, कांग्रेस नेता इंद्रदेव राय, सरपंच खुर्शीद आलम, पंचायत समिति सदस्य आनंद कांत चौरसिया तथा सामाजिक कार्यकर्ता विंध्याचल राय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल दिया। थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर त्योहार मनाएं और सामाजिक एकता की मिसाल पेश करें। वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।अंत में यह निर्णय लिया गया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

## दुर्गा पूजा को लेकर भक्तिमय माहौल

**नावकोठी।** चौती नवरात्र की शुरूआत गुरूवार से हो रही है। इसको लेकर नावकोठी के एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान स्थित दुर्गा मंदिर एवं समसा पंचायत भवन परिसर स्थित दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। कलश स्थापना के साथ नवरात्र आरंभ होगा और दुर्गा सप्तशती के पाठ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। अध्यक्ष रंजीत महंत, सचिव निरंजन सहनी एवं कोषाध्यक्ष दिनकर कुमार ने बताया कि पूजा के दौरान विभिन्न सांस्.तिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 26 व 27 मार्च को विदेशिया नाच, 28 मार्च को रामसेवक पोद्दार के निर्देशन में नाटक ''दहकते अंगारें'' तथा 29 मार्च को शिवेश सिंह व अन्य कलाकारों द्वारा जागरण कार्यक्रम होगा।

## मुंगेर विश्वविद्यालय का आठवां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर का आठवां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर के ऑडिटोरियम में बुधवार को किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो डॉ बिजेंद्र कुमार, मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो डॉ महेश्वर मिश्र और मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय मौजूद थे। स्थापना दिवस समारोह का आयोजन दो सत्रों में किया गया- प्रथम सत्र में औपचारिक उद्घाटन एवं द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम का संचालन डॉ कृपाशंकर पांडे ने किया जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन बीआरएम कॉलेज के डॉ रामरेखा ने किया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो डॉ बिजेंद्र कुमार ने प्रस्तुत किया। वर्तमान में विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियां की विस्तृत चर्चा की। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ घनश्याम राय ने संबोधन के दौरान कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय सीमित संसाधनों में बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। सकारात्मक प्रयास एवं ऊर्जा से मुंगेर विश्वविद्यालय को भविष्य में ऊंचाइयों तक पहुंचने का कार्य करेंगे। सीमित साधनों के बावजूद मुंगेर विश्वविद्यालय एनएसएस के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान में पहचान बना रहा है। मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो डॉ महेश्वर मिश्र ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान नवाचार, शिक्षकों का समर्पण, छात्र-छात्राओं के सक्रिय योगदान, एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज के द्वारा होता है। मुंगेर विश्वविद्यालय इन सभी आयामों पर निरंतर कार्यरत रहेगा। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ संजय कुमार ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आठवां स्थापना दिवस से पूर्व पीजी विभागों में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को पद स्वीकृत के बाद पोस्टिंग की गई है। उन्होंने कहा कि वे आशा करते हैं कि पीजी विभाग अपने कार्यों के प्रति समर्पण एवं शोध कार्यों की बदौलत विश्वविद्यालय की पहचान स्थापित करने में योगदान करेंगे। विश्वविद्यालय में सेमिनार, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप इत्यादि का आयोजन होना चाहिए। इंटर यूनिवर्सिटी में विश्वविद्यालय ने खेलकूद गतिविधियों में प्रतिभाग कर अपना सक्रिय योगदान दिखाया है। किसी भी विश्वविद्यालय को केंद्रीय या राज्य सरकार से ग्रांट तभी प्राप्त होता है जब इंट्ररडिसीप्लिनरी प्रोजेक्ट पर कार्य किया जाता है। उन्होंने शिक्षकों को इस कार्य हेतु प्रेरित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए क्लास में 75% उपस्थित एवं ड्रेस कोड को अनिवार्य बताया। सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर विश्वविद्यालय को आगामी वर्षों में बेहतर करने के लिए उम्मीद जताया। दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2026 में सफल प्रतिभाग करने के लिए एनएसएस स्वयंसेवक अभिजीत राज जो कोशी कॉलेज खगड़िया के हैं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मुंगेर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक परिषद के संयोजक डॉ मृत्युंजय मिश्रा के नेतृत्व में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाव नृत्य, एकल नृत्य, झिझिया, गजल, गरबा, लोकगीत और होरी गीत की शानदार प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यालय कर्मी भारती कुमारी, सौरभ शांडिल्य, सपनी आदि का अहम योगदान रहा। इस समारोह में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य, पीजी विभाग के विभागाध्यक्ष, सीनेट मेंबर, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी और छात्र-छात्राएं, मीडिया कर्मी आदि मौजूद रहे।

## 29 से जलापूर्ति ठप करने की पम्प संचालकों ने दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खोदावंदपुर।** मुख्यमंत्री नल-जल योजना से जुड़े पम्प संचालकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के पम्प संचालकों ने मांगें पूरी नहीं होने पर आगामी 29 मार्च से पेयजल आपूर्ति ठप कर देने का अल्टीमेटम दिया। मौके पर मौजूद पम्प संचालकों इंद्र कन्त मिश्र, राधा सिंह, रणधीर कुमार, राजों ठाकुर, संजय कुमार, नवीन कुमार, राजेश कुमार एवं रोहन कुमार ने बताया कि वे वर्ष 2020 से अपने-अपने वार्डों में पम्प संचालन कर पेयजल आपूर्ति कर रहे हैं, लेकिन इस अवधि के मेंटेनेंस मद की राशि का अब तक भुगतान नहीं किया गया है। इसके कारण उन्हें काफी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नल-जल योजना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर मरम्मत कार्य उन्हें अपने स्तर से ही कराना पड़ता है। साथ ही, विभागीय अधिकारी और कर्मी कभी निरीक्षण के लिए नहीं आते, जिससे आम लोगों की शिकायतों का सामना भी उन्हें ही करना पड़ता है। पम्प संचालकों ने बताया कि उनका पांच वर्षों का अनुबंध मार्च माह में समाप्त हो चुका है। ऐसे में उन्हें स्थायी कर्मी का दर्जा दिया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 29 मार्च तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 30 मार्च से पम्प संचालन बंद कर दिया जाएगा।जिससे क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित हो सकती है।

## प्रभात फेरी निकालकर अग्निशमन विभाग ने लोगों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** जिले भर में मौसम में आई बदलाव के बाद बढ़ते तापमान और अग्नि प्रवण काल को ध्यान में रखते हुए अग्निशमन विभाग ने प्रभात फेरी निकाली। बुधवार को आगजनी की घटनाओं पर रोकथाम और लोगों को सतर्क करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को अग्निशमन विभाग, बेगूसराय की ओर से एक जागरूकता प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी अग्निशमन कार्यालय, पुलिस लाइन से शुरूहोकर शहर के प्रमुख मार्ग पन्हास चौक, मिलन चौक और बाघा होते हुए पुनः कार्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान अग्निशमन कर्मियों ने लोगों को आग से बचाव के उपाय, सतर्कता बरतने के तरीके तथा आपात स्थिति में क्या करना चाहिए, इसकी विस्तृत जानकारी दी। प्रभात फेरी में सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी रवींद्र कुमार, रंजन कुमार, अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी श्वेता कुमारी, उपेंद्र कुमार सिंह के साथ-साथ सब अफिसर कुंदन कुमार, विकास कुमार मांझी, विकास कुमार सिंह, सुनील कुमार एवं अन्य अग्निशमन कर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे। सभी ने मिलकर आम लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया।इसी कड़ी में सदर अनुमंडल के जुनेदपुर पंचायत भवन में मुखिया अनिता कुमारी की अध्यक्षता में एक जागरूकता बैठक का भी आयोजन किया गया। इस बैठक में अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान आग लगने के प्रमुख कारणो में शर्ट सर्किट, रसोई गैस का असावधानी से उपयोग, खेतों में जलती आग आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। अग्निशमन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे आग से संबंधित किसी भी प्रकार की घटना को हल्के में न लें और तुरंत विभाग को सूचित करें। साथ ही घरों और प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सावधानी बरतें। ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## नवोदय में प्रज्ञा गुरुकुल का शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के प्रज्ञा गुरुकुल के छात्रों ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा वर्ग छह में शानदार सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस वर्ष कुल चार छात्रों का चयन हुआ है। जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। चयनित छात्रों में हसनपुर बागर पंचायत के नाथ बागर निवासी स्वर्गीय पवन गोस्वामी का पुत्र राजगीर कुमार, रजाकपुर के अरविंद महतो का पुत्र अंश राज, खगड़िया जिला के गंगिया निवासी शंभू कुमार पासवान का पुत्र आदित्य कुमार तथा दयानंद यादव का पुत्र शिवम कुमार शामिल हैं। संस्थान के प्राचार्य राजेश कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रज्ञा गुरुकुल से पिछले कई वर्षों से बड़ी संख्या में छात्र नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल होते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित अभ्यास और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन के कारण छात्र लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्राचार्य ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। वहीं अभिभावकों एवं क्षेत्र के लोगों ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## पावर प्वाइंट के माध्यम से बाल श्रमिकों की पहचान, विमुक्ति, पुनर्वास तथा स्थानीय निकायों की भूमिका की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बेगूसराय के तत्वावधान में आज संयुक्त श्रम भवन, बेगूसराय में बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन के लिए राज्य रणनीति एवं कार्य योजना, 2025 के अंतर्गत एकदिवसीय प्रमण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन के लिए विभिन्न हितधारकों का सतत संवेदीकरण एवं उनकी क्षमता का सुदृढ़ीकरण करना था। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप श्रमायुक्त, बेगूसराय सुधांशु कुमार एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देव प्रिय एवं मेघा वर्मा (नावकोठी) ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बाल श्रमिकों की पहचान, विमुक्ति, पुनर्वास तथा स्थानीय निकायों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान खगड़िया के श्रम अधीक्षक उमेश कुमार राय ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स की भूमिका एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं श्री रंजन कुमार (बखरी) एवं श्री मनोरंजन कुमार (गोगरी) ने क्रमशः प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय टास्क फोर्स के गठन, संरचना एवं दायित्वों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) ने बाल श्रम एवं मानव तस्करी से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए इसके प्रभावी नियंत्रण हेतु समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। नगर प्रबंधक, बेगूसराय ने बाल श्रम को एक गंभीर सामाजिक चुनौती बताते हुए समाज में संवेदनशीलता एवं जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार शिक्षा परियोजना एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधियों द्वारा भी विषय से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बेगूसराय एवं खगड़िया जिलों के जिला टास्क फोर्स के पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, वैशाली समाज कल्याण संस्थान के प्रतिनिधि श्री राजमणि रंजन सहित विभिन्न प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला का समापन मेघा वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## दावत-ए-इफ्तार में दिखा आपसी सौहार्द व भाईचारा

**पीरो (भोजपुर)।** रमजान के पाक महीने के दौरान पीरो नगर परिषद के राजा मुहल्ला में वृहद इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता मो. खुर्शीद खान की देखरेख में आयोजित इस इफ्तार पार्टी में तौसीफ खान, अरमान खान, मोकीम खान, नाहिद खान, दिलशाद शेख, एजाज खान, बमबम खां, गालिब खां, चुन्नु भाई और अखलाक खान समेत दर्जनों की संख्या में गणमानय लोग शामिल हुए। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के सैकड़ों की संख्या में लोग इस इफ्तार पार्टी में सम्मिलित होकर एक साथ इफ्तार किया और आपसी भाईचारा और एकता का संदेश दिया। इफ्तार के दौरान देश में अमन चैन और आपसी सदभाव की दुआ मांगी गई। इस मौके पर लोगों ने कहा कि सामूहिक इफ्तार पार्टी से समाज में आपसी भाईचारा का संदेश जाता है।

## समृद्धि यात्रा में शामिल रहा सहकारी शीत भंडार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में जिले को दी गई सौगात में बरौनी सहकारी शीत भण्डार भी शामिल था। किसानो की समृद्धि के लिए उक्त शीत भंडार को मिली चार करोड़ की राशि से नए भवन का निर्माण हुआ। जिसमे पिछले साल से ही किसान अपनी आलू का भंडारण निजी कोल्डस्टोरेज की वनिस्पत कम किराया में करते आ रहे है। इस अवसर पर सहकारी शीत भंडार के प्रबंधक मदन मोहन सिंह अपनी नवनिर्मित भवन का मडल नमुना लेकर लगी हुई स्टल में नजर आये। उन्होंने कहा की विहार के मुख्यमंत्री सह विकास पुरूष नीतीश कुमार ने 274 करोड़ की सौगात की विकास योजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास किया। इस क्रम बेगूसराय जिला अंतर्गत 274 करोड़ रुपये की लागत से 400 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 165 करोड़ रुपये की लागत से 211 योजनाओं का उद्घाटन तथा 109 करोड़ रुपये की लागत से 189 योजनाओं का शिलान्यास शामिल थी। जिसमे यह योजना भी शामिल थी।

## नवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के हाई स्कूलों में बीएसईबी द्वारा जारी शिड्यूलय के अनुसार कक्षा नौवीं की वार्षिक परीक्षा बुधवार से शुरू हो गई। पहले दिन पहली पाली में मातृभाषा और दूसरी पाली में सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित हुई। दोनों पालियों में परीक्षार्थियों को प्रश्न पढ़ने और समझने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। तेयाय के प्रभारी प्रधान रमा रमण, मोख्तियारपुर की लूसी कुमारी, चंदौर की भारती कुमारी ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संचालित की जा रही है। मौके पर अमित, शानू, पूनम, बेबी, स्मृति, गोपाल, विजय, अरविंद, ज्योति आदि मौजूद थे।

## सिलेंडर खाली रहने पर ही करें बुकिंग वर्ना हो जाएगी रद्द : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) और सभी गैस एजेंसी के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला समाहरणालय में बुधवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने एलपीजी गैस के विभिन्न एजेंसी के क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देशित किया कि उनके पास जो भी बैकलॉग है, उस बैकलॉग को कम करें। जहां पर बुकिंग ज्यादा है और वेटिंग चल रही है। वहां पर गैस की आपूर्ति बढ़कर जल्दी से जल्दी बैकलॉग को खत्म करें। इसके लिए एजेंसी ज्यादा से ज्यादा स्टाफ लगाकर दो से तीन शिफ्ट में डिलीवरी करें। बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय प्रबंधकों ने बताया कि वैसे भी लोग हैं जिनके पास एक या दो सिलेंडर है और वे बुकिंग कर ले रहे हैं। लेकिन जब उनका स्टाफ जा रहा है गैस सिलेंडर लेकर तो पता चल रहा है कि बुकिंग करने वाले उपभोक्ता का सिलेंडर खाली नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि मीडिया के माध्यम से वैसे लोगों को अवगत कराया जाए की सिलेंडर खाली रहने पर ही बुकिंग करें अन्यथा बुकिंग रद्द कर दी जाएगी। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) विकास कुमार सहित जिले के कई एलपीजी गैस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक और एजेंसी के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## टेलर के धक्के से टोटो सवार महिला जख्मी

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चांदन देवघर मुख्य सड़क मार्ग के बिहाई मोड़ के समीप ट्रेलर की धक्का से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मालती देवी उम्र 43 वर्ष पति विनोद मरीक सा0 मानीपुर निवासी आज बुधवार दोपहर को झिगाझाल गांव से एक टोटो में बैठकर मानीपुर गांव आने के दौरान बिहाई मोड़ के समीप पहुंचते ही पोकलेन लोडेड एक ट्रेलर गाड़ी ने टोटो में जोरदार ठोकर मार दी जिसमें मालती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई।

# महाव्रत छठ को लेकर सजने लगा है बेलाउर का सूर्य धाम

## सफाई के साथ ही भैरवानंद पोखरा में पानी भरने का काम शुरू

- 22 मार्च को नहाय खाय
- 23 मार्च को खरना
- 24 मार्च को पहला अर्घ्य
- 25 मार्च को दूसरा अर्घ्य



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**उदवंतनगर (भोजपुर)।** उदवंतनगर बेलाउर स्थित ऐतिहासिक सूर्य धाम में महाव्रत की तैयारियां जोरों पर है। मंदिर प्रबंधन समिति तथा स्वयं सेवक चैती छठ व्रत को लेकर साफ सफाई तथा रंग रोगन का कार्य में जुट गए हैं। सूखे पड़े भैरवानंद पोखरा को बोरिंग चला कर भरने का काम चल रहा है। व्रतियों को ठहरने के लिए धर्मशाला की सफाई कार्य तेजी से चल रही है। बेलाउर सूर्य मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी मिन्टू चौधरी ने बताया कि आगामी 24 मार्च को चैती छठ व्रत है। हर साल छठ व्रत के दिन हजारों की संख्या में व्रती बेलाउर सूर्य धाम पहुंचते हैं व सूर्य अराधना करते हैं। हालांकि भीषण गर्मी व तेज गर्म हवा के कारण चैती छठ अपेक्षाकृत कठिन होता है। फिर भी व्रती पूरे मनोयोग से सूर्य अराधना के लिए बेलाउर पहुंचते हैं। मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। तीन तरफ पक्का घाट बन चुके हैं। उत्तरी घाट का कार्य समाप्ति की ओर है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई कार्य शुरू है। इस कार्य में स्वंयसेवी मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों की मदद करते देखे जा सकते हैं। सूखे पड़े मंदिर पोखरा में बोरिंग के माध्यम से पानी भरा जा रहा है। हाई स्कूल के समीप से बोरिंग चला कर पानी करहा के माध्यम से भैरवानंद तालाब में गिराया जा रहा है। जेसीबी लगाकर करहे की सफाई की जा रही है जिससे पानी तालाब तक पहुंच सके। लाइट-साउंड आदि की व्यवस्था की जा रही है।

# सर्जरी या चोट से रिकवरी के लिए आवश्यक गैर-सर्जिकल उपचार है फिजियोथेरेपी : डॉ. दिव्य प्रकाश

## 29 मार्च को आयोजित होगा निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच एवं परामर्श शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** 'फिजियोथेरेपी दर्द प्रबंधन, गतिशीलता में सुधार और सर्जरी या चोट से रिकवरी के लिए एक आवश्यक गैर-सर्जिकल उपचार है। यह न केवल शरीर के मांसपेशियों को मजबूत करती है बल्कि जोड़ों के लचीलेपन को बढ़ाती है, इतना ही नही स्ट्रोक, हृदय रोगों, और उम्र संबंधी समस्याओं के प्रबंधन में भी मदद करती है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। उक्त बातें शहर के विष्णु नगर जेड चौक स्थित 'फिजियोहील' एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के संचालक फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने विशेष बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपी बिना दवा के पुरानी और तीव्र दर्द (जैसे पीठ, गर्दन, घुटने का दर्द) से राहत दिलाने में अत्यंत प्रभावी है। यह कई स्थितियों में सर्जरी को टाल सकती है। सर्जरी के बाद, यह रिकवरी प्रक्रिया को तेज करती है। यदि आपको चलने, खड़े होने या हिलाने-डुलाने में कठिनाई हो रही है, तो फिजियोथेरेपी आपकी शारीरिक कार्यक्षमता को पुर्नस्थापित करने में मदद करती है। डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया एथलीटों और कमजोर मांसपेशियों वाले लोगों के लिए, यह भविष्य की चोटों से बचने के लिए शरीर को मजबूत करती है और संतुलन में सुधार करती है। स्ट्रोक या पार्किंसंस जैसे तंत्रिका संबंधी विकारों वाले मरीजों के लिए, यह अंगों को मजबूत करने और संतुलन वापस पाने में अहम भूमिका निभाती है।

उन्होंने कहा कि यहां अब एडवांस इक्विपमेंट से आर्थो केस जैसे एसीएल/पीसीएल, लिगामेंट की सर्जरी के बाद के रिहैबिलिटेशन, साइंटिफिक एविडेंस बेस्ड ट्रीटमेंट और सीपीएम जैसे इक्विपमेंट और स्पोर्ट्स तक ट्रेनिंग के लिए रिहैब किया जाता है। स्ट्रोक यानी लकवा के मरीज की रिहैबिलिटेशन के लिए स्पेशलाइज्ड सेटअप जैसे स्टैंडिंग फ्रेम, हैंड रिहैब और एडवांस्ड एविडेंस बेस्ड ट्रीटमेंट किया जाता है, जिससे मरीजों की रिकवरी फास्ट हो जाती है। उन्होंने बताया कि 'फिजियोहिल' एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में अगामी 29 मार्च को निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित होगा। जिसमें शिविर में मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप में शामिल होने वाले मरिजो का अभी से ही रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को इलाज में विशेष लाभ दिया जाएगा। इस वर्ष अगामी 19 अप्रैल, 24 मई, 28 जून, 26 जुलाई, 23 अगस्त, 25 अक्टूबर एवं 29 नवंबर को निःशुल्क फिजियोथैरेपी एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावे विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर अगामी 7-8 सितंबर 2026 को दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# श्रद्धालुओं ने जलभरी से की ग्राम देवी यज्ञ की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोइलवर (भोजपुर)।** चांदी गांव में श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर बुधवार को भक्ति, आस्था और उल्लास से सराबोर भव्य जलभरी शोभा यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया, जहां सुबह से ही गांव की गलियों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं, युवतियां, नवयुवक एवं पुरुष पारंपरिक पीत वस्त्र धारण कर बड़ी संख्या में इस पावन अनुष्ठान में शामिल हुए। हजारों श्रद्धालु सिर पर कलश लिए ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच चाँदी गांव से सोन नदी के लिए रवाना हुए। चाँदी चौक से शुरू हुई यह शोभायात्रा बहियारा पहाड़ी बाबा सोन नदी घाट तक पूरे गाजे-बाजे, धूमधाम और जयघोष के साथ निकाली गई। शोभायात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी। हाथी, ऊंट, घोड़े और आकर्षक बैंड-बाजों की मधुर धुनों ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। सैकड़ों स्वयंसेवक हाथों में ध्वज लेकर अनुशासन के साथ यात्रा का संचालन करते हुए माता रानी के जयकारे लगाते चल रहे थे। वहीं, भक्ति संगीत की धुन पर युवाओं द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक एवं शास्त्रीय नृत्य ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चाँदी से निकली इस दिव्य कलश यात्रा को देखने के लिए चाँदी, बहियारा एवं आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग सड़क किनारे खड़े होकर इस अद्भुत दृश्य के साक्षी बने। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों की गूंज और श्रद्धालुओं की आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। करीब 11 बजे शोभायात्रा बहियारा पहाड़ी बाबा मंदिर के समीप सोन नदी घाट पहुंची, जहां ब्राह्मणों ने यजमानों से वैदिक विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कलश में सोन नदी का पवित्र जल भरा और पुनः पूरे श्रद्धाभाव के साथ चांदी गांव स्थित यज्ञशाला पहुंचे। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चाँदी थाना की पुलिस थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन के नेतृत्व में दल-बल के साथ तैनात रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। नौ दिनों तक चलने वाले इस भव्य यज्ञ के अंतर्गत गुरुवार को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं दुर्गा सप्तशती पाठ होगा। शुक्रवार को देव आह्वान, पूजन एवं जलाधिवास, शनिवार को अरणी मंथन एवं अधिवास, रविवार एवं सोमवार को नियमित देव पूजन, मंगलवार को विशेष ग्राम देवी पूजन, बुधवार को अधिवास तथा गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा। प्रतिदिन संध्या समय धार्मिक प्रवचन का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा।

# चैत्र नवरात्र : आरा की अधिष्ठात्री देवी हैं मां आरण्य देवी

## आरण्य देवी मंदिर में एक साथ विराजती हैं मां सरस्वती और महालक्ष्मी, आस्था का है केन्द्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** आरा की ऐतिहासिक आरण्य देवी का मंदिर द्वापरकालीन है। द्वापर युग में यहां पांडवों ने देवी का दर्शन किया था। इस मंदिर सालोंभर श्रद्धालु-भक्तों की भीड़ उमड़ी रहती है। चैत्र तथा शारदीय नवरात्र में यहां तिल रखने की जगह नहीं होती है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत है कि यहां पशु बलि नहीं दी जाती है। बल्कि मां को नारियल चढ़ाया जाता है। आरण्य देवी मंदिर में स्थापित बड़ी प्रतिमा को जहां सरस्वती का रूप माना जाता है, वहीं छोटी प्रतिमा को महालक्ष्मी का रूप माना जाता है। इस मंदिर में वर्ष 1953 में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुध्न व हनुमान जी के अलावे अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। बताया जाता है कि उक्त स्थल पर प्राचीन काल में सिर्फ आदिशक्ति की प्रतिमा थी। इस मंदिर के चारों ओर घनघोर वन था। पांडव वनवास के क्रम में आरा में ठहरे थे। पांडवों ने आदिशक्ति की पूजा-अर्चना की। मां ने युधिष्ठिर को स्वप्न में संकेत दिया कि वह आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित करे। धर्मराज युधिष्ठिर ने मां आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित की। कहा जाता है कि भगवान राम जी, लक्ष्मण जी और विश्वामित्र जी जब बक्सर से जनकपुर धनुष यज्ञ के लिए जा रहे थे, तब उन्होंने आरण्य देवी की पूजा-अर्चना की थी। तदोपरांत सोनभद्र नदी को पार किये थे।

### आरा शहर के नामकरण की प्रचलित हैं तीन कहानियां

आरा एक अति प्राचीन शहर है। आरा शहर के नामकरण की प्रचलित कथा कहानियों के अनुसार इसके ऐतिहासिक होने के प्रमाण भी मिलते रहते है, महाभारतकालीन अवशेष यहां के बिखरे पड़े हैं। पुराणों में लिखित मोरध्वज की कथा से भी इस नगर का संबंध बताया जाता है द्वापर युग में राजा मोरध्वज के समय चारों ओर वन था। घने जंगल से घिरा होने के कारण ये 'आरण्य क्षेत्र' के नाम से भी जाना जाता था। महाभारत काल में पांडवों ने भी अपना गुप्त वासकाल यहां बिताया था, बताया जाता है कि घने जंगल के बीच उक्त स्थल पर प्राचीन काल में सिर्फ आदिशक्ति की प्रतिमा थी।

### पांडवों ने की थी आदिशक्ति की पूजा-अर्चना

ऐसा किदवंती है की द्वापर युग में मां ने युधिष्ठिर को स्वप्न में संकेत दिया कि वह आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित करें। तब धर्मराज युधिष्ठिर ने मां आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित की थी। इसके बाद 'आरण्य क्षेत्र' आरण्य देवी के क्षेत्र से बहुत प्रसिद्ध होता गया। दूसरी कहानी जेनरल कनिंघम के अनुसार हुएनसांग द्वारा उल्लिखित कहानी का संबंध, जिसमें अशोक ने दानवों के बौद्ध होने के संस्मरणस्वरूप एक बौद्ध स्तूप खड़ा किया था, इसी स्थान से है। आरा के पश्चिम स्थित मसाढ़ ग्राम में प्राप्त जैन अभिलेखों में उल्लिखित 'आराम नगर' नाम भी इसी नगर के लिए आया है। तीसरी कहानी के अनुसार बुकानन ने इस नगर के नामकरण में भौगोलिक कारण बताते हुए कहा कि गंगा के दक्षिण ऊंचे स्थान पर स्थित होने के कारण, अर्थात आड या अरार में होने के कारण, इसका नाम 'आरा' पड़ा।

# मोतीहारी में सड़क हादसे में भोजपुर के बीएमपी जवान की मौत

## टाउन थाना क्षेत्र के एडीएम कार्यालय के समीप 16 मार्च की सुबह घटी घटना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) जिले के नगर थाना क्षेत्र के एडीएम ऑफिस के समीप दो दिन पूर्व सड़क हादसे में भोजपुर के बीएमपी जवान की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक जवान चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव वार्ड नंबर-3 निवासी स्व. रामानंद सिंह के 55 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र कुमार सिंह है। वह बिहार के बीएमपी पुलिस विभाग में हवलदार थे। वर्तमान में पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) जिले के बगहा अनुमंडल में एडीएम आवास में ड्यूटी पर तैनात थे। इधर, मृतक के परिजन ने बताया कि बीते 16 मार्च की सुबह वह एडीएम ऑफिस के समीप किसी कार्य से जा रहे थे। उसी दौरान बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। तब अन्य पुलिस कर्मियों के सहयोग से उन्हें बगहा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाएगा। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें रेफर कर दिया था। परिजन उन्हें पटना के निजी अस्पताल से वापस उनके घर भदवर गांव ले आए। जहां बुधवार की सुबह उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत जवान के परिवार में पत्नी सीता देवी, दो पुत्री प्रियंका, प्रिया व दो पुत्र सुधीर एवं सुभाष है। घटना के बाद में जवान के घर में हाहाकार मच गया है। उनकी पत्नी सीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भारतीय रेल आम आदमी...

अतिरिक्त रेलवे के पास अब लगभग 3.86 लाख वैगन और करीब 98,000 कोच उपलब्ध हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड स्तर है।

**सुरक्षा व्यवस्था में सुधार**

श्री वैष्णव ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। इसके लिए ट्रैक रखरखाव, रोलिंग स्टॉक के रखरखाव, अत्याधुनिक तकनीक को अपनाने और प्रशिक्षण पद्धतियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे दुर्घटनाओं में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है, जिसे 'रूट कॉज़ एनालिसिस' (व्यवस्थित मूल कारण का विश्लेषण) और सुधारात्मक उपायों के माध्यम से संभव बनाया गया है। सुरक्षा में निवेश भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है, जिसके तहत सुरक्षा संबंधी कार्यों के लिए लगभग 1.2 लाख करोड़ आवंटित किए गए हैं।

**यात्री सेवाएं और सस्ती यात्रा की सुविधा**

श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे आम नागरिकों के लिए किफायती यात्रा को प्राथमिकता देना जारी रखे हुए है। लगभग 70 प्रतिशत कोच जनरल और स्लीपर श्रेणी के हैं, जो अधिकांश यात्रियों के लिए सुलभता सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने सूचित किया कि अतिरिक्त जनरल कोच (सामान्य श्रेणी के डिब्बे) शुरू किए गए हैं, जिनमें वर्ष 2024-25 में लगभग 1,250 कोच और 2025-26 में करीब 860 कोच शामिल हैं। उन्होंने जानकारी दी कि रेलवे वर्तमान में प्रतिवर्ष लगभग 60,000 करोड़ की यात्री सब्सिडी प्रदान कर रही है, जो प्रति यात्री औसतन लगभग 45 प्रतिशत की छूट के बराबर है। इसके अतिरिक्त मुंबई जैसे उपनगरीय (सबअर्बन) इलाकों में लगभग 3,000 करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

**नई रेल सेवाओं की शुरुआत**

केंद्रीय मंत्री ने आधुनिक रेल सेवाओं की शुरुआत और उनके विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 160 से अधिक वंदे भारत सेवाएं संचालित हैं। साथ ही किफायती लंबी दूरी की यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली 60 अमृत भारत ट्रेन सेवाएं भी अपनी सेवाएं दे रही हैं।

### विकास योजनाओं में ...

बढ़ावा देने, स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने और निवेश को आकर्षित करने के लिए विभिन्न नीतियां लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि बिहार में उद्योग स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों को विशेष सुविधाएं और आर्थिक पैकेज दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सात निश्चय-3 कार्यक्रम के तहत 'ईज ऑफ लिविंग' को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल और सुगम बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य को देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# राज्यसभा मे उपेंद्र कुशवाहा का जाना बिहार के लिए बेहतर विकल्प : प्रो. राणा प्रताप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई दी हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बरीय नेता सह सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड आरा बक्सर के निदेशक प्रो राणा प्रताप कुशवाहा ने उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा सांसद पद पर पुनः निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि श्री कुशवाहा जात के नहीं जमात के नेता है। जबकि कुछ लोग उन्हें जात के नेता के रूप बांधना चाहते हैं। श्री कुशवाहा के निर्वाचित होने पर उनकी एक अलग पहचान बनी है। राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा कि उपेंद्र बाबू आज के जमाने के नहीं बहुत पहले के समाजवादी राजनेताओं में से एक हैं। उपेंद्र कुशवाहा का बिहार में एक अलग पहचान के रूप में व कार्यकर्ताओं का भारी संख्या बल है। उनका आज भी जनाधार समाज के साथ सभी जातियों में भी बेहतर है। जिसका समर्थन एनडीए के बरीय नेता भी करते हैं। बधाई देने वालों में ललन कुशवाहा, राजेश कुशवाहा प्रवीण सिंह, नागेंद्र यादव, महेंद्र सिंह अधिवक्ता, डॉ संजय यादव हरे कृष्णा दुबे शत्रुघ्न सिंह राधेश्याम सिंह रविंद्र सिंह आदि शामिल थे।

# रहस्यमय ढंग वृद्ध महिला गायब

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आनंदपुर थाना क्षेत्र के नारायणडीह गांव से एक वृद्ध महिला रहस्यमय ढंग गायब हो जाने की मामला सामने आयी है। जानकारी के अनुसार बीते 17 मार्च को शौच के निकली झुमिया देवी उम्र करीब 75 वर्ष पति नेपाली यादव सा0 नारायणडीह गांव निवासी रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। झुमिया देवी के पुत्र सुरेंद्र यादव ने बताया कि मां की मानसिक स्थिति ठीक नही था। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चला। घटना को लेकर किसी भी प्रकार की जानकारी थाना में नहीं दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया आवेदन देने पर खोजबीन की जाएगी। यदि परिवार वाले आवेदन देते हैं तो पुलिस आवश्यक कार्रवाई करते हुए महिला की खोजबीन करेगी।

# तृतीय रमेश मेमोरियल कप एलआरजेबीसीसी ने जीता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** स्थानीय महाराजा कालेज में आयोजित सात दिवसीय तृतीय स्वर्गीय रमेश मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एल आर जे बी सी सी बानाम भोजपुर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच का उद्घाटन पूर्व मेयर सुनील यादव, डा विजय कुमार गुप्ता, यशवंत सिंह, अशोक कुमार गोप ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। भोजपुर क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले एल आर जे बी सी सी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। आमंत्रण को स्वीकार करते हुए एल आर जे बी सी सी पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर के मैच में 4 विकेट खोकर कर 272 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। एक समय एल आर जे बी सी सी का महज 36 रन पर दो विकेट गंवा दिए। दो विकेट गिरने के बाद हरफौन मौला खिलाड़ी विपिन सौरभ ने परी को सम्भालते हुआ नाबाद 151 रनों की परी महज 74 गेंदो पर पुरा किया। अंकुश ने 26 रन, आकाश ने 20 रन, अतुल ने 46 रनों का योगदान दिया। भोजपुर क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए रोहित सिंह ने सर्वाधिक तीन विकेट, सागर को एक विकेट प्राप्त हुआ। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोजपुर क्रिकेट अकादमी ने 5 विकेट खोकर 217 रन ही बना पाई। मैन ऑफ़ द मैच का नगद राशि डॉ विजय कुमार गुप्ता द्वारा प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का मैन ऑफ द सीरीज विपिन सौरभ को चुना गया। सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो और कप से विधायक राकेश ओझा, कनक लता कुमारी प्रचार्या महाराजा कालेज, डा विजय कुमार गुप्ता, यशवंत सिंह, अशोक कुमार गोप, शम्भू कुमार, राज कुमार, नविन कुमार, बब्लू कुमार, राजिव कुमार कान्तु जी ने पुरस्कृत किया।इस मौके पर पूर्व क्रिकेटर आशिष कुमार, राजिव कुमार सिंह, कुमार विजय, रवि कुमार, संजय कुमार, गौरव कुमार, जितेंद्र कुमार, करण कुमार, आंचल कुमार, विक्की उपस्थित थे।इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में दीपु प्रिंस, प्युष, आशिष रौशन, सोनू,चन्दन, अमन, आयुष, पंकज, रोचक, अभय, आकाश आदि अहम भूमिका निभाई। इस आशय की जानकारी स्वर्गीय रमेश मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के संयोजक अभिषेक रंजन ने दी।

# समय सीमा के अंदर निकाले जाएंगे जुलूस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बौंसी/बांका।** बौंसी थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित इस बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इन्द्रजीत बैठा, प्रखंड विकास पदाधिकारी हर्ष प्रासर, इंस्पेक्टर मनीष कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी सोनाली कुमारी और थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना रहा। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि सभी जुलूस निर्धारित मार्ग और समय सीमा के अंदर ही निकाले जाएंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। प्रशासन की ओर से यह भी साफ कर दिया गया कि डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पूजा समिति के सदस्यों और गणमान्य लोगों ने प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि बौंसी की पहचान आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के लिए रही है, जिसे हर हाल में बनाए रखा जाएगा। त्योहारों के इस दौर में प्रशासन और आमजन की साझा पहल से शांति और सद्भाव का संदेश और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# स्कॉर्पियो व बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धोरैया (बांका)।** धोरैया-पंजवारा मुख्य मार्ग पर बेलडीहा गांव के समीप एक स्कॉर्पियो एवं बाइक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी रूपेश मालदार नवादा बाजार थाना क्षेत्र के मीर नगर गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार रूपेश बाइक से अपने ससुराल गोड्डा से वापस अपने पैतृक गांव लौट रहा था। बेलडीहा गांव स्थित शिव मंदिर के समीप पहुंचा स्कॉर्पियो और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरा और उसके मुंह में गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही धोरैया थाना की डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और जख्मी युवक को तुरंत धोरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योति राजोवर ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु मायागंज भागलपुर रेफर कर दिया।

# छठव्रतियों की सुविधाओं को लेकर जिला प्रशासन गंभीर : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** देव प्रखंड स्थित चैती छठ मेला क्षेत्र का जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण क्रम में देव सूर्यकुंड एवं रूद्र कुंड छठ घाटों का निरीक्षण करते हुए घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, बैरिकेडिंग, जलस्तर की स्थिति तथा आवागमन की व्यवस्था का जायजा लिया गया। मेला क्षेत्र में स्थापित सभी ड्रॉप गेट, बैरिकेडिंग एवं प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के ठहराव हेतु चिह्नित आवासन स्थलों का निरीक्षण कर वहां साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल, प्रकाश एवं चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। निर्माणाधीन आवासन स्थलों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर उन्हें समय पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि मेला अवधि के दौरान पर्याप्त संख्या में चिकित्सीय दल, एम्बुलेंस एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिला परिवहन पदाधिकारी को यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने, पार्किंग स्थलों का समुचित निर्धारण करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को मेला क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। स्वच्छता व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु संबंधित निकायों को नियमित सफाई, कचरा निष्पादन एवं पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, डीपीएम स्वास्थ्य मोहम्मद अनवर आलम, अंचल अधिकारी देव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# समृद्धि यात्रा के दौरान कल मुख्यमंत्री करोड़ों की विकास योजनाओं का करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समृद्धि यात्रा के दौरान कल 20 मार्च को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार औरंगाबाद पहुंचेंगे। इस क्रम में उनके माध्यम से जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया जाएगा। समृद्धि यात्रा के दौरान कुल 120 योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा, जिसकी कुल प्राक्कलित लागत 55,506.7784 लाख है। लघु जल संसाधन विभाग, बिहार द्वारा 75 योजनाएं (19,141.3570 लाख), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि., गया द्वारा 2 योजनाएं (1,100.1900 लाख), स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद / योजना एवं विकास विभाग, बिहार द्वारा 3 योजनाएं (88.7700 लाख), बिहार चिकित्सा सेवा एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड द्वारा 1 योजना (964.0000 लाख), नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार द्वारा 19 योजनाएं (1,734.9464 लाख), पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा तीन योजनाएं (29,725.7250 लाख), नगर पंचायत, बारून द्वारा 9 योजनाएं (152.1000 लाख), भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा 1 योजना (1,973.2600 लाख), बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, मगध प्रमंडल कैम्प, डेहरी-ऑन-सोन द्वारा 7 योजनाएं (626.43 लाख) शिलान्यास किया जाएगा। इसके अलावा कुल 142 योजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा, जिनकी कुल प्राक्कलित लागत 12,318.5076 लाख रूपये है। लघु जल संसाधन विभाग, बिहार द्वारा 86 योजनाएं (6,422.6070 लाख), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि. द्वारा 2 योजनाएं (1,184.9700 लाख), स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद / योजना एवं विकास विभाग, बिहार द्वारा 2 योजनाएं (495.1700 लाख), ग्रामीण विकास विभाग, बिहार द्वारा 29 योजनाएं (289.3420 लाख), नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार द्वारा 7 योजनाएं (763.2675 लाख), भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा 2 योजनाएं (1,087.0600 लाख), पंचायती राज विभाग, बिहार द्वारा 11 योजनाएं (1,379.3600 लाख) एवं बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, मगध प्रमंडल कैम्प, डेहरी-ऑन-सोन द्वारा 3 योजनाएं (696.7310 लाख) का उद्घाटन किया जाएगा।

# औरंगाबाद के आइएएस विवेक कुमार बने उत्तरी दिनाजपुर के डीएम



**औरंगाबाद/कोलकाता(नबिटा ब्यूरो)।** बुधवार को पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए 13 आईएएस अधिकारियों को विभिन्न जिलों में जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। इस सूची में औरंगाबाद निवासी 2016 बैच के आइएएस अधिकारी विवेक कुमार को उत्तरी दिनाजपुर का जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्तियां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई हैं। इससे पहले मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों का भी तबादला किया गया था। नए नियुक्त अधिकारियों में जितिन यादव को कूचबिहार, संदीप घोष को जलपाईगुड़ी, विवेक कुमार को उत्तरी दिनाजपुर, राजनवीर सिंह कपूर को मालदा, आर. अर्जुन को मुर्शिदाबाद, रणधीर कुमार को कोलकाता साउथ और हरिशंकर पनिकर को दार्जिलिंग के जिलाधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि विवेक कुमार औरंगाबाद के पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह और लीना सिंह के सुपुत्र हैं।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ना सरकार का लक्ष्य : डॉ सुधीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय की ओर से जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें छह प्रतिष्ठित निजी कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार मेला में 10वीं, 12वीं और स्नातक पास युवक और युवतियों को सीधे नौकरी का अवसर प्रदान किया गया। इस रोज़गार मेले में योग्य एक सौ अभ्यर्थियों का अलग-अलग पदों पर चयन किया गया। इस अवसर पर सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के



प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है ताकि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी तथा पलायन की समस्या को कम किया जा सके। मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आयी छह प्रतिष्ठित कंपनियों की ओर से स्टॉल लगाये गये थे। यह रोजगार मेला युवक और युवतियों के लिए सुनहरा अवसर है, जहां शिक्षा से लेकर कौशल के आधार पर सीधी नियुक्ति और व्यावसायिक मार्गदर्शन दोनों मिला। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है। जहां बड़ी संख्या में रोजगार पाकर आत्म निर्भर बनेंगे। स्थानीय स्तर पर युवतियां रोजगार प्राप्त करेंगी। उन्होंने कहा कि सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया गया है। बीते 10 मार्च को पटना में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई थी जिसमें शिक्षा मंत्री ने कहा कि जो कॉलेज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस घोषित किए गए है। वहां के प्राचार्य कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ प्लेसमेंट सेल को एक्टिव करें। ताकि अधिक से अधिक बच्चों का चयन हो। जहां वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई नहीं होती है, उस कॉलेज की रैंकिंग कम होता है। सभी कॉलेजों को अधिक से अधिक सेल्फ एम्प्लॉयमेंट पर जोर देना चाहिए। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़े कॉलेज प्रशासन के साथ साथ जिला नियोजनालय के पदाधिकारी व कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अलग-अलग मामलों में 54 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 54 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 24 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार पॉक्सो एक्ट मामले में 1, एसटी-एससी एक्ट में 1, हत्या के प्रयास में 3, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य मामलों में 39 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 127.50 लीटर देसी शराब, 800 लीटर स्प्रिट , 1 पिकअप, 1 कार, 2 मोबाइल फोन एवं 550 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1236 वाहनों की जांच की गई जिसमें 116000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 13 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# ईद को लेकर प्रशासन सतर्क, सोशल मीडिया पर पैनी नजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ आगामी ईद पर्व के मद्देनजर विधि-व्यवस्था से संबंधित समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद जिले से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सचिव द्वारा सभी जिलों को निर्देशित किया गया कि ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। सभी संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाए। साथ ही, विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर गश्ती, चौकसी एवं सतर्कता बरती जाए। मुख्य सचिव द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि पेयजल की उपलब्धता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा यातायात प्रबंधन को लेकर संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा गया कि ईद पर्व के अवसर पर सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ एवं सुचारू रखी जाएं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर सतर्क निगरानी रखी जाए तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं के प्रसार पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर निगरानी बनाए रखें तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें।

# पिकअप से स्प्रिट की बड़ी खेप जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फ़ेसर पुलिस ने देर रात स्प्रिट से लदा एक पिकअप वाहन जब्त किया है। इतनी भारी मात्रा में स्प्रिट से बड़ी मात्रा में देसी शराब बनाने की तैयारी थी। यह बरामदगी थाना क्षेत्र के चतरा मोड़ से की है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए तस्करों की पहचान गया जिले के डुमरिया निवासी अभय कुमार एवं औरंगाबाद जिले के नरारी कलां खुर्द निवासी मंटू कुमार के रूप में की गई है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि स्प्रिट झारखंड के छतरपुर से लाया जा रहा है और इसे रफीगंज थाना क्षेत्र के बौर-बहादुरपुर निवासी बीरन पासवान को डिलीवरी करना था। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना क्षेत्र के चतरा मोड़ पर रात्रि गस्ती के दौरान पुलिस ने एक पिकअप वाहन को रुकने का इशारा किया लेकिन चालक भगाने का प्रयास किया जिसे पीछा कर धर दबोचा गया। इसके बाद पिकअप से 20 गैलन में 800 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है। यह शराब कारोबार के एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा प्रतीत होता है, जो नकली शराब बनाने के लिए कच्चे स्प्रिट का उपयोग करते है। मामले की गहन जांच जारी है। इससे जुड़े अन्य लोगों की खोज की जा रही है। इस कार्रवाई ने नकली शराब के रैकेट को बड़ा झटका दिया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# खुदवां पैक्स के लिए उत्साह के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**ओबरा।** प्रखंड के खुदवां पैक्स अध्यक्ष पद के लिए तिलक मध्य विद्यालय, खुदवां स्थित मतदान केंद्र पर सुबह 7 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई, जो शाम 4:30 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतदान केंद्र पर सुबह से ही मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। लंबी कतारों में खड़े होकर लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बार अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी आमने-सामने हैं—वर्तमान पैक्स अध्यक्ष विजेंद्र कुमार शर्मा और प्रियंका देवी। दोनों उम्मीदवारों के समर्थकों में भी मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। मतदाता अपने-अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए उत्सुक नजर आए। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार राजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनिस सलीम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मतदान केंद्र पर मौजूद रहकर स्थिति की निगरानी करते रहे। सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनिस सलीम ने बताया कि मतदान निर्धारित समय तक शांतिपूर्वक चला। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार राजन ने कहा कि पूरे चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया। कुल मिलाकर खूदवां पैक्स चुनाव में मतदाताओं का उत्साह और प्रशासन की मुस्तैदी ने स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान की तस्वीर पेश की। अब सभी की नजरें चुनाव परिणाम पर टिकी हैं।


# निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण कार्य में अनियमितता उजागर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रेम प्रकाश रंजन ने बुधवार को कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के देवरिया-सूही ग्रामीण पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क के निर्माण कार्य में लापरवाही को देखकर उन्होंने एई अमरनाथ गुप्ता और जेई विनय कुमार को फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान एसई ने पाया कि सड़क निर्माण के दौरान दोनों किनारों पर मिट्टी भरावट का कार्य पूरा नहीं किया गया है। इसके अलावा पीसीसी ढलाई के दौरान कई मोड़ों पर सड़क की चौड़ाई मानकों के अनुपात में कम पाई गई। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र सड़क को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने का निर्देश दिया। उक्त सड़क को पीएचईडी विभाग के संवेदक के द्वारा इजाजत के बगैर नल-जल योजना कार्य के लिए क्षतिग्रस्त किए जाने पर आपत्ति जताई और सड़क के मरम्मत का निर्देश दिया। मुखिया मंजीत यादव, सरपंच अभिमन्यु मेहता, विनय सिंह, प्रमोद पांडेय, सुदर्शन पांडेय, अजीत कुमार, रौशन कुमार, अर्जुन पासवान आदि लोगों ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जल्द से जल्द सड़क का मरम्मत कराने की मांग की है।

# बेहतर कार्य करने वाले प्रशंसा के पात्र : प्रधान जिला जज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय में गत 14 मार्च को आयोजित आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति और सुलह के माध्यम से बड़ी संख्या में लंबित मामलों के सफल निपटारे के बाद, योगदान देने वाले न्यायिक एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों तथा पैनल अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार द्वारा परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रदीप चन्द, दाउदनगर अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी चतुर्थ विकास कुमार, दाउदनगर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी आशीष कुमार, जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार, राणा सरोज कुमार सिंह एवं कृष्ण प्रताप सिंह, पैनल अधिवक्ता को सम्मानित किया। प्रधान जिला जज ने कहा कि लोक अदालत न्याय सुलभता का सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा त्वरित एवं सुलभ न्याय सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने संबधित पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं एवं खनन पदाधिकारी के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में इसी प्रकार की सहभागिता की अपेक्षा व्यक्त की। उपस्थित सभी व्यक्तियों ने लोक अदालत की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया गया तथा न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया गया। प्रधान जिला जज ने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले हमेशा प्रशंसा के पात्र होते हैं। जब कोई व्यक्ति अपने काम में उत्कृष्टता, समर्पण और ईमानदारी दिखाता है, तो उसकी सराहना करना न केवल उसे प्रोत्साहित करता है, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनता है।

# दूसरी बार निर्विरोध पैक्स अध्यक्ष बने अनुज सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** पैक्स चुनाव में निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ द्वारा मदनपुर पैक्स अध्यक्ष अनुज सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इस अवसर पर अनुज कुमार सिंह ने कहा कि वह किसानों के विश्वास और भरोसे ने मुझे निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होंने अपने मतदाताओं से वादा किया कि वह नेता नहीं, बल्कि पुत्र की भांति जनता की सेवा करेंगे और विकास कार्यों में पूरी निष्ठा से जुटेंगे। उनका यह निर्णय स्थानीय लोगों के बीच उत्साह और भरोसे का माहौल बना गया। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष शमशेर सिंह उर्फ प्रवीण सिंह, पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, नीरज चौहान, धीरज सिंह उर्फ गुड्डू, अशोक सिंह, टुनटुन सिंह, कांति देवी ने खुशी जाहिर की है। वहीं प्रखंड में बुधवार को दो पैक्स के लिए मतदान कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न बूथों पर मतदाताओं बड़ी भीड़ देखी गई। खिरियावा पैक्स के चार बूथों पर मतदान हुआ जहां 2144 मतदाताओं में 1176 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया। वहीं एरकी कला में बनाए गए तीन बूथों पर 1796 मतदाताओं में 857 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सोन कैनाल से अधेड़ का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सोन कैनाल में मंगलवार को डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के 15 घंटे बाद मृतक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के उपरांत शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन कैनाल की है। मृतक की पहचान दाउदनगर निवासी 50 वर्षीय संजय सोनी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार पैर फिसलने से संजय सोन कैनाल में जा गिरे और डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों और स्थानीय प्रशासन के द्वारा काफी खोजबीन के बाद संजय का शव कैनाल से बरामद किया गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार सोन कैनाल में डूबने से व्यक्ति की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रामनवमी पर 28 मार्च को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, भगवामय होगा औरंगाबाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर में आगामी 28 मार्च को रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर शहर की चार प्रमुख पूजा समितियों—श्री सरस्वती सुशोभित समिति ट्रस्ट काली क्लब, श्री रामनवमी पूजा समिति सत्येंद्र नगर, मां शक्ति आराध्य समिति महावीर मंदिर एवं श्री राम-जानकी ठाकुरबाड़ी समिति शाहपुर द्वारा संयुक्त रूप से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार की शोभायात्रा को पहले से अधिक भव्य, आकर्षक और अनुशासित बनाया जाएगा। बैठक में शोभायात्रा की तैयारियों को



लेकर विभिन्न समितियों के बीच जिम्मेदारियों का भी बंटवारा किया गया। आयोजन के दौरान आकर्षक झांकियां, धार्मिक ध्वज, बैंड-बाजे और भक्ति गीतों के माध्यम से पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में रंगने की योजना बनाई गई है। बैठक के उपरांत प्रखंड कार्यालय मोड़ पर विधिवत पूजा-अर्चना कर महावीरी झंडा फहराया गया। श्रद्धालुओं के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर मुखिया शशिभूषण सिंह, नवीन कुमार सिन्हा, प्रेम प्रकाश गुप्ता, विकास बारुद एवं रंजय अग्रहरी ने बताया कि झंडा फहराना शोभायात्रा की तैयारी का शुभारंभ माना जाता है, जिससे लोगों में उत्साह का संचार होता है। कार्यक्रम के तहत 19 मार्च को जलभरी यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। वहीं 27 मार्च को पैदल संपर्क यात्रा का आयोजन होगा। इसके बाद 28 मार्च को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। सदस्यों ने निर्णय लिया कि पूरे शहर को भगवामय बनाया जाएगा। इसके तहत हर गली, मोहल्ले और प्रमुख चौक-चौराहों पर भगवा झंडे लगाए जाएंगे। आम लोगों से भी अपील की गई है कि वे अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर झंडा लगाकर इस धार्मिक आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। यह न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का भी माध्यम है। सभी नागरिकों से इस आयोजन को सफल बनाने और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है। शहरवासियों में शोभायात्रा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों का दावा है कि इस बार की शोभायात्रा अपने भव्य स्वरूप और व्यापक भागीदारी के कारण एक नई पहचान स्थापित करेगी। इस अवसर पर शशांक शेखर आसू, सचिन कुमार, रंजीत कुमार, प्रिंस सिंह, राकेश सिंह, मुकेश सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।